माननीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी 2047 में विकसित भारत का स्वप्न लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इन आईआईटीज़ और आईआईएम्स में पढ़ाई का मकसद अच्छी नौकरी पाना तो है, मगर उसी तरह ऐसे कोर्स शुरू किए जाएं, जिनका उद्देश्य उद्योग लगाना, स्टार्टअप शुरू करना और उत्पादन से जुड़े काम खड़े करना हो। माननीय महोदय, इन कोर्सों में छात्रों को सिखाया जाए कि उद्योग कैसे शुरू किया जाता है, सरकारी नियम और लाइसेंस कैसे लिए जाते हैं और पूँजी व निवेश की व्यवस्था कैसे होती है। बाजार और निर्यात कैसे किया जाता है। एमएसएमई, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं का जमीनी लाभ कैसे लिया जाए। यह सब केवल किताबों में नहीं, बल्कि व्यावहारिक रूप से सिखाया जाए। यदि ऐसे कोर्स शुरू किए जाते हैं, तो देश में नए उद्योग लगेंगे। स्थायी रोजगार के अवसर पैदा होंगे। युवाओं का विदेश जाना कम होगा और स्थानीय स्तर पर स्टार्टअप और छोटे उद्योग मजबूत होंगे। इससे आत्मनिर्भर भारत का जो सपना माननीय प्रधानमंत्री और देश की जनता ने देखा है, वह तेजी से साकार होगा। अतः माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूँ कि आईआईटी, आईआईएम और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में ऐसे उद्योग और स्टार्टअप आधारित कोर्स शुरू करने पर गंभीरता से विचार किया जाए, ताकि हमारा युवा केवल नौकरी करने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बने। यह बात मैं आपके सामने रखना चाहता हूँ।

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by hon. Member, Shri Mayankkumar Nayak: Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh), Shri Kanad Purkayastha (Assam), Shri Sadanand Mhalu Shet Tanavade (Goa), Shri Pradip Kumar Varma (Jharkhand), Shri Sujeet Kumar (Odisha), Shri Mahendra Bhatt (Uttarakhand), Shri Madan Rathore (Rajasthan), Shrimati Ramilaben Becharbhai Bara (Gujarat), and Dr. Sasmit Patra (Odisha).

MR. CHAIRMAN: Shri Digvijaya Singh.

Contents Page

### Demand for restoration of GI tag for Madhya Pradesh Basmati rice to protect farmers' interests

**श्री दिग्विजय सिंह**(मध्य प्रदेश): माननीय सभापति महोदय, मध्य प्रदेश में प्रति वर्ष 4,00,000 मीट्रिक टन से अधिक बासमती चावल का उत्पादन होता है। मध्य प्रदेश का बासमती चावल अन्य राज्यों से भी अच्छी किस्म का है। किंतु जीआई टैग न मिलने के कारण पंजाब और अन्य राज्यों के व्यापारी मध्य प्रदेश के बासमती चावल पर अपने राज्यों का जीआई टैग लगाकर उसे निर्यात करके लाभ कमा रहे हैं। इससे मध्य प्रदेश के किसानों को उनके हक से वंचित किया जा रहा है। उन्हें अपने द्वारा उत्पादित बासमती चावल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। मध्य प्रदेश को बासमती चावल के लिए जीआई टैग दिलाने के हमारे बड़े प्रयास रहे हैं। तब मैं सांसद नहीं था, इसके बावजूद भी हम लोगों ने माननीय शरद पवार साहब के साथ मिलकर 2013 में मध्य प्रदेश में पैदा होने वाले बासमती चावल का जीआई टैग स्वीकृत करा दिया था, किंतु 2016 में मोदी जी की सरकार आने के बाद हमारा वह जीआई टैग निरस्त कर दिया गया। यदि मध्य प्रदेश को जीआई टैग मिल जाता है, तो मध्य प्रदेश से 40 प्रतिशत बासमती चावल का निर्यात किया जा सकता है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के आसपास अलग-अलग उत्पादों के लिए 77 जीआई टैग हैं। उन्हें प्रधान मंत्री जी के निर्देश पर एक ही दिन में 21 जीआई टैग प्रदान किए गए, लेकिन मध्य प्रदेश का जीआई टैग नहीं दिया गया। मध्य प्रदेश के मामले में सरकार और एपीडा निष्क्रिय है। महोदय, इस मामले में मेरे द्वारा दिनांक 1/12/2025 को माननीय प्रधान मंत्री जी को पत्र लिखकर मध्य प्रदेश को बासमती चावल के लिए जीआई टैग देने का निवेदन किया गया था, लेकिन उन्होंने उस पर आज तक कोई निर्णय नहीं लिया है। यह माननीय सभापति महोदय, हम लोगों का दुर्भाग्य है कि देश के कृषि मंत्री आज मध्य प्रदेश के हैं, जो लगभग 12 साल तक चीफ मिनिस्टर रहे, लेकिन आज कृषि मंत्री होने के नाते भी उन्होंने हमारे बासमती चावल जीआई टैग नहीं दिया। जबकि अधिकांश बासमती चावल उन्हीं के चुनाव क्षेत्र में पैदा होता है। माननीय सभापति महोदय, मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूँ कि मध्य प्रदेश के बासमती चावल को जीआई टैग नहीं मिलने के कारण इस संदेह को बल मिलता है कि कहीं सरकार और अन्य राज्यों के व्यापारियों की साठगांठ के कारण ऐसा तो नहीं हो रहा है। मध्य प्रदेश के किसानों के हित में सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेकर तत्काल मध्य प्रदेश को बासमती चावल के लिए जीआई टैग देना चाहिए।

माननीय सभॉपति महोदय, यह भी हमारा दुर्भाग्य है कि हमारा यूएस के साथ जो ट्रेड एग्रीमेंट हुआ है, उसमें अमेरिका का एग्रीकल्चर मिनिस्टर तो यह बात कह रहा है, लेकिन हमारे भारत के कृषि मंत्री इस मामले में चुप हैं। उन्हें स्पष्टीकरण देना चाहिए कि आखिर यूएस के साथ जो नया समझौता हुआ है, उसमें कृषि क्षेत्र में हमारे उत्पादकों और किसानों के साथ कोई अन्याय तो नहीं होगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: The hon. Member, Dr. Sasmit Patra (Odisha) associated himself with the matter raised made by hon. Member, Shri Digvijaya Singh. Shri Abdul Wahab; not present. Shri Sanjay Seth.

**Need for direct international flights from Lucknow to promote tourism and foreign exchange**

**श्री संजय सेठ** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं सदन का ध्यान उत्तर प्रदेश के अभूतपूर्व कायाकल्प की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। आज डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश देश की कनेक्टिविटी का ग्रोथ इंजन बन गया है। प्रदेश में वर्तमान में 16 हवाई अड्डे संचालित हैं, जिनमें 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट शामिल हैं और 5 का निर्माण जारी है। महोदय, इस विकास यात्रा का केंद्र हमारी राजधानी लखनऊ है, जो अब केवल प्रशासनिक राजधानी नहीं, बल्कि एक वैश्विक सांस्कृतिक और तकनीकी हब बन रही है। उज्बेकिस्तान में यूनेस्को के 43वें सत्र में लखनऊ को Creative City of Gastronomy घोषित किया जाना हमारी समृद्ध अवधि संस्कृति और खानपान का वैश्विक सम्मान है। साथ ही सरकार द्वारा AI City की घोषणा से यह शहर भविष्य में निवेश का केंद्र भी बन रहा है। हमारी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'One District, One Product' और 'One District One Cuisine' योजना के माध्यम से न केवल प्रदेश में खानपान को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि यह आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में एक सशक्त कदम है। इस बढ़ती हुई वैश्विक मान्यता को बढ़ावा देने के लिए चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का विस्तार युद्ध स्तर पर जारी है। नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल 3 के उद्घाटन के साथ इस हवाई अड्डे की क्षमता और सुविधाओं में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। आज इस हवाई अड्डे क्षमता 8 मिलियन यात्री की है तथा 2026 तक यह 14 मिलियन हो जाएगी। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण आस पास के अन्य जिलों के नागरिक भी हवाई यात्रा के लिए इसी एयरपोर्ट का प्रमुखता से उपयोग करते हैं, जिससे यह पूरा क्षेत्र एक लाइफलाइन बन गया है। यहां रनवे की लंबाई 3,500 मीटर की जा रही है। यह तकनीकी विस्तार गेम चेंजर साबित होगा, क्योंकि इसके पूरा होते ही लखनऊ से बोइंग 777, 747-8 और एयरबस A350 जैसे विशालकाय वाइड-बॉडी विमान उड़ान भरने में सक्षम हो जाएंगे। वर्तमान में लखनऊ से बैंकॉक और दुबई समेत 11 गंतव्यों के लिए उड़ानें तो हैं, लेकिन अमेरिका, यूरोप और सिंगापुर जैसे बड़े व्यापारिक केंद्रों को लिए यात्रियों को आज भी दिल्ली या मुम्बई पर निर्भर रहना पड़ता है।

अतः मेरा माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री जी से यह विनम्र अनुरोध है कि रनवे पूरा होते ही लखनऊ से इन देशों को जोड़ने के लिए bilateral agreement में प्राथमिकता दी जाए और लखनऊ से अमेरिका, यूरोप और सिंगापुर जैसे देशों के लिए डायरेक्ट फ्लाइट शुरू की जाए। यह कदम न केवल यात्रियों की सुविधा के लिए जरूरी है, बल्कि उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में भी निर्णायक सिद्ध होगा।

MR. CHAIRMAN: The hon. Member, Dr. Sasmit Patra (Odisha), associated himself with the matter raised by the hon. Member, Shri Sanjay Seth.

MR. CHAIRMAN: Now, Dr. Sandeep Kumar Pathak.

Contents Page

## Concern over the rising incidents of missing persons, particularly women and children, in the National Capital Territoryof Delhi

DR. SANDEEP KUMAR PATHAK (Punjab): Thank you, hon. Chairman, Sir, for giving me the opportunity to speak. सर, आज मैं इस सदन में ऐसा विषय उठाने जा रहा हूं, जिसको सुनकर आप सभी के दिल दहल जाएंगे और शायद आपको यकीन ही नहीं होगा कि यह सच है। सभापति महोदय, दिल्ली और देश में जो बच्चों की उठाईगिरी हो रही है, जो चोरी हो रही है, उसके बारे में मैं सदन में अपनी बात रखना चाहता हूं। ऑनरेबल चेयरमैन सर, दिल्ली पुलिस ने आरटीआई के एक डेटा में इन्फॉर्म किया कि 2024 में लगभग 6,000 बच्चे मिसिंग हो गए। उनकी उठाईगिरी हो गई या किसी भी तरीके से वे मिसिंग हो गए। ये सिर्फ 2024 की बात नहीं है। आप साल दर साल देखते जाएंगे, तो लगभग 6,000, 7000 बच्चे मिसिंग होते जा रहे हैं। मिसिंग होने वाले बच्चों में से 72 परसेंट गर्ल चाइल्ड हैं। जो बच्चे मिसिंग हो रहे हैं, उनमें से about 40 to 50 per cent belong to minor category. अगर एक साल में 6,000 बच्चे गायब हो रहे हैं, तो आप देखेंगे कि डेली 17 बच्चे मिसिंग हो रहे हैं और हर डेढ़ घंटे में एक बच्चा मिसिंग हो रहा है। अगर मैं पूरे देश की बात करूं, एनसीआरबी के डेटा के अनुसार 2022 में 83,350 बच्चे मिसिंग हो गए। उनमें से 72 परसेंट गर्ल चाइल्ड थीं और लगभग 50 परसेंट माइनर थे। ऑनरेबल चेयरमैन सर, इस हिसाब से हर घंटे 7 बच्चे मिसिंग हो रहे हैं और अगर देखें, तो हर 8 मिनट में 1 बच्चा गायब हो रहा है। By the time we complete this Zero Hour, you would be surprised to know that we may have lost 7 children in our country. दिल्ली देश की राजधानी है, लेकिन अगर आप देखेंगे, तो यह मिसिंग चाइल्ड में, उठाईगिरी में, बच्चों की गुमशुदगी में भी कैपिटल बन गई है। आप देखेंगे मुम्बई की तुलना में यह दिल्ली में 3.5 प्रतिशत ज्यादा है, बेंगलुरु की तुलना में 5.5 गुना ज्यादा है और कोलकाता की तुलना में दिल्ली में 14 गुना ज्यादा missing child हैं।

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by hon. Member, Dr. Sandeep Kumar Pathak: Shri Madan Rathore (Rajasthan), Shri Pradip Kumar Verma (Jharkhand) and Dr. Sasmit Patra (Odisha).

---

12.00 **Noon**

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### Pendency of cases

*61. SHRI RAJEEV SHUKLA: Will the Minister of LAW AND JUSTICE be pleased to state:

(a) whether the Ministry is aware that the problem of pendency is particularly acute at the lower levels of judiciary where the majority of cases are filed and where the shortage of judges is most severe;

(b) if so, whether any steps have been taken to address this issue; and

(c) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): (a) to(c) A statement is laid on the Table of the House.

**Statement**

(a) to (c) Pendency of cases in courts arise due to several factors which inter alia, include complexity of the facts involved, nature of evidence, co-operation of stakeholders, viz., bar, investigation agencies, witness and litigants, the availability of physical infrastructure, supporting court staff, etc. besides the shortage of judges. The disposal of cases is within the exclusive domain of the judiciary. However, the Central Government is committed for speedy disposal of cases and reducing pendency as mandated under Article 21 of the Constitution and has taken several initiatives to provide an ecosystem for faster disposal of cases by the judiciary.

i. The Government has been filling up vacancies of Judges in the Supreme Court of India and the High Courts from time to time. From 01.05.2014 to 19.01.2026, 72 Judges have been appointed in the Supreme Court. 1162 new Judges were appointed and 820 Additional Judges were made permanent in the High Courts during the same period. The sanctioned strength of Judges of the High Courts has increased from 906 in May, 2014 to 1122 till date. Further, filling up of vacant positions of the judicial officers in District and Subordinate courts is the responsibility of the High Courts and State Governments concerned. As per the Constitutional framework, in exercise of powers conferred under the proviso to Article 309 read with Articles 233 and 234 of the Constitution, the respective State Government, in consultation with the High Court, frames the rules and regulations regarding the appointment and recruitment of Judicial Officers. The Hon'ble Supreme Court vide order passed in January 2007 in the Malik Mazhar Sultan case, has inter-alia stipulated certain timelines, which are to be followed by the States and the respective High Courts for recruitment of judges in District and Subordinate Courts.

ii. The National Mission for Justice Delivery and Legal Reforms was set up in August, 2011, with the twin objectives of increasing access to justice by reducing delays in the system and enhancing accountability through structural changes and by setting performance standards and capacities.

iii. Under the Centrally Sponsored Scheme for Development of Infrastructure

Facilities for District and Subordinate Courts, a sum of Rs. 12,461.28 crore has been released since the inception of this Scheme in 1993-94. The number of Court halls has increased from 15,818 (as on 30.06.2014) to 22,683 (as on 31.12.2025) and the number of residential units has increased from 10,211 (as on 30.06.2014) to 20,029 (as on 31.12.2025), under this Scheme.

iv. The Phase-III of the eCourts Project (2023-2027) approved on 13.09.2023 with an outlay of Rs.7,210 crore to make justice delivery progressively more robust, easy and accessible. As on November, 2025, 618.36 crores pages of court records have been digitized in the High Courts and District Courts. More than 3.89 crore hearings have taken place through Video conferencing and live streaming is functional in 11 High Courts. The number of eSewa Kendras (facilitation centres) has increased to 2059 across High Courts and District Courts.

v. Arrears Committees have been set up in all 25 High Courts and the District Courts as well to clear cases pending for more than five years.

vi. Fast Track Courts have been established for expeditious trial of specific categories of cases including heinous crimes, cases involving women, children, persons with disabilities, individuals afflicted with terminal illnesses, and property related cases pending for more than five years. As per information received from the High Courts, 876 FTCs are functional across 21 States/UTs as on 30.11.2025. Further, ten Special Courts are functional in nine (9) States/UTs for expeditious trial and disposal of criminal cases involving elected MPs / MLAs.

vii. Under the Centrally Sponsored Scheme namely Fast Track Special Courts (FTSCs) Scheme, 774 Fast Track Special Courts (FTSCs) including 398 exclusive POCSO (ePOCSO) Courts are functional across 29 States/UTs as on 30.11.2025, for the expeditious disposal of pending cases of Rape and POCSO Act.

viii. The Government has also amended The Negotiable Instruments (Amendment) Act, 2018, The Commercial Courts (Amendment) Act, 2018, The Specific Relief (Amendment) Act, 2018, The Arbitration and Conciliation (Amendment) Act, 2019 and The Criminal Laws (Amendment) Act, 2018 with a view to reduce pendency.

ix. Alternate Dispute Resolution methods have been promoted. The Commercial Courts Act, 2015 was amended in August, 2018 making Pre-institution Mediation and Settlement (PIMS) mandatory in case of commercial disputes. Amendment to the Arbitration and Conciliation Act, 1996 has been made by the Arbitration and

Conciliation (Amendment) Act 2015 for expediting the speedy resolution of disputes by prescribing timelines.

x. Lok Adalat is an important Alternative Disputes Resolution Mechanism available to common people, where the disputes/ cases pending in the court of law or at pre-litigation stage are settled/ compromised amicably. Under The Legal Services Authorities (LSA) Act, 1987, an award made by a Lok Adalat is deemed to be a decree of a civil court and is final and binding on all parties and no appeal lies against it before any court. National Lok Adalats are organized simultaneously in all Taluks, Districts and High Courts on a pre-fixed date.

xi. The Government launched the Tele-Law program in 2017, which provides an effective and reliable e-interface platform connecting the needy and disadvantaged sections seeking legal advice and consultation with panel lawyers via video conferencing, telephone and chat facilities available at the Common Service Centres (CSCs) situated in Gram Panchayats and through Tele-Law mobile App. Pro bono culture and pro bono lawyering have been institutionalized in the country. Pro Bono Panel of advocates has been established in 23 High Courts. Pro Bono Clubs have been started in 109 Law Schools to instill Pro Bono culture in budding lawyers.

MR. CHAIRMAN: First supplementary, Shriman Rajiv Shukla.

**श्री राजीव शुक्लाः** सर, सरकार का इस प्रश्न का जो जवाब आया है, मैंने देखा, अब तक पूरे देश में 5.5 करोड़ cases pending हैं और ज़्यादातर lower judiciary में हैं। इनमें से 70-80 परसेंट cases lower judiciary में हैं। वहाँ भी vacancies बहुत हैं। हर हाई कोर्ट में vacancies हैं। इससे disposal की बहुत बड़ी समस्या हो रही है। Lower judiciary में infrastructure बिल्कुल नहीं है, वहाँ बहुत परेशानियाँ हैं। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूँ कि क्या वे judicial reforms के लिए कुछ कर रहे हैं? क्या इस तरह का प्लान है, जैसे पहले एक बार National Judicial Appointment Commission आया था? क्या सरकार उसको फिर से लाने की कोई बात सोच रही है? अगर आप judicial reforms नहीं करेंगे, तो कुछ नहीं होने वाला है। आप इसको सिर्फ collegium system पर छोड़ देंगे, तो यह ठीक नहीं है। हर हाई कोर्ट में आधी strength पर काम हो रहा है और लोअर कोर्ट में तो बहुत बुरा हाल है, जो हाई कोर्ट और राज्य सरकारों के माध्यम से होता है। इस संबंध में आप हमें यह बताइए कि judicial reforms के लिए National Judicial Appointment Commission के ऊपर कुछ करने की आपकी कोई योजना है या नहीं है?

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

**श्री अर्जुन राम मेघवालः** चेयरमैन सर, भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में judiciary governance system का एक independent organ है तथा judiciary सभी मामलों को सँभालने में सक्षम भी है।

इसी संवैधानिक व्यवस्था में हमारी सरकार judiciary की independence को लेकर पूर्णतया प्रतिबद्ध भी है। वह न्यायपालिका के साथ मिल कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास करती है कि जजों को अपने judicial functions करने के लिए conducive environment मिले, ताकि देश के नागरिकों तक न्याय की सर्वसुलभता सुनिश्चित हो सके। यह एक व्यवस्था है, जो संविधान ने हमें दी है। इन्होंने जो प्रश्न किया है, वह district judiciary के बारे में है, लेकिन इसमें इन्होंने हाई कोर्ट की बात भी कर दी, सुप्रीम कोर्ट की बात भी कर दी, National Judicial Appointment Commission की बात भी कर दी, जो इससे संबंधित नहीं हैं। लेकिन मैं फिर भी बताना चाहता हूँ कि pending cases को clear करना पूर्णतः न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में है। ...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्य, आपने प्रश्न किया है।

MR. CHAIRMAN: This is not correct. When you raise a question, you should remain present here to listen to the answer.

**श्री अर्जुन राम मेघवालः** आपने district judiciary से संबंधित प्रश्न किया है। मैं आपके सभी प्रश्नों का जवाब देने के लिए तैयार हूँ। चेयरमैन सर, 2014 में जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में जहाँ कुल sanctioned strength 19,518 थी, 2014 के बाद उसमें 6,376 पोस्ट्स बढ़ा कर अब हमारी जो कुल sanctioned strength है, वह 25,894 कर दी गई है। इसका मतलब sanctioned strength भी बढ़ी है। जजों के appointment वाले मामले में हाई कोर्ट और State Public Service Commission exam conduct करता है। District judiciary में जो appointments होते हैं, वहाँ नीचे लेवल पर एक exam होता है। उस exam के लिए या तो हाई कोर्ट exam conduct करता है या State Public Service Commission exam conduct करता है और कुछ direct recruitments वकीलों के माध्यम से भी होती हैं। जैसे यदि कोई seven years के experience वाला वकील है, तो वह भी सीधा ADJ बन सकता है। यह district judiciary में appointment की प्रक्रिया है। इनका जो supplementary था, वह National Judicial Appointment Commission के विषय में था। उसे लोक सभा ने भी पास किया, राज्य सभा ने भी पास किया। इनको भी पता है कि वह सुप्रीम कोर्ट में challenge हुआ और struck down हुआ। उसके बाद एक MoP की प्रक्रिया विचाराधीन है। वह MoP की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगला कदम उठाया जाएगा।

MR. CHAIRMAN: Second supplementary, Shriman Rajeev Shukla. You should be here till your question is over.

**श्री राजीव शुक्लाः** सर, मैं यह पूछना चाहता हूँ कि क्या Indian Judicial Service जैसा कुछ शुरू करने का आपका प्लान है? कई बार यह सुझाव आ चुका है। जैसे IAS, IPS के लिए है, उसी तरह Indian Judicial Service हो कि पहले वह लोअर कोर्ट में रहेगा, फिर हाई कोर्ट आएगा, फिर सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा। इस तरह के विचारों के माध्यम से कई बार इस तरह का सुझाव आ चुका है। क्या आपका इस तरह का कोई प्लान है? क्या आप इस लाइन पर सोच रहे हैं? यह मैं आपसे जानना चाहता हूँ। दूसरा, आप lower judiciary में भ्रष्टाचार के विरुद्ध क्या कर रहे हैं?

**श्री अर्जुन राम मेघवालः** चेयरमैन सर, इन्होंने इंडियन जुडिशियल सर्विस के गठन का विषय उठाया है। हमारे संविधान के आर्टिकल 312 में इसकी व्यवस्था की गई है। यह विषय कई बार चर्चा में आया और जो जजेज़ कॉन्फ्रेंस हुई, उसमें भी आया। यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट के यहां लंबित है। इसको किस रूप में लिया जाए, सबसे पहले इसको डिस्ट्रिक्ट ज्युडिशियरी में लागू करें, कैसे लागू करें, इसमें राज्यों के हाईकोर्ट्स से भी कंसल्टेशन प्रोसेस किया जा रहा है, यह विषय अभी पेंडिंग है।

MR. CHAIRMAN: Third supplementary, Dr. Kalpana Saini.

**डा. कल्पना सैनीः** माननीय सभापति जी, मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहती हूं कि क्या सरकार फास्ट ट्रैक कोर्ट, विशेष अदालतें और ई-कोर्ट में डिजिटल सुनवाई के माध्यम से निचली अदालतों की डिपेंडेंसी कम करने हेतु कोई विशेष मिशन मोड की योजना चला रही है?

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

**अर्जुन राम मेघवालः** चेयरमैन सर, यह फास्ट ट्रैक कोर्ट वाला विषय भी है। जो मामले पेंडिंग हैं, उनके लिए हमने सबसे पहले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी सुनवाई शुरू की है और aging analysis भी करना शुरू किया है कि कोर्ट्स में कितने पुराने मामले पेंडिंग हैं और जो हमारा e-courts project III है, जिसमें 7,210 करोड़ रुपये प्रधान मंत्री जी ने ज्युडिशियरी को उपलब्ध कराए हैं। उसके माध्यम से टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग करके, हम पेंडिंग केसेज़ को कम करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं।

MR. CHAIRMAN: Fourth supplementary, Dr. M. Thambidurai.

DR. M. THAMBIDURAI: Sir, the Minister has replied that there is pendency of cases in most of the courts, and he has also mentioned about the efforts that the Government has made to fill up all the vacancies in consultation with the Supreme Court. But, Sir, in spite of more appointment of Judges, the pendency is going on. There is a lot of demand from South to have a Supreme Court Bench in Chennai. That is the demand of Tamil Nadu people, and, our party, AIADMK, is also demanding that. I want to know whether the Minister will consider having that kind of a Bench of Supreme Court in Chennai. Sir, I also want to once again request the Minister to consider it. When our former Chief Minister, Amma Jayalalithaa, was there, she passed a Resolution in the Assembly to rename Madras High Court as Tamil Nadu High Court. That was the request made. I want to know whether you would consider these two factors which I am requesting.

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

**श्री अर्जुन राम मेघवालः** चेयरमैन सर, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न किया है, वे बहुत वैसे भी वरिष्ठ हैं कि सुप्रीम कोर्ट की बेंच साउथ में होनी चाहिए या और कहीं होनी चाहिए, यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचारार्थ आया, सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की और सुनवाई करके सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। The matter is settled by Supreme Court only. आपने जो दूसरा विषय रखा कि कुछ ऐसे हाई कोर्ट्स हैं, जिनके नाम अभी भी पुराने नाम से ही चल रहे हैं, जैसे इलाहाबाद हाई कोर्ट भी है और वैसे मद्रास हाई कोर्ट भी है। देश में ऐसे कई हाई कोर्ट्स हैं, जिनके नाम अभी वही हैं। अभी तो पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट एक ही है। वह एक ही है। वह पंजाब में अलग होना चाहिए और हरियाणा में अलग होना चाहिए। ये सारे मामले अभी हमारे कंसीडरेशन प्रोसेस पर ही हैं। इनका पत्र आया हुआ है। अभी वह कंसीडरेशन प्रोसेस में है।

MR. CHAIRMAN: Fifth supplementary, Prof. Manoj Kumar Jha.

**प्रो. मनोज कुमार झाः** माननीय सभापति महोदय, आपका शुक्रिया। इसी बीते जनवरी महीने में, माननीय मंत्री जी की ओर से, मेरे एक प्रश्न के जवाब में मुझे यह जानकारी मिली थी कि पूरे देश में lower judiciary में vacancies की क्या हालत है, including SC, ST and OBC reservation. मेरा प्रथम सवाल तो यह है कि एक सवाल के दो पहलू हैं। पहला पहलू यह है कि क्या इसके मद्देनजर कोई स्पेशल ड्राइव लाने की कोशिश हो रही है? दूसरा, जो मेरे लिए भी चिंता का विषय हुआ था, माननीय सभापति जी, जब मैंने दिल्ली के आंकड़े देखे, तो उसमें ओबीसी शून्य था, इस संबंध में मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूँ कि क्या इस दिशा में कोई पहलकदमी हो रही है?

**श्री सभापतिः** ऑनरेबल मिनिस्टर।

**श्री अर्जुन राम मेघवालः** ऑनरेबल चेयरमैन सर, यह जो प्रश्न है, यह डिस्ट्रिक्ट जूडिशरी से संबंधित है। माननीय सदस्य ने पहले जो प्रश्न किया था, उसका जवाब भी हमने इनको लिखित में दिया था कि किस तरह से अलग-अलग राज्यों में एग्ज़ाम लिए जाते हैं और कैसे रिजर्वेशन, जो लोअर जूडिशरी में है, डिस्ट्रिक्ट जूडिशरी में है, वह मेंटेन किया जाता है। जैसे मैंने कहा कि 16 राज्यों में तो स्टेट पब्लिक कमीशन एग्ज़ाम लेती है और 13 राज्यों में हाई कोर्ट्स एग्ज़ाम लेते हैं और उसमें जो रिजर्वेशन है एससी-एसटी का, वह उसमें मेंटेन किया जाता है। इस बार तो महिलाएँ भी बड़ी संख्या में आ रही हैं। जूडिशरी अकादमी में कभी जाने का अवसर मिलता है, तो देखने को मिलता है कि कहीं-कहीं तो 40 परसेंट महिलाएँ आ रही हैं, एक जगह तो 52 परसेंट महिला आईं। ओबीसी की भी बड़ी संख्या, जो डिस्ट्रिक्ट जूडिशरी है, उसमें जज अपॉइंट हो रहे हैं।

MR. CHAIRMAN: Question No.62.

**Infrastructure development in NER**

*62. SHRI HARSH VARDHAN SHRINGLA: Will the Minister of DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION be pleased to state:

(a) the details of progress achieved in infrastructure projects in the North Eastern Region;

(b) the details of allocation and utilization of funds under the central schemes;

(c) the details of coordination with State Governments and local agencies; and

(d) how focused development is improving connectivity, livelihoods and regional integration?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION (Dr. SUKANTA MAJUMDAR): (a) to (d) A statement is laid on the Table of the House.

**Statement**

(a) Under the various schemes of Government of India several infrastructure projects have been completed under the following sectors:- Road, Railways connectivity, Civil Aviation, Telecom etc.

i) **Road Connectivity:**

The length of National Highways (NH) in NER has increased from 10,905 km in 2014 to 16,207 km as on 31.03.2025. Flagship NH projects completed during the period in NER are tabulated below:

| S. No. | Project Name | State | Length (km) | Cost (₹ in Cr.) | Status | Significance |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Connectivity to Bangladesh-Feni Bridge Project(Maitri Bridge –I) | Tripura | 1.89 | 129 | Completed | ConnectivityfromNERegion toChittagong portion Bangladesh |
| 2 | Construction of bridge between Dhola and Sadia ghats in Assam | Assam | 28.51 | 1,989 | Completed | Direct inter-state connectivity between Assam and Arunachal Pradesh |

Contents Page

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | AtalSetuViaduct Bengalon NH 10, Sikkim | Sikkim | 1.1 | 133 | Completed | Enhance connectivityfor defenseforcesto theborderregion |
| 4 | Shillong - Nongstoin – Rongjeng- Tura in Meghalaya | Meghalaya | 261 | 2,320 | Completed | Reduce travel time between Shillong and Tura from 12 hrs to 6 hrs |
| 5 | Dibang-LohitRiver Bridge(NH-13), Arunachal Pradesh | Arunachal Pradesh | 29.64 | 1,508 | Completed | Bridged Gap between Digaru to Chowkham reducingtravel time |

**ii) Railway Connectivity:**

The Ministry of Railways have informed that the budget allocation during the last five years has increased significantly in the North Eastern Region. Budget allocation for infrastructure projects and safety works, falling fully/partlyin North Eastern Region (NER) is as under:-

| Period | Outlay |
|---|---|
| 2009-14 | ₹2,122 crore/year |
| 2025-26 | ₹10,440 crore (about 5 times) |

The details of commissioning/laying of new track falling fully/partlyin North Eastern Region (NER) during 2009-14 and 2014-2025 is as under:-

| Period | New track Commissioned | Average commissioning of new tracks |
|---|---|---|
| 2009-14 | 333 Km | 66.6 Km/year |
| 2014-25 | 1,840 Km | 167.27 Km/year (about 2.5 times) |

As on 01.04.2025, 12 Railway projects (08 New Lines, 04 Doubling), of a total length of 777 Km, costing ₹69,342 crore falling fully/partly in North Eastern Region (NER) have been sanctioned. The summary is as under:-

| Category | No. of sanctioned projects | Total Length (in Km) | Length Commissioned upto Mar'25 (in Km) | Exp. upto Mar'25 (₹ in Cr.) |
|---|---|---|---|---|
| New Lines | 08 | 448 | 113 | 38,078 |
| Doubling/Multitracking | 04 | 329 | 165 | 3,598 |
| **Total** | 12 | 777 | 278 | 41,676 |

Projects commissioned falling fully/partly in North Eastern Region since 2014, are as under:

| S. No. | Project | Cost (₹ in crore) |
|---|---|---|
| 1 | Bhairabi-Sairang New Line (51 Km) | 8,071 |
| 2 | Agartala-Sabroom New Line(112 Km) | 3,170 |
| 3 | Agartala-Akhaura New Line (5 Km) | 865 |
| 4 | Rangiya-Murkongselek Gauge Conversion (510 Km) | 3,019 |
| 5 | Kumarghat-Agartala Gauge Conversion (109 Km) | 1,242 |
| 6 | Katakhal-Bharabi Gauge Conversion (84 Km) | 348 |
| 7 | Lumding-Badarpur-Silchar & Badarpur-Kumarghat Gauge Conversion (412 Km) | 6500 |
| 8 | Lumding-Hojai Doubling (45 Km) | 410 |
| 9 | Digaru-Hojai Doubling (102 Km) | 1,873 |
| 10 | New Bongaigaon-Agthori Doubling (143 Km) | 2,048 |
| 11 | Bogibeel Bridge (92 Km) | 5,820 |

Some of the main projects falling fully/partlyin the North Eastern Region which have been taken up are as under:-

| S. No. | Name of the project | Cost (₹ In crore) |
|---|---|---|
| 1 | Jiribam-Imphal New Line (111 Km) | 22,275 |
| 2 | Dimapur-Kohima New Line (82 Km) | 6,663 |
| 3 | Murkongselek-Pasighat New Line (27 Km) | 1,265 |
| 4 | New Bongaigaon-Goalpara-Kamakhaya Doubling (176 Km) | 4,961 |
| 5 | Agthori — Kamakhya including Rail cum Road Bridge at Saraighat Doubling (7 Km) | 1,474 |

Contents Page

Further, during the last three years i.e. 2022-23, 2023-24, 2024-25 and the current financial year 2025-26, 20 surveys (14 New Line, and 6 Doubling) of total length 2,575 Km falling fully/ partly in North Eastern Region including the projects in the State of Assam and Barak Valley Region, have been sanctioned.

**iii) Telecom Connectivity:**

As of Dec, 2025, 6355 Gram Panchayats have been made service ready for providing high speed internet services in North Eastern Region. Till Dec-2025, 3718 mobile towers have been commissioned in NER covering 5366 villages/locations under various Government funded mobile projects. The details of Fund disbursed for North Eastern Region during FY 2014-15 to 2025-26 upto 31.12.2025 under various projects in the North Eastern Region is tabulated below:

| | | | | | | | | | (Rs. in crores) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Sl. No.** | **Name of Scheme** | **Name of Projects** | **Total Project Cost** | **Assam** | ***NE-I (Meghalaya, Mizoram and Tripura)** | ***NE-II (Arunachal Pradesh, Manipur and Nagaland)** | **Sikkim** | **DOT HQ** | **Total** |
| | | | | **Project-wise Fund disbursement** | | | | | |
| 1 | Compensation to Service Providers for creation and augmentation of Telecom Infrastructure | BharatNet | 188041 | 333.25 | 288.07 | 480.57 | 90.11 | | 1192.00 |
| 2 | | 4G Saturation Project | 30620 | 130.14 | 150.28 | 655.80 | 6.10 | 200.16 | 1142.48 |
| 3 | | BOP/BIP | 737 | | | | | 26.20 | 26.20 |
| 4 | | Mobile Services in Arunachal Pradesh and 2 District of Assam | 667 | 135.43 | | 179.70 | | | 315.13 |
| 5 | | Mobile Services in Meghalaya | 398 | | 240.57 | | | | 240.57 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | Mobile Services in NER (NESA) | 1122 | 373.06 | 148.09 | 437.69 | 4.32 | 5.71 | 968.87 |
| 7 | | 10 Gbps International Bandwidth for Internet Connectivity to Agartala from BSCCL | 17 | | | | | 17.65 | 17.65 |
| 8 | | 25000 Wi-Fi at Rural Exchanges of BSNL | | 3.61 | 0.68 | 1.23 | | 5.52 | 11.04 |
| 9 | | Shared Mobile Infrastructure Scheme | | | 3.87 | 2.08 | | 5.95 | 11.90 |
| 10 | | Village Public Telephone | | 0.37 | 0.84 | 0.81 | | 2.02 | 4.05 |
| 11 | | OFC Assam | | 37.52 | | | | 37.52 | 75.05 |
| 12 | | OFC NE-I | | | 18.42 | | | 18.42 | 36.84 |
| 13 | | OFC NE-II | | | | 13.04 | | 13.04 | 26.08 |
| 14 | | Solar Mobile Charging Facilities (SMCF) | | 0.00 | 0.03 | | | 0.03 | 0.06 |
| 15 | | Setting up of Wi-Fi by Railtel | | 1.39 | 0.97 | 0.14 | | 2.49 | 4.99 |

Contents Page

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | at Railway Stations | | | | | | | |
| 16 | | Rural Wireline Broadband | | 2.26 | 1.09 | 1.62 | | 4.97 | 9.93 |
| | **Total** | | 2216 02 | 1017.03 | 852.91 | 1772.67 | 100.53 | 339.68 | 4082. 83 |

**Major Completed Projects:**The project for providing 2G mobile connectivity in uncovered villages and along National Highways across Arunachal Pradesh, Assam, Manipur, Mizoram, Nagaland, Sikkim and Tripura was undertaken at a cost of ₹1,655.66 crore (excluding taxes) and was completed in March 2021.

**iv) Air Connectivity:**

The Ministry of Civil Aviation (MoCA) launched the Regional Connectivity Scheme (UDAN) on 21st October, 2016. UDAN is a market-driven initiative where the development of regional air connectivity routes is determined by market forces. Airlines assess the demand and supply needs for specific routes and lead the process under the scheme. Airlines are selected through a transparent bidding process.

The following airports and heliports have been identified for development and operation of RCS flights in the NE states under the UDAN scheme:

**AIRPORTS**

Passighat, Tezu, Hollongi, Jorhat, Lilabari, Rupsi, Tezpur, Dimapur, Shillong and Pakyong

**HELIPORTS**

- **Arunachal Pradesh:** Ziro, Walong, Itanagar (Naharlagun), Tuting, Yinghiong, Daparizo, Miao &Vijaynagar
- **Assam** : Geleki&Nagaon
- **Meghalaya:** Tura &Shillong (H)
- **Manipur:** Tamenglong, Jiribam, Thanlon, Parbung, Moreh&Churachandpur
- **Nagaland:**Phek, Kohima, Zunheboto, Tuensang, Mokokchung

- **Sikkim:** Gangtok East, Pelling West & Namchi South

All the above-mentioned 10 airports in the North-Eastern States have been operationalized under the UDAN scheme and are currently operational, except Pakyong Airport.

In addition, two heliports, namely Jiribam and Tamenglong, have also been operationalized under Non-Scheduled Operator Permit (NSOP) operations.

| S.No | State | 2004-2014 | | 2014-2025 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | No. of Projects | Amount (₹ in cr.) | No. of Projects | Amount (₹ in cr.) |
| 1 | Arunachal Pradesh | 1 | 96 | 4 | 884.9 |
| 2 | Assam | 10 | 271.89 | 18 | 413.48 |
| 3 | Manipur | 2 | 26.08 | 14 | 207.66 |
| 4 | Meghalaya | 2 | 40.63 | 4 | 66.15 |
| 5 | Mizoram | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | Nagaland | 1 | 12.96 | 1 | 48.37 |
| 7 | Sikkim | 0 | 0 | 1 | 553.53 |
| 8 | Tripura | 2 | 37.89 | 11 | 745.21 |
| **Total** | | 18 | 485.45 | 52 | 2919.30 |

**Major Initiatives:**

1. Construction of Greenfield Airport at Hollongi, Itanagar, Arunachal Pradesh
2. Development and Operationalization of Tezu Airport in Lohit District of Arunachal Pradesh
3. Construction of New Integrated Terminal Building and allied works at Agartala Airport, Tripura
4. Construction of New Integrated Terminal Building and allied works at Imphal Airport, Manipur
5. Construction of Hangars at Agartala Airport, Guwahati Airport and Dibrugarh Airport.
6. Construction of Greenfield Airport at Doloo, Silchar, Assam.

Contents Page

7. Development of New Civil Enclave at Jorhat, Assam

8. Construction of Greenfield Airport at Pakyong, Sikkim

9. Operationalization of Baljek Airport, Tura, Meghalaya

10. Development of Barapani (Shillong) Airport (Extension of Runway and Terminal Building), Meghalaya.

11. Development & Upgradation of Lengpui Airport, Mizoram

v) **Power:**

A number of Hydro Electric Projects with a total installed capacity of 5796 MW have been taken up in NER. The major projects include Subansiri Lower (1750 MW), Dibang Multi-Purpose project (2880 MW), Teesta Stage VI (500 MW) etc. Under the NER Power System Improvement Project for Six States (Assam, Manipur, Meghalaya, Mizoram, Tripura and Nagaland) for strengthening of the Intra-State Transmission and Distribution Systems (33kV and above) at an estimated cost of ₹6700 crore. The comprehensive scheme for Strengthening of Transmission and Distribution System in Arunachal Pradesh and Sikkim at an estimated cost of ₹9129.32 crore has been sanctioned.

vi) **Inland Waterways**

The number of National Waterways in the NER has increased from 1 to 20 and ₹1,040 cr have been spent on various Waterways Projects in NER.

(b) Under the 10% Gross Budgetary Support mechanism, since 2014-2015 to 2024-2025 Accumulative expenditure (AE) of ₹ 6.11 lakh cr has been made against the cumulative allocation of ₹ 6.02 lakh cr (RE) by the non-exempted Ministries/Departments for development of NER. The details is tabulated below:

| **FY** | **RE (₹ in cr.)** | **AE (₹in cr.)** |
|---|---|---|
| 2004-05 to 2013-14 | 1,57,856.47 | 1,39,661.12 |
| | | |
| 2014-15 | 27,359.17 | 24,819.18 |
| 2015-16 | 29,669.22 | 28,673.73 |
| 2016-17 | 32,180.08 | 29,367.90 |
| 2017-18 | 40,971.69 | 39,753.44 |
| 2018-19 | 47,087.95 | 46,054.80 |

| | | |
|---|---|---|
| 2019-20 | 53,374.19 | 48,533.80 |
| 2020-21 | 51,270.90 | 48,563.82 |
| 2021-22 | 68,440.26 | 70,874.32 |
| 2022-23 | 72,540.28 | 82,690.37 |
| 2023-24 | 91,802.00 | 1,02,749.00 |
| 2024-25 | 87735.96 | 89734.37 |
| 2014-15 to 2024-25 | 6,02,431.70 | 6,11,814.73 |

(c) To coordinate with State Governments and local agencies, and to monitor the progress of various activities in the North Eastern Region, a dedicated monitoring mechanism has been established. Under this framework, Project Quality Monitors / Third Party Technical Inspectors (PQM/TPTI) serve as external monitors to inspect project implementation. Field-level Technical Support Units provide assistance to State Governments in project execution and inspections. In addition, several review meetings are conducted at the level of the Union Minister with Chief Ministers and concerned State Ministers. Regular review meetings are also held by the Secretary and senior officers of MDoNER with Chief Secretaries and senior State officials. Furthermore, Central Nodal Officers (CNOs) and Nodal Officers (NOs) continuously monitor the progress of projects in their respective assigned States.

(d) Focused development is improving connectivity, livelihoods, and regional integration in the North Eastern Region (NER) through coordinated policy interventions and targeted sectoral initiatives such as.

**i. AshtalakshmiMahotsav**

AshtalakshmiMahotsav was organized by MDoNER from 6-8th December 2024 with an aim to offer a dynamic stage for showcasing North east India's vibrant textile sector, tourism opportunities, traditional craftsmanship and distinctive GI tagged products. Mahotsav was having all the 8 NE state Pavilion, Erisilk,Muga silk and GI pavilion. Also B2 G sessions wherein project proposals of about ₹2500 crore were received. Cultural programme and Fashion show were organised to showcase the cultural vibrancy and the vibrant textile sector of NER.

Memorandum of Understanding (MoUs) were signed between (i) Ministry of Development of North Eastern Region (MDoNER) & Ministry of Foreign Affairs of the Kingdom of Thailand and (ii) North Eastern Handicrafts and Handloom Development Corporation Ltd. (NEHHDC) &Creative Economy Agency (CEA) of Government of

Contents Page

Kingdom of Thailand on 3rd April, 2025 to institutionalize and increase bilateral cooperation in the handloom and handicraft sector.

ii. **North-East Bankers Conclave 2024**

MDoNER organized a North East Bankers' Conclave in New Delhi on 28 April 2023 and the North East Bankers' Conclave 2.0 in Agartala, Tripura on 21 December 2024, during which in-depth deliberations were held on the current banking landscape in the NER with the objective of providing a roadmap to meet the present and future financial resource needs of the region. As a result of these initiatives, 131 bank branches and 126 ATMs were opened in the NER during the period from December 2024 to November 2025, and to date, banking services have been extended to 6,774 villages etc.

iii. **Rising Northeast Investors Summit 2025:**

Ministry of Development of North Eastern Region (MDoNER) organized "Rising North East"-Investors Summit 2025 on 23rd and 24th May, 2025 in New Delhi, which was inaugurated by Hon'ble Prime Minister. The Summit was intended to promote trade and investment in the North Eastern Region and provide a platform for an immersive dialogue between select embassies, the business community, financial institutions, and relevant government stakeholders for forging mutually beneficial partnerships. The event has brought about an Investment interest from various private investors and PSUs to the tune of ₹ 4.48 lakh crore.

iv. **Model Tourism Circuits**

The Ministry of Development of North Eastern Region (MDoNER), in coordination with the Governments of the eight North Eastern States, has launched an initiative for the development Model Tourist Circuit with the objective of positioning the North East as a sustainable, inclusive, and high-value tourism corridor. The initiative is aligned with the national vision of tourism-led economic growth, cultural preservation, and enhanced national and global visibility of the North Eastern Region.

| S. No. | State | Model Tourist Circuit |
|---|---|---|
| 1. | Arunachal Pradesh | Itanagar-Chullyu-Ziro |
| 2. | Assam | Jorhat- Kaziranga- Tezpur |
| 3. | Manipur | Imphal- Moriang- Imphal |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | Meghalaya | Guwahati- Shillong- Sohra- Nongriat |
| 5. | Mizoram | Lengpui — Aizawl — Thenzawl |
| 6. | Nagaland | Dimapur — Kohima — Kisama— Dzukou |
| 7. | Sikkim | Namchi- Temi- Ravangla |
| 8. | Tripura | Agartala - Sepahijala Wildlife Sanctuary — Tripura Sundari Temple — Gunabati Temples — Neermahal - Chabimura |

**v. USP**

To embed the North Eastern Region (NER) firmly within India's growth discourse, the Ministry of Development of North Eastern Region (MDoNER) is adopting a USP-driven branding strategy for all eight states. These USPs have been chosen after a detailed Comparative and Competitive analysis of all 8 States vis-à-vis each other and vis-a-vis other States and neighbouring countries

| S. No. | State | USP |
|---|---|---|
| 1. | Arunachal Pradesh | Kiwi |
| 2. | Assam | Muga Silk |
| 3. | Manipur | Polo |
| 4. | Meghalaya | Lakadong Turmeric |
| 5. | Mizoram | Ginger |
| 6. | Nagaland | Coffee |
| 7. | Sikkim | Organic Farming |
| 8. | Tripura | Queen Pineapple |

**vi. Agarwood:**

It is one of the highest valued non-timber forest product, grows in abundance in North East.As per the Botanical Survey of India in an assessment made in 2024, north east statesaccount for about 96.6% of India's agarwood tree base in India. Due to its high export potential, Government on the basis of its recommendationof an Inter-Ministerial Task Force in 2023approved a roadmap in 2024to guide sustainable cultivation, processing and trade. The NE States have been advised to prepare area-expansion plans, supported by geospatial mapping in Tripura and Assam, while export promotion has been significantly strengthened through enhancement of annual export quotas under CITES Convention to 1,51,080 kg for chips and 7,050 kg for oil. To streamline exports, processing of application for export of agarwood products has been integrated on the DGFT portal. GI tagging

Contents Page

has also been taken up by North Eastern Region Agricultural Marketing Corporation (NERAMAC) Ltd in collaboration with NABARD.Proof of Concept (PoC) has also been approved for development of two Agarwood clusters at Kadamtala (Tripura) and Golaghat (Assam).Collectively, these interventions aim to expand cultivation, strengthen value chains, and boost formal, traceable agarwood exports from the North Eastern Region.

**vii. Bamboo:**

A total 25 projects worth ₹236.53 crore for strengthening bamboo sector in NER have been sanctioned by NEC. North East Cane and Bamboo Development Council (NECBDC) has trained a total of 5068 bamboo artisans and officials during the last three years. Ministry of DoNER has sanctioned two Projects with a total outlay of ₹ 82.50 crore for strengthening of traditional bamboo artisan clusters by enhancing market access, modernizing products, and linking them with digital and retail ecosystem; as well as for promotion of engineered bamboo products through cluster strengthening and export facilitation in NER.

**viii. High Level Task Force**

Focused development is improving connectivity, livelihoods, and regional integration in the North Eastern Region (NER) through coordinated policy interventions and targeted sectoral initiatives. The Ministry of Development of North Eastern Region (MDoNER) has constituted eight High-Level Task Forces (HLTFs) for accelerating sectoral growth in the region, each chaired by a Chief Minister of a North Eastern State, with the Union Minister (MDoNER) and three other Chief Ministers as members. These Task Forces have been formed on the subject such as, (1) Promotion of Sports in NER, (2) North East Economic Corridor, (3) Investment Promotion in NER, (4) Handlooms and Handicrafts in NER, (5) Tourism in NER, (6) Infrastructure and Connectivity in NER, (7) Agriculture & Horticulture for addressing gaps in value chain and market, and (8) Attaining Self-reliance in milk, eggs, fish and meat production in NER.

MR. CHAIRMAN: First supplementary, Shri Harsh Vardhan Shringla.

SHRI HARSH VARDHAN SHRINGLA: Sir, the North Eastern Region has emerged as new India's greatest success story. It has shown the world कि जब नीयत सही होती है, तो नतीजे भी सही होते हैं। I would like to congratulate the hon. Minister for the transformative development initiatives undertaken in the North Eastern Region under

Contents Page

the leadership of hon. Prime Minister, Narendra Modiji, particularly in the areas of connectivity, infrastructure and livelihood. Prime Minister Modiji has displayed a deep and heartfelt connect to the North East and unleashed the full potential of development initiatives there. My question relates to the 'Rising North East Investors Summit' organized last year under the leadership of the Prime Minister and steps taken to implement investments in the North Eastern Region announced as a result of the Summit.

**श्री सभापतिः** ऑनरेबल मिनिस्टर।

**श्री सुकांत मजूमदारः** सभापति महोदय, मैं पहले तो आदरणीय सदस्य, श्री हर्ष वर्धन श्रृंगला जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जो परिवर्तन नॉर्थ-ईस्ट में हुआ है, उसको उन्होंने भी इस पवित्र सदन के सामने एक्सेप्ट किया। हमारी सरकार में मिनिस्ट्री ऑफ डोनर के द्वारा 23-24 मई, 2025 को दिल्ली में 'राइजिंग नॉर्थ-ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट' आयोजित हुआ और वहाँ पर नॉर्थ-ईस्ट रीजन का जो trade potential and investment potential है, जो अभी तक अछूता रहा, उसको दर्शाया गया और ऑनरेबल प्राइम मिनिस्टर श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा 'भारत मंडपम' में उसका उद्घाटन हुआ। उसमें नॉर्थ-ईस्ट की जो कैपेसिटीज़ हैं, जो क्षमता है, जिसका हम इस्तेमाल कर सकते हैं, जैसे हेल्थ केयर, हैंडलूम, टेक्स्टाइल, हैंडीक्राफ्ट, आदि से संबंधित सारी चीजें वहाँ पर प्रदर्शित हुईं और वहाँ पर मिनिस्ट्रियल सेशन्स हुए, depending upon the focus sector. B2G and B2B meetings were held. इसको सक्सेस करने के लिए इससे पहले मंत्रालय ने 9 अलग-अलग जगहों पर उसके ऊपर रोड शोज़ किए, दो एम्बेसडर मीट हुए, जिनके माध्यम से राइजिंग नॉर्थ-ईस्ट को लेकर लोगों में उत्साह हुआ। अगर इसमें देखा जाए, तो जो टॉप तीन राज्य हैं, जिनको सबसे ज़्यादा प्रपोजल्स प्राप्त हुए, उनमें असम, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय हैं। इन तीन राज्यों में सबसे ज्यादा प्रपोजल्स आए हैं।

उनका मूल सवाल है कि उसके साथ-साथ क्या स्टेप्स लिए गए हैं, तो मैं उसके बारे में सदन के सामने रखना चाहता हूँ कि Ministry of DoNER has extended support to all the eight NER States to ensure faster grounding of the investment proposals received during the 'Rising North East Investors Summit'. For effective monitoring, a nodal officer has been appointed from each of the eight NER States, who is responsible for holding regular meetings with investors and assist them to resolve any issues that they may be facing in their investment journey. A Comprehensive Progress Review Calendar has been created with weekly, fortnightly and quarterly progress review meeting at various level of MDoNER. Steps are also being taken by the State Governments to strengthen the State IPAs, that is, the Investment Promotion Agencies, establishment of land banks, single-window clearance, etc. So, I would like to say that, under the leadership of hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi, the North-East is going through a kind of transformation and it will become one of the driving engines of Indian economy.

Contents Page

MR. CHAIRMAN: Second supplementary; Shri Harsh Vardhan Shringla.

SHRI HARSH VARDHAN SHRINGLA: Sir, India's North-East Region is a land of breathtaking landscapes, diverse cultures and rich tribal heritage. The North-East's pristine landscapes, diverse wildlife, unique cultural heritage and adventure tourism opportunities present significant untapped potential for the tourism industry. I recall my own visit to the North-East Region with the parliamentary delegation recently. We had gone to the lush green environments of Aizawl, the capital of Mizoram and we were able to see for ourselves the train line, the new train line, that connects the furthest corners of our country and this, I believe, unleashes tremendous potential for tourism to a pristine part of our country that has not yet been opened to the tourism industry because of lack of connectivity and other reasons. My question to the hon. Minister is: How does the Government propose to harness the immense potential of tourism in the region, so that our citizens are motivated to travel to the North-East rather than foreign destinations in South-East Asia and other parts of the world?

**श्री सुकांत मजूमदार:** चेयरमैन सर, मैं माननीय सदस्य को आपके माध्यम से अवगत कराना चाहता हूँ कि हमारी सरकार, आदरणीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में sustainable, inclusive और high value tourism corridor के लिए आठों स्टेट्स के साथ coordinate करके, initiative लेकर वहाँ पर एक Model Tourist Circuit बनाने का प्रयत्न कर रही है। Model Tourist Circuit has been carefully identified based on their cultural significance, ecological uniqueness, tourism potential and readiness for integrated infrastructure development. The overarching objective of the initiative is to create the world-class tourism infrastructure and visitor amenities, promote distinctive regional experiences, ensure convergence of national schemes, NEC intervention, foster community-led entrepreneurship and employment and enhance tourism contribution to inclusive regional development. We have proposed eight Tourism Circuits. I would like to mention all the names. In Arunachal Pradesh, we have Itanagar Zero Circuit. In Assam, we have Zorhat-Kaziranga-Tejpur Circuit. In case of Manipur, we are developing Imphal-Moirang-Imphal Circuit. In Meghalaya, we have Guwahati-Shilong-Sohra Circuit. In Mizoram, we have Lengpui-Aizawl-Thenjawal Circuit. In Nagaland, we have Dimapur-Kohima-Kisama-Dzukou Circuit and in Tripura, we have Agartala-Sepahijala Wildlife Sanctuary, Tripura Sundari Temple, Gunavati Temple, Neermahal and Chhabimura Circuit.

MR. CHAIRMAN: Third supplementary; Shri Rwngwra Narzary.

**श्री रवंगवरा नारजारी:** सर, आपने मुझे supplementary question पूछने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। मंत्री जी ने अपने रिप्लाई में नॉर्थ-ईस्ट के बारे में विस्तार से बताया है, जो कि अच्छी बात है। नॉर्थ-ईस्ट के लिए roads-railways connectivity, civil aviation, telecommunication के संबंध में कितने प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं और अभी तक कितने प्रोजेक्ट्स पूरे हुए हैं, उसके बारे में विस्तार से बताया गया। इनमें से railway sector में, बोडोलैंड में कोकराझार से गेलेफू तक एक रेल commission करने की बात पहले कही गई थी। अगर इसके बारे में भी बताया जाता, तो अच्छा होता। मेरा प्रश्न यह है कि मैं Focused Development Component के बारे में जानकारी चाहता हूँ, विशेषकर नॉर्थ-ईस्ट की NEC की स्कीम के संदर्भ में। What criteria are being adopted for distribution of funds State-wise in the FDC under the NEC scheme? What is year-wise fund distribution to each State under the FDC during the Fifteenth Finance Commission under the NEC? Then, what is the year-wise allocation under 30 per cent FDC during the Fifteenth Finance Commission under NEC scheme? मैं इसके बारे में जानना चाहता हूँ। साथ ही, मैं यह भी जानना चाहता हूँ कि जब वर्ष 2020 में Bodoland Accord हुआ था, तब इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 1,500 करोड़ के एक पैकेज का वादा किया गया था। वर्तमान में उसका क्या स्टेटस है, यह भी मैं जानना चाहता हूँ।

**श्री सुकांत मजूमदार:** माननीय सदस्य ने जो सवाल पूछा है, though it is not directly linked to the present question, फिर भी मैं जवाब देने की कोशिश करूंगा। उन्होंने पहले रेलवे के बारे में पूछा। आप जानते हैं कि as per the Statement-11 of the Budget, 54 non-exempt Ministries have to spend 10 per cent of their Gross Budgetary Allocation in the North-Eastern Region. We review those proposals and we regularly hold the review meetings of these 54 non-exempt Ministries and the Departments. In the case of Railways also, as stated in the answer, in the last few years, under the leadership of the hon. Prime Minister, several big projects have been completed. Most of the States have been covered under these railway connectivity projects. I would like to just mention a few of them, such as Bhairabi-Sairang New Line, which is 51 kilometre long, and almost Rs.8,000 crore have been allocated for that. Similarly, there is Agartala-Sabroom New Line, Agartala-Akhaura, etc. I am not mentioning all of them. In the case of BDC, the outlay till 31st March, 2026, is Rs.750 crore. This is the allocation for the Bodoland. Regarding the criteria, he has asked for specific information. As I mentioned, 10 per cent GBS (Gross Budgetary Support) is there. If the hon. Member wants a more detailed answer, I am ready to provide him the same in person.

MR. CHAIRMAN: Fourth Supplementary, Shrimati Sudha Murty.

SHRIMATI SUDHA MURTY: Sir, root bridges are the assets of the North-East. You cannot see these anywhere else in India other than the North-East. It is a great tradition and there is a lot of knowledge in this. It is not done in one day or one year; it

Contents Page

takes long time and this is a traditional knowledge of the North-East. This should be documented properly and it should be showcased in the form of video or the digital media or in writing also. This will be a great asset for tourism. It will boost the tourism in the North-East. So, I would like to know from the hon. Minister, through you, Sir, about the steps the Government of India is taking for the North-East. I will congratulate the Government, as there is a special Division for the North-East and a Minister is also there. I am sure this traditional knowledge will help in boosting tourism and a lot more employment.

SHRI SUKANTA MAJUMDAR: The hon. Member talked about the root bridges, and really the one word that can be used to describe the beauty of the North-East is 'mesmerizing'. I feel that the beauty of the North-East is really mesmerizing for us. Then, as she mentioned about the root bridge, obviously, that is maintained by the State Government and we have proposed a Tourist Circuit for this area, as I mentioned previously also. In Meghalaya, we have proposed one circuit, that is, Guwahati-Shillong-Sohara-Nongriat. This place, Nongriat, is famous for the root bridges. So, we have proposed this Circuit, and we also plan to train our guides and make the logos. All these kinds of new initiatives have been taken by the Ministry under the leadership of hon. Prime Minister. These will help to make Living Root Bridge more popular. As far as the hon. Member's point regarding 'traditional knowledge' is concerned, I am sorry to say that this is not under the purview of our Ministry. I can write a letter to the hon. Chief Minister of the State to look into this.

MR. CHAIRMAN: Fifth supplementary; Shrimati S. Phangnon Konyak.

SHRIMATI S. PHANGNON KONYAK: Mr. Chairman, Sir, through you, I would like to ask the Minister to share the progress of the Memorandum of Understanding signed between (i) The Ministry of Development of North Eastern Region and the Ministry of Foreign Affairs of the Kingdom of Thailand; and, (ii) The North Eastern Handicrafts and Handlooms Development Corporation Ltd. (NEHHDC) and Creative Economy Agency (CEA) of the Government of the Kingdom of Thailand on 3rd April, 2025 to institutionalize and increase bilateral cooperation in the handloom and handicraft sector.

SHRI SUKANTA MAZUMDAR: Sir, these kinds of bilateral treaties are not under the purview of our Ministry. This question is directly not connected to the main question, which is regarding the infrastructure projects of the North East.

MR. CHAIRMAN: Question No. 63.

## Role of Bharatgen AI

*63. SHRI BHUBANESWAR KALITA: Will the Minister of SCIENCE AND TECHNOLOGY be pleased to state:

(a) the number of Indian languages which are currently supported by Bharat Gen's AI models and the roadmap for full language coverage;

(b) the specific applications of Bharat Gen in the healthcare, agriculture, education and governance sectors;

(c) the number of Technology Innovation Hubs and Translational Research Parks currently active under the Bharat Gen network; and

(d) the institutions which are part of the Bharat Gen consortium and what role it plays in its development?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY (DR. JITENDRA SINGH): (a) to (d) A Statement is laid on the table of the House.

**Statement**

(a) to (d) BharatGen is the first government supported national initiative to develop a range of sovereign foundational AI models tailored to Indian languages and societal contexts. It spans multiple modalities, including text (via Large Language Models), speech (Text-to-Speech and Automatic Speech Recognition), and vision-language systems.

Currently, BharatGen's AI models support 15 Indian languages which include Hindi, Assamese, Bengali, Gujarati, Kannada, Maithili, Malayalam, Marathi, Nepali, Oriya, Punjabi, Sanskrit, Sindhi, Tamil and Telugu. Soon, all 22 scheduled Indian languages will be covered.

BharatGen has released domain specific fine-tuned models for Ayurveda (AyurParam), Indian agriculture (AgriParam) and Indian legal domain (Legal Param). In addition, all BharatGen models ( text, speech and vision) are useful for applications across healthcare, agriculture, education and governance.

Two Technology Innovation Hubs namely TIH Foundation for IoT and IoE, IIT Bombay and IITM Pravartak Technologies Foundation, IIT Madras under National Mission on Interdisciplinary Cyber-Physical Systems (NM-ICPS) of Department of Science and Technology (DST) are currently active as part of BharatGen network.

Contents Page

The following institutions are a part of the BharatGen consortium:

| Institution Name | Role in BharatGen |
|---|---|
| Indian Institute of Technology, Bombay | Lead institution, guiding research and integration across consortium partners |
| International Institute of Information Technology, Hyderabad | Vision-language document modeling |
| Indian Institute of Technology, Madras | Speech foundation model development and evaluation |
| Indian Institute of Technology, Kanpur | Legal AI research, domain-specific datasets, and developing tokenization strategies for multilingual models |
| Indian Institute of Technology, Hyderabad | Advanced tokenization and vocabulary optimization for large multilingual LLMs |
| Indian Institute of Technology, Mandi | Inclusive multilingual model development and research on efficient training strategies for LLMs |
| Indian Institute of Management, Indore | Bharat-centric evaluation and benchmarking of LLMs, multilingual and multimodal data collection |

SHRI BHUBANESWAR KALITA: Mr. Chairman, Sir, the mention of Artificial Intelligence has become a global phenomenon covering multiple sectors of human life. Under the leadership of hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi, the BharatGen is the first Government supported national initiative to develop a range of sovereign foundational AI models tailored to Indian languages and social context. This is one sector. I want to know from the hon. Minister whether the Government is planning to expand it to other sectors of human life.

DR. JITENDRA SINGH: Mr. Chairman, Sir, I must compliment the hon. Member for having asked a very significant question, which is very relevant to the contemporary

Contents Page

times and has futuristic bearing also. We would recall that hon. Prime Minister, Modi ji, had launched India AI Mission in March, 2024 and this BharatGen, which the hon. Member is referring to, was also an outcome of the Mission. The peculiarity or the special feature of this is that this is a Government-owned sovereign AI model of large language. This is first of its kind which is owned by the Government. It is sovereign and it is tailored to the Indian languages and the Indian societal text. There are very few models like this across the world. If you see, in Asia also, we only have about six countries - China, Japan, Thailand, Singapore and Malaysia, who have large language model but that too is not the same as ours for the simple reason that they are much more homogenous societies and the languages spoken in those nations are just one or two while we have 22 languages in the Eighth Schedule.

With regard to the hon. Member's question regarding its expansion, we have already completed 15 languages. I think, we will be completing the rest of the languages, and we will complete all the 22 languages in this month itself. This has three modules — the text, the speech and the document-vision, and, then, of course, there are dedicated domains like Ayurvedic, Agri and Legal system. All the 22 will have text module completed by this month and 15 will have the speech and vision modules completed as well. Therefore, it is going to be a huge game changer for all the stakeholders.

SHRI BHUBANESWAR KALITA: Thank you, Sir, for giving me the opportunity to ask the second Supplementary. Hon. Minister has said, in his reply, that two technology innovation hubs, one in IIT Mumbai and the other one in IIT Madras, have been set up. Also, some institutions have been taken as part of the BharatGen consortium. Altogether, about seven institutions have been taken. The hon. Minister has been a Minister for DoNER also. So, I would like to know from the hon. Minister whether IIT Guwahati will be taken as one institution for this purpose in the North Eastern Region.

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

DR. JITENDRA SINGH: Sir, the hon. Member has rightly mentioned it. We are following a very integrated approach, whole of science, whole of Government, whole of nation. So, as he rightly mentioned, the BharatGen initiative has been undertaken or spearheaded by IIT, Bombay. But we have seven other institutions as a part of the consortium which include IIT Hyderabad, IIT Madras, IIT Kanpur, IIT Mandi, IIT Indore and so on. But that does not mean that we have left out other regions. In fact, we have come up with 25 technology innovation hubs, out of which four have already been

Contents Page

upgraded to the level of the Technology Transfer Search Parks where you have the industry coexisting along with the research departments and, therefore, the transfer becomes much, much easier, convenient and facilitated. These four upgraded hubs are IIT Indore, IIT Kanpur, IIT Dhanbad and Indian Institute of Sciences in Bengaluru. The rest are also living up to the same mandate of robotics, AI, ML, cyber security. Gradually, we are expanding out. But when we come to the languages part of the BharatGen module as such, the languages of the North East, which are a part of the 22 languages included in the Eighth Schedule, will also be included. Rather, I would add that since this is a dynamic process, sometimes, we may require more than 22 also. So, that is precisely what I was suggesting with the team and discussing with them. After we have completed the 22 languages, we may go further also. For example, in Uttar Pradesh, you have three-four dialects, even for Hindi. So, to begin with, we take Hindi because when the AI model speaks, it speaks in a different dialect and the translation or the conversion of it to another language or another vision or another text sometimes becomes more appropriate. So, we are in a dynamic expansionist mode and we might go even beyond 22 languages and beyond these regions. So, certainly, North East would be a very much a definite part because North East already has been a high priority for Prime Minister Modi. Rather, this gives me an opportunity to say that Modiji, as Prime Minister, has travelled almost 70 times to the North East, which is more than the number of times put together by all the preceding Prime Ministers have travelled to North East.

SHRI BHUBANESWAR KALITA: Sir, my specific question is whether IIT Guwahati can be taken as a hub. Is the Government planning to do that?

DR. JITENDRA SINGH: Yes, certainly. We have not ended this process. For the time being, 25 technology innovation hubs have been opened. And we are then in the crossing mode because this is a part of a larger ecosystem, which also includes the Anusandhan National Research Foundation. So, they are already into this, to include even those institutions, and it was one of the motives behind having National Research Foundation because sometimes there was an input or a grievance from certain quarters that some of the first line institutions got a better treatment because of the better infrastructure. So, in order to democratize that, we already have put an infrastructure in place. That also, this Government did. And certainly, IIT Guwahati would also be a part of it.

MR. CHAIRMAN: Third supplementary, Shriman Raghav Chadha.

SHRI RAGHAV CHADHA: Sir, the biggest constraint today in India's AI ambitions is not funding, not capital, not talent. It is computational resources, in particular GPUs. The biggest bottleneck is the rising GPU cost and the global GPU supply chain issues. This potentially could choke India's data centre ambitions as well as our ambition of training advanced AI models. Therefore, through you, I would like to ask the hon. Minister that currently India's compute pool of GPUs is approximately 34,000 GPUs. This is a very small number compared to the global scale required for training advanced AI models. Therefore, I would want the hon. Minister of Science and Technology to specifically point out the targets, the timelines and the geopolitical engagements that have been set in motion to secure predictable access of our computational resources, in particular the GPUs.

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

DR. JITENDRA SINGH: Sir, I think the hon. Member has pointed out something which is quite known to all. Of course, the GPU is at the core of the entire exercise that we do. That is the reason in the IndiaAI Mission, we have, broadly speaking, seven verticals. Out of those, the compute pillar is a dedicated separate pillar or a separate vertical, considering the importance of it as it provides access to the empanelled services. We have a panel there. As was being mentioned, about 40 per cent discount in cost is there for eligible end users. He is right that larger models of maybe 30 billion or 65 billion parameters might require thousands of GPUs. That is why through India AI compute portal, it is granting access to other sources as well. We are, as I said, in an evolving mode. The Mission has just started. But we are very cautious and aware of all these challenges. As far as funding is concerned, I think one good initiative undertaken by this Government is that we have opened up to the private sector now. We are encouraging more investments from non-Government entities, maybe private sector and maybe philanthropists. In fact, only yesterday, we launched the Research, Development and Innovation (RDI) Scheme of one lakh crore rupees for it. It is also first of its kind initiative where all those who come forward with level TRL - 4 would be given funding in order to catalyze their projects. And that would also include GPU-related projects. We are cautious of that. We are, certainly, going to meet that also, because we have to live up to the global benchmarks. I think there is no second thought about that.

DR. SASMIT PATRA: Sir, firstly, I would like to compliment my senior colleague, Mr. Kalita. It is a very nice question, especially because the Global AI Summit is coming up from 16$^{th}$ to 20$^{th}$ and the entire world will be in Delhi. As it comes from the

background of that, my specific question to the hon. Minister is whether under the BharatGen, text-to-speech capabilities and automatic speech recognition capabilities will be open source LLMs. Will these be open source text-to-speech recognition facilities? If they are, would that be open to our Indian innovators and young entrepreneurs? Will that be provided free of cost? For the beneficiaries and the users, is it going to be free to use? You have AyurParam, AgriParam and LegalParam. Will you deploy that free of cost? Will there be a cost? Will it only be a sovereign standalone platform for the Government?

DR. JITENDRA SINGH: I am glad that the hon. Member has asked a question which is very important from the point of view of the stakeholders. We are in the process of formulating it. It is sovereign in the sense that it has its own entity even though it is part of the Government set-up. To that extent, it is sovereign. But that does not mean that it would not be sharing its data with certain terms and conditions. There will be a mechanism to determine who to share it with, considering all these safeguards in place. The other part of your question is about price. We are discussing discounts as well. That will be worked out. As I said, right now, we are almost reaching the completion of this process. Maybe this month itself, we will be completing 22 languages. Then, we would also work on that. This is very, very dynamic. What we are discussing today, maybe thinking about tomorrow, it would not be relevant tomorrow. So we are, definitely, open to all of that.

MR. CHAIRMAN: Fifth supplementary; Shri Mahendra Bhatt.

**श्री महेंद्र भट्ट:** माननीय सभापति महोदय, माननीय मंत्री जी ने अपने उत्तर में बताया कि Bharat Gen के एआई मॉडल में 22 भाषाओं में से 15 भाषाओं को सम्मिलित कर दिया गया है। मैं माननीय मंत्री से जानना चाहूंगा कि शेष 7 भाषाओं के इसमें सम्मिलित न होने के क्या कारण रहे हैं? इन भाषाओं को कब तक Bharat Gen एआई मॉडल में सम्मिलित कर दिया जाएगा?

**डा. जितेंद्र सिंह:** सभापति जी, हमारे माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, उसके संबंध में मैं बताना चाहूंगा कि इसमें कोई सैद्धांतिक कारण या कोई ऐसा कारण नहीं है, चूंकि यह प्रक्रिया अभी चल रही है, तो उस प्रक्रिया के तहत 22 भाषाओं में प्रक्रिया लगभग संपन्न हो चुकी है और इस महीने शायद पूरी तरह से संपन्न हो जाएगी। इसमें कोई बात छिपी हुई नहीं है और यह टेक्नोलॉजी के साथ संबंधित है। सबका इसमें कुछ न कुछ स्टेक है, तो इसमें स्पष्टता से बात होनी भी चाहिए, ताकि बाकी सबकी राय और सुझाव भी मिल सकें। उसमें भी मैं ऑनेस्ट्ली स्पीकिंग यह कहूंगा कि शायद इस महीने 22 भाषाओं में अभी हम टेक्स्ट मुकम्मल कर पाएंगे, लेकिन जो उसके अन्य दो कम्पोनेंट्स हैं, एक विज़न का कम्पोनेंट और एक राइटिंग का, वह अभी तक शायद 15 में ही हो पाए, लेकिन धीरे-धीरे वह भी होगा और हम उससे आगे भी बढ़ेंगे। मैंने निजी तौर पर भी एक मॉडल

अपने लिए भी तैयार किया है, जो मेरी कांन्स्टिट्यूएंसी में काम करता है। हमने ऐसे मॉडल्स भी तैयार किए हैं कि मान लीजिए अगर कहीं तमिल बोलते हैं, तो वह तमिल उसी एक्सेंट में बोलेगा, जो उस गांव में बोली जाती है। इसके लिए हमें और डेटा इकट्ठा करना पड़ेगा। इसीलिए मैंने यह कहा कि हम 22 भाषाओं के बाद उसको आगे भी बढ़ाएंगे। निश्चय यह प्रक्रिया अभी समाप्त नहीं हुई है। इसमें आगे जैसे-जैसे कुछ और आयाम जुड़ेंगे, वैसे-वैसे इसको हम आगे भी बढ़ाएंगे।

**श्री सभापति**: क्वेश्चन नम्बर 64.

### Veer Parivar Sahayata Yojna

#*64. SHRI BRIJ LA: Will the Minister of LAW AND JUSTICE be pleased to state:

(a) the objectives and scope of NALSA Veer Parivar Sahayata Yojna, 2025;

(b) the number of legal service centres proposed or established at the State and district Sainik Welfare Board levels along with the status of their coverage in the States/Union territories;

(c) the extent to which digital platforms, e-services, and priority-based grievance redressal mechanisms are being utilized under the scheme and the details of Inter-State coordination mechanism, particularly in the cases involving Multi-State jurisdictions; and

(d) the details of monitoring, reporting and capacity-building measures adopted to ensure effective implementation and widespread reach of the scheme?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): (a) to (d) A statement is laid on the Table of the House.

### Statement

(a) The Veer Parivar Sahayata Yojana (VPSY), 2025, launched by the National Legal Services Authority (NALSA), aims to provide accessible and effective legal services to serving defence personnel, ex-servicemen and their dependent family members who are eligible under the Legal Services Authorities Act, 1987, in matters such as property disputes, welfare schemes, matrimonial disputes, civil disputes, and other legal matters.The Scheme is being implemented through Legal Services Clinics, particularly established at Rajya and Zila Sainik Boards in coordination with State and District Legal Services Authorities.

---

# Original notice of the question was received in Hindi.

Contents Page

(b) As on 31.12.2025, there are 31 Legal Services Clinics at Rajya Sainik Boards and 417 Legal Service Clinics at Zila Sainik Boards.

(c) Under the provision of Clause 8of the Scheme, digital platforms and e-Services of NALSA are used to ensure seamless accessibility and efficiency in providing legal services or assistance to the beneficiaries. The Para-Legal Volunteers (PLVs) and Panel Lawyers of the Legal Services Clinics at the Zila and Rajya Sainik Boards:-

(i) Identify and refer eligible cases, through SLSA/DLSA/TLSC, particularly family and matrimonial disputes, for structured online mediation by trained mediators empanelled by DLSAs.

(ii) Suitable civil, pension, property, or family-related cases are being identified and in districts with a high number of defence-related cases, dedicated slots or virtual rooms are being organised for defence personnel and ex-servicemen as part of the routine e-Lok Adalat framework.

(iii) Guide beneficiaries in applying for legal services or assistance through the online application portal/module-based app, where applicants can track their case status and access legal information.

(iv) Conduct awareness sessions to educate defence families on how to access and use digital legal assistance platforms.

The Member Secretary, SLSA act as a referral hub for Inter-State grievances, forwarding cases to other SLSAs where applicable. The Inter-State referral data is maintained as per the Reporting Format specified in the Scheme.

(d) The implementation of the Scheme is monitored by NALSA through reports received from SLSAs as per the prescribed format. A structured coordination committee mechanism has been established at the National, State and District levels to ensure effective implementation and monitoring of welfare measures for the families of martyrs and ex-servicemen. This multi-tier coordination mechanism is intended to ensure timely delivery of assistance and effective inter-departmental coordination. As on 31.12.2025, 01 National, 12 State and 269 District Level coordination committees are functional.

Capacity-building is undertaken through regular training and sensitisation programmes for legal aid lawyers, Para-Legal Volunteers to ensure effective outreach and uniform implementation across States. As on 31.12.025, 310 training programmes

and 2141 awareness camps have been initiated by various clinics. As part of 77th Republic Day, SLSAs have undertaken focused awareness, outreach and grievance resolution drive under the Scheme.

MR. CHAIRMAN: First supplementary, Shri Brij Lal.

**श्री बृज लाल:** चेयरमैन सर, सबसे पहले मैं प्रधान मंत्री जी और अपने कानून मंत्री जी को साधुवाद देता हूं, जिन्होंने NALSA वीर परिवार सहायता योजना, 2025 लागू की है। महोदय, यह योजना रक्षा, सीएपीएफ, उनके सर्विंग, सेवानिवृत्त जवानों और आश्रित परिवारों को कानूनी सहायता देने के लिए बनाई गई है। महोदय, मैं यूनिफॉर्म्ड सेवा में रहा हूं और मैं इन जवानों के दर्द को समझ सकता हूं। उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है और सबसे ज्यादा आर्मी और पैरामिलिट्री में उत्तर प्रदेश के जवान हैं।

महोदय, मैं माननीय कानून मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या उत्तर प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों में श्रेणीवार, जैसे विधवाओं, आश्रितों और पूर्व सैनिकों के विवरण संकलित किए जा रहे हैं? यदि हां, तो तत्संबंधी विवरण क्या है?

**श्री सभापति:** ऑनरेबल मिनिस्टर।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल:** चेयरमैन सर, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न किया है, उसके संबंध में बताना चाहूंगा कि वीर परिवार सहायता योजना हमारी एक महत्वपूर्ण योजना है। हमारे जो सैनिक सीमा पर लड़ते हैं, देश की सुरक्षा करते हैं और सुदूर क्षेत्रों में रहते हैं, तो ऐसी परिस्थिति में है अगर उनके परिवार में कोई झगड़ा हो गया, कोई जमीन का विवाद हो गया, उत्तराधिकार से संबंधित कोई मामला आ गया, कोई फैमिली डिस्प्यूट आ गया, विरासत या पेंशन संबंधी कोई मामला आ गया, ऐसे में सैनिक तो वहां ड्यूटी कर रहे हैं, तो यह तय किया गया कि हमारी जो NALSA है, उसके साथ एक योजना बनाई जाए। वीर परिवार सहायता योजना की शुरुआत NALSA के माध्यम से श्रीनगर में 2025 में की गई। हमारी सेना के जवान या कोई ऑफिसर भी हो सकते हैं, पैरामिलिट्री फोर्सेज़ के जवान भी हो सकते हैं, वे वहां ड्यूटी कर रहे हैं, लेकिन अगर कोई लीगल झगड़ा आ गया है, तो उसे यहां सेटल कराने के लिए, लीगल सहायता के लिए, जो हमारे जिला सैनिक बोर्ड होते हैं, राज्य सैनिक बोर्ड होते हैं, उनमें हम आर्टिकल 39ए के तहत उनको सहायता उपलब्ध कराएंगे। Legal Service Clinic के Para Legal Volunteers और Para Panel eligible cases की पहचान करके उसके डिस्पोज़ल हेतु मदद करेंगे। उनको यहां आने की जरूरत नहीं होगी, ताकि वे अपनी ड्यूटी आराम से कर सकें। जहां तक इनके उत्तर प्रदेश से संबंधित डाटा का प्रश्न है, चूंकि यह योजना 2025 में ही लागू हुई है, निश्चित रूप से इन्होंने जिस कैटेगरी की बात की है, उसका डाटा भी हम तैयार करेंगे।

MR. CHAIRMAN: Second supplementary, Shri Brij Lal.

Contents Page

**श्री बृज लालः** चेयरमैन सर, अभी कानून मंत्री जी ने बड़े विस्तार से इसके बारे में बताया है कि यह योजना उन जवानों के लिए लागू की गई है, जो दूरदराज इलाकों में सेवा कर रहे हैं और चूंकि उनको छुट्टियां नहीं मिलतीं, इसलिए उनके परिवारजनों को इनमें कानूनी सहायता में कोई दिक्कत न हो। महोदय, पहले की सरकारों ने इसके बारे में कभी नहीं सोचा। केवल इतनी एक औपचारिकता की जाती थी कि हम लोग आईएएस/आईपीएस के जो अफसर होते थे, उनको 15 दिन का एक आर्मी अटैचमेंट कराया जाता था और उस अटैचमेंट में हमें आर्मी के लोग यह बताते थे कि अगर आप जिलों में रहेंगे, कभी उनके जवानों को कानूनी सहायता की जरूरत पड़े, तो एक संवेदनशीलता के लिए उस समय हमें सेंसिटाइज़ किया जाता था। लेकिन यह जो योजना लागू की गई, यह बहुत ही प्रभावी साबित हो रही है। मैं माननीय मंत्री जी से उत्तर प्रदेश के संबंध में पूछना चाहता हूं कि क्या इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कोई निगरानी और रिपोर्टिंग तंत्र स्थापित किया गया है? यदि हां, तो तत्संबंधी विवरण प्रदान करने की कृपा करें।

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

**श्री अर्जुन राम मेघवालः** चेयरमैन सर, माननीय सदस्य ने आज जो यह प्रश्न रखा, यह बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न है। पहले की सरकारों ने इस संबंध में न तो कोई चिंता की, न उनका ऐसा चिंतन था कि कोई सैनिक लड़ रहा है, देश की सेवा कर रहा है, सीमा की सुरक्षा कर रहा है, अगर वह किसी लीगल मामले में फंस गया, तो उसकी कानूनी मदद की जाए। यह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है, जिसने इस संबंध में चिंतन भी किया और योजना भी लेकर आई। वीर परिवार सहायता योजना के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग हेतु, जो माननीय सदस्य ने पूछा है, नेशनल, स्टेट और डिस्ट्रिक्ट लेवल पर एक स्ट्रक्चर्ड कोऑर्डिनेशन कमिटी स्थापित की गई है, ताकि रक्षाकर्मियों, शहीदों एवं एक्स-सर्विसमैन के परिवारों के लिए वेलफेयर मेज़र्स के इफेक्टिव इंप्लीमेंटेशन और मॉनिटरिंग को सुनिश्चित किया जा सके। अभी तक जो हमारी जानकारी है, जिसके अनुसार 31.12.2025 की स्थिति के अनुसार एक नेशनल लेवल पर, 12 राज्यों में और 269 डिस्ट्रिक्ट लेवल कोऑर्डिनेशन कमिटीज़ फंक्शनल हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश में भी कमिटी फंक्शनल है।

MR. CHAIRMAN: Third supplementary, Shri Ayodhya Rami Reddy Alla.

SHRI AYODHYA RAMI REDDY ALLA: Sir, I would like to ask hon. Minister through you: "What role do Para-Legal Volunteers play under the scheme? What training is being provided to ensure sensitivity and subject matter expertise in defence-related legal issues?"

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

**श्री अर्जुन राम मेघवालः** चेयरमैन सर, जैसा मैंने बताया, इस योजना की शुरुआत, विशेषकर 2025 और उसके बाद स्ट्रक्चर्ड मैनर में ये कमिटियां बनेंगी। इसमें जिला सैनिक बोर्ड, राज्य सैनिक बोर्ड काम करेंगे, लेकिन आपने जो ट्रेनिंग का पार्ट पूछा है, कैपेसिटी बिल्डिंग हेतु लीगल एड लॉयर्स तथा पैरा-लीगल वालंटियर्स के लिए नियमित ट्रेनिंग और सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम आयोजित किए जा

रहे हैं, ताकि स्टेट में यूनिफॉर्म इंप्लीमेंटेशन और इफेक्टिव आउटरीच सुनिश्चित की जा सके। हमारी जो पोजीशन है, 31.12.2025 तक जो हमारी लीगल क्लीनिक है, उसमें अब तक 310 ट्रेनिंग प्रोग्राम्स और 2,141 अवेयरनेस कैंप्स आयोजित किए जा चुके हैं।

MR. CHAIRMAN: Fourth supplementary, Shri Gulam Ali.

**श्री गुलाम अली:** चेयरमैन सर, आपका शुक्रिया कि आपने मुझे सप्लीमेंटरी पूछने का मौका दिया। सर, मैं जम्मू-कश्मीर से आता हूं और जम्मू-कश्मीर के लोग और हम सब देश के वजीर-ए-आज़म साहब और वजीर-ए-कानून साहब के मशकूर हैं कि पिछले 70 सालों में हाई कोर्ट के जजेज़ की तादाद 820 से 1,122 हुई है। सर, शैड्यूल्ड ट्राइब जजेज़ तो वहां हाई कोर्ट में मेरिट पर आए, लेकिन उनकी तादाद बहुत कम है। सर, इसके अलावा जो सरकारें दिल्ली में रही हैं - वहां पर Scheduled Castes की 7.5 percent total population है और Scheduled Caste का जो जज है, वह अभी तक हाई कोर्ट में नहीं पहुंचा है। मेरी माननीय मिनिस्टर साहब से यह गुजारिश है कि क्या सरकार का कोई प्लान है कि जिससे वहां Scheduled Caste का जज भी जम्मू-कश्मीर के हाई कोर्ट में जज बनेगा? शुक्रिया।

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

**श्री अर्जुन राम मेघवाल:** चेयरमैन सर, यह प्रश्न, मूल प्रश्न से संबंधित नहीं है, फिर भी माननीय सदस्य की जो भावना है, उसके अनुरूप अब हमारे पास डेटा उपलब्ध हो रहा है। पहले तो हमारे पास इसका डेटा ही उपलब्ध नहीं था कि कितने SC के जजेज़ हैं, कितने ST के जजेज़ हैं और कितने OBC के जजेज़ हैं? हमने यह डेटा नरेन्द्र मोदी जी की सरकार आने के बाद ही उपलब्ध करना शुरू किया है। उन्होंने पूछा कि क्या जम्मू-कश्मीर में SC का कोई जज, हाई कोर्ट में जज बनेगा, तो आपको भी पता है कि संबंधित हाई कोर्ट से, collegium के माध्यम से नाम आता है, फिर हमारे यहां उसकी scrutiny होती है, उसके बाद वह सुप्रीम कोर्ट में collegium के पास जाता है। निश्चित रूप से माननीय सदस्य की जो भावना है, उसके अनुसार हम हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को लिखेंगे। उनको हम वैसे भी लिखते रहे हैं, पहले भी हमने लिखा है और आगे भी चूंकि आज चर्चा आई है, तो हम निश्चित रूप से इनकी भावनाओं से जम्मू-कश्मीर के चीफ जस्टिस को अवगत भी कराएंगे।

MR. CHAIRMAN: Fifth supplementary; Shrimati Sulata Deo.

**श्रीमती सुलता देव:** ऑनरेबल चेयरमैन सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहती हूं कि यह जो 'वीर परिवार सहायता योजना, 2025' है, यह बहुत अच्छी स्कीम है। हमारे जो सैनिक होते हैं, वे बॉर्डर पर लड़ते हैं, लेकिन उनके घर पर जो कभी-कभी law and order की problem होती है, तो उसके लिए वहां कोई नहीं होता, इसलिए उनको legal aid देना चाहिए। मगर चिंताजनक बात यह है कि हमारे जो जवान या soldiers बॉर्डर पर लड़ते-लड़ते young age में शहीद हो जाते हैं, तो अगर वे शादीशुदा होते हैं, तो उनकी death के बाद उनके जितने सारे benefits होते हैं, वे सारे उनकी पत्नियों को मिलते हैं, ये मिलने भी चाहिए, मगर ऐसा होता है कि

जो young पत्नियां होती हैं, कभी-कभी वे दूसरी जगह पर अपनी दूसरी फैमिली भी बसाती हैं। वह भी होना चाहिए, मगर यह होता है कि उनके जो parents रहते हैं, उनके जो बुजुर्ग रहते हैं, उनके जो unmarried भाई-बहन रहते हैं, जो पढ़ाई-लिखाई करते हैं और वह उनके घर का एक ही नौजवान था, जो कि वहां बॉर्डर पर जवान था और जो उनके घर में रोजगार कमाता था, उसकी death के बाद उनके परिवार में बहुत सारे financial crisis होते हैं। तो उनके सारे पैसे और सारे बेनिफिट्स उनकी मिसेज़ लेकर चली जाती हैं। इसको देखते हुए, क्या ऐसा कोई कानून बनाया गया है कि उनको कुछ सहायता मिल सके? साथ ही, यह जो 'वीर परिवार सहायता योजना' है, उसमें कितने cases दायर हुए हैं?

MR. CHAIRMAN: Please conclude your question.

**श्रीमती सुलता देव:** साथ ही, यह centrally-monitor हो सकता है या नहीं और यह हो रहा है या नहीं? अगर यह centrally-monitored नहीं हो, तो फिर स्टेट में कुछ problems भी आ सकती हैं।

MR. CHAIRMAN: Be specific about your question.

**श्रीमती सुलता देव:** अगर इसको centrally-monitored नहीं किया गया हो, तो ऐसा करने की मेरी गुजारिश है। Thank you so much.

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

**श्री अर्जुन राम मेघवाल:** चेयरमैन सर, माननीय सदस्या ने जो प्रश्न किया है, उसके दो पाट्र्स हैं। एक पार्ट तो यह है कि 'वीर परिवार सहायता योजना' में monitoring का क्या system है, तो जैसा मैंने पहले बताया कि हमने इसके लिए national level, State level और district level पर Co-ordination Committees बनाई हैं। एक Committee national level पर काम कर रही है और 12 राज्यों में भी Committees काम कर रही हैं और 269 District Level Co-ordination Committees भी functional हैं, काम कर रही हैं। यानी इसमें monitoring की पूरी व्यवस्था है, training की पूरी व्यवस्था भी है और हम लगातार monitoring कर रहे हैं। कोई केस आया, तो उसमें सहायता मिली या नहीं मिली, इसकी रिपोर्ट भी हम जिला सैनिक बोर्ड और राज्य सैनिक बोड्र्स से लेते हैं।

इन्होंने जो दूसरा प्रश्न किया है, वह इस प्रश्न से बिल्कुल ही संबंधित नहीं है। यह प्रश्न sensitive भी है और सुप्रीम कोर्ट में इस विषय पर भी चर्चा हुई कि पहला अधिकार पत्नी को मिले और उसके बाद उसके मां-बाप को भी अधिकार मिले। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन भी है, धन्यवाद।

### Conference Clearance System

#*65. SHRI MADAN RATHORE: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

---

# Original notice of the question was received in Hindi.

(a) the number of applications received through the Conference Clearance System portal in the last three years, including the details of approved, rejected, and withdrawn applications;

(b) the average processing time for granting political clearance before and after the launch of online portal;

(c) whether any time limits or service standards have been set for the disposal of applications, and the extent to which they have been complied with; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI KIRTI VARDHAN SINGH): (a) to (d) A statement is laid on the Table of the House.

**Statement**

(a) to (d) The Conference Clearance System (CCS) portal (conference.epolclearance.gov.in) is an automated, single-window web- based application developed by the Ministry of External Affairs in March 2025 to streamline the process for granting political clearance to foreign nationals to attend or participate in conferences/seminars/workshops/ sports events and other events organised in India by government or private bodies.

This digital platform has ensured a smoother and hassle-free user experience with a substantial reduction in processing time as compared to the earlier mechanism. The portal also serves the larger objective of Digital India by maximizing the number of services available on the digital platform.

The portal serves as a centralised platform where stakeholders can access all the information related to the status of an application in one place. It features an interactive dashboard that enables the Ministry to seek missing or additional information from organisers promptly, whenever required. Organisers can also monitor the status of their applications online. These features have substantially reduced the average processing time by at least five to six working days.

In general, political clearance is granted within 3-5 working days. However, the actual processing time may vary on a case-to-case basis depending on several factors including the number of invitees — which may range from 10 to 200 and the countries

from which participation is expected. The portal also includes a provision for partial clearance. Under this mechanism, political clearance is granted individually as soon as complete information for a foreign delegate is received and verified. As a result, the overall application status may continue to appear as "pending" even though the political clearance has been granted for a majority of the delegates in some cases upto 90 percent of the total list.

A total number of 4809 applications have been received on the conference clearance portal since its launch. The details of these applications are as under:-

| Total number of applications received till 30.01.2026 1730 hrs | Cleared application | Partially cleared applications | Withdrawn applications | Cases where clearance not granted | Total number of applicants who have been granted clearance since March 2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| 4809 (including 278 under process applications) | 3883 | 407 | 141 | 100 | 22,857 |

MR. CHAIRMAN: First supplementary, Shri Madan Rathore.

**श्री मदन राठौड़:** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि Conference e-Political Clearance System क्या है और Conference e-Political Clearance System के लिए कौन आवेदन कर सकता है?

SHRI KIRTIVARDHAN SINGH: Sir, the Conference e-Political Clearance System is another public service delivery initiative taken by the Ministry of External Affairs. This is under the visionary leadership of Prime Minister, Shri Narendra Modi, where the focus is on modernizing consular and citizen-centric services that can be provided by the Ministry. This Conference Clearance System is a single-window portal and it is an automated web-based application developed by our Ministry in March 2025. The objective is to streamline the process for granting political clearance to foreign nationals

to attend or participate in conferences, seminars, workshops, sports events, or other events which are organized in our country by either our Government or even by private bodies. As far as the question as to who all can participate in this, Sir, anybody who is holding a conference here in India, any organization, any educational institute, which have invited foreign participants, they have to apply on an online portal. The organization has to apply on an online portal and the details of all the participants are given and then all the information is sought from our Coordination Committee, from our territorial offices and also from our Missions abroad, and based on that information, clearance is given to the participants and to the organizers.

MR. CHAIRMAN: Second supplementary, Shri Madan Rathore.

**श्री मदन राठौड़:** सभापति महोदय, क्या यह सही है कि कोई विदेशी आवेदक एक बार रजिस्ट्रेशन करवाने के पश्चात् उसी अकाउंट से एकाधिक कॉन्फ्रेंसेज़, इंटरनेशनल इवेंट्स कर सकता है, जबकि आवेदक का आईडी या उसी फोन नंबर से दूसरी बार रजिस्ट्रेशन संभव नहीं है? यदि हाँ, तो सुरक्षा किस प्रकार संभव होगी, ताकि इसका दुरुपयोग नहीं होगा?

**श्री सभापति:** ऑनरेबल मिनिस्टर।

SHRI KIRTIVARDHAN SINGH: Sir, the registration is a one-time process and once an applicant is registered, एक बार उसने रजिस्टर कर लिया, तो जैसा कि माननीय सदस्य जी ने पूछा है कि अगर वह और भी कॉन्फ्रेंसेज़ करना चाहता है, तो उसी रजिस्ट्रेशन के बल पर सकता है। सर, मगर इसमें अपने safeguards भी हैं। शुरू में ही उस applicant को पूरी जानकारी के बाद ही clearance दी जाती है और बीच-बीच में भी जब दोबारा रजिस्ट्रेशन होगा, तो उनकी जानकारी प्राप्त की जाती है। सर, रजिस्ट्रेशन एक प्रोसेस है, clearance दूसरा प्रोसेस है। रजिस्ट्रेशन उसी नंबर पर कर सकता है, मगर इस बीच में उस applicant के विरुद्ध कोई ऐसी रिपोर्ट आती है, तो clearance फिर मिलना अलग बात है।

MR. CHAIRMAN: Third supplementary, Dr. Bhim Singh.

**डा. भीम सिंह:** महोदय, यह मामला राजनीतिज्ञ व्यक्तियों को clearance देने के संबंध में है। माननीय मंत्री जी के उत्तर में कहा गया है कि 90 प्रतिशत प्रतिनिधियों को मंजूरी दे दिए जाने के बाद भी पोर्टल पर वह पेंडिंग दिखाई पड़ता है, इसलिए यह तो confusing है। इस confusion को दूर किया जाना चाहिए। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूँ कि real-time dashboard पर सही टाइम दिखाई पड़े, इसके लिए प्रावधान करने की कोई योजना बनाई जा रही है? इसी से जुड़ा दूसरा पहलू है और वह यह है कि जो उत्तर आया है, इसमें बताया गया है कि 4,809 आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनमें से 3,883 आवेदनों को मंजूर किए गया, 407 आवेदनों को आंशिक रूप से मंजूर किया गया और 100 आवेदनों को मंजूरी नहीं दी गई। मैं यह जानना चाहता हूँ कि आंशिक रूप से मंजूरी देने का क्या अभिप्राय है? आंशिक रूप से क्या हुआ, इसमें या तो होगा या नहीं होगा। जिन

Contents Page

100 आवेदनों को मंजूरी नहीं दी गई है, उसके संबंध में मैं यह जानना चाहता हूँ कि मंजूरी नहीं देने के क्या कारण हैं?

SHRI KIRTIVARDHAN SINGH: Sir, the Member sought to know as to why there are partially cleared applications and जो 100 clearance नहीं grant किए गए हैं, वह क्यों है। सर, partial clearance का मतलब यह होता है कि जब कोई भी organization...

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over. Now, the House stands adjourned to meet at 2.00 p.m.

*[Answers to Starred and Un-starred Questions (Both in English and Hindi) are available as Part – I to this Debate, published electronically on the Rajya Sabha website under the link* https://sansad.in/rs/debates/officials*]*

*The House then adjourned for lunch at one of the clock.*

---

*The House re-assembled after lunch at two of the clock,*
MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

## $MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, we are now taking up further discussion on the motion moved by Shriman C. Sadanandan Master and the Amendments moved there too on the 2nd February 2026. I now call upon the hon. Members whose names have been received for participation in the discussion. Shrimati Maya Naroliya.

**श्रीमती माया नारोलिया** (मध्य प्रदेश) : उपसभापति महोदय,

"त्वदीय पाद पंकजम
नमामि देवी नर्मदे, नमामि देवी नर्मदे।"

माननीय उपसभापति महोदय जी, मैं आपका तथा अपनी पार्टी का हृदय से धन्यवाद देना चाहूँगी कि आपने मुझे माननीय महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलने का अवसर प्रदान किया।

आज मैं इस सदन के समक्ष उस ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करना चाहती हूँ, जिसे हमारी मोदी सरकार ने देश को विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प और स्पष्ट दृष्टि के साथ आगे बढ़ाया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित

$ Further discussion continued on a motion moved on the 2nd February, 2026.

भारत 2047, 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की ओर बढ़ते हुए ऐतिहासिक एवं अनुकरणीय कार्यों की सराहना करते हुए ये पंक्तियाँ माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए कहना चाहूँगी:

"कोई चलता है पदचिन्हों पर,<br>
कोई पदचिन्ह बनाता है,<br>
है वही सूरमा इस जग में,<br>
दुनिया में पूजा जाता है।"

ऐसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की सरकार, डॉ. मोहन यादव जी के कुशल मार्गदर्शन में, समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। हमारे मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम में भी नर्मदा लोक का निर्माण होने जा रहा है। यह हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शिता और मध्य प्रदेश के हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में राज्य के सभी ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों को विकसित करने का प्रयास है।

माननीय महोदय जी, वर्ष 2026 केवल एक कैलेंडर वर्ष नहीं है, बल्कि यह भारत की 21वीं सदी की यात्रा का दूसरा चरण है। यह अमृत काल का वह चरण है, जिसमें हम आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। यह वर्ष हमें वंदे मातरम् के 150 वर्ष, गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान के 350 वर्ष तथा भगवान बिरसा मुंडा और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती की याद दिलाता है। ये केवल स्मरण के अवसर नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा हैं। इन्हीं प्रेरणाओं के साथ मोदी सरकार ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य निर्धारित किया है। मोदी सरकार की नीति का केंद्र बिंदु हमेशा गरीब का उत्थान रहा है। बीते दशकों में गरीबों को एक स्थायी समस्या मान लिया गया था। योजनाएँ बनीं, लेकिन वे कागजों तक सीमित रह गईं। पिछली सरकारें, इनकी सरकार कहती थी कि यदि एक रुपया भेजा जाता था, तो केवल पंद्रह पैसे ही हितग्राही तक पहुँचते थे और शेष 85 पैसे दलाली एवं कमीशनखोरी में चले जाते थे। लेकिन माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने पारदर्शिता सुनिश्चित की। आज यदि योजना का एक रुपया लाभार्थी के लिए है, तो वह पूरा एक रुपया सीधे उसके खाते में पहुँचता है। हमारी सरकार ने उस सोच को बदला है और आज परिणाम यह है कि 25 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। इनकी सरकार गरीबी का ढिंढोरा पीटती थी, लेकिन गरीबी मिट नहीं पाई। गरीब गरीब ही रह गया। आज यह कोई साधारण उपलब्धि नहीं है, यह एक सामाजिक क्रांति है। चार करोड़ से अधिक पक्के मकान गरीबों को प्रदान किए गए हैं। केवल पिछले एक वर्ष में ही 32 लाख नए घर बने हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 12.5 करोड़ परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया है, जिनमें से एक करोड़ परिवार केवल पिछले एक वर्ष में जुड़े हैं। उपसभापति महोदय, 'उज्जवला योजना' के अंतर्गत दस करोड़ से अधिक परिवारों को एलपीजी कनेक्शन्स मिले हैं, जिससे महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है तथा उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि को भी ध्यान में रखा गया है। सामाजिक सुरक्षा का दायरा 25 करोड़ से बढ़ाकर 95 करोड़ नागरिकों तक पहुंचा है।

माननीय महोदय, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से केवल एक वर्ष में 6.75 लाख करोड़ रुपए सीधे जनता के खाते में पहुंचाने का काम किया है। कभी कहा गया था कि एक रुपए में से पंद्रह पैसे गरीब तक पहुंचते हैं, लेकिन आज स्थिति यह है कि पूरा रुपया गरीब तक पहुंचता है। यह परिवर्तन नीति का नहीं, नीयत का परिणाम है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है। कभी इलाज अमीरों का अधिकार माना जाता था और गरीब इलाज से वंचित रहते थे। हमारी सरकार ने इस अन्याय को भी समाप्त किया है।

महोदय, 'आयुष्मान भारत योजना' के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक निशुल्क अस्पताल उपचार दिए गए, जिनमे से 2.5 करोड़ पिछले एक वर्ष में हुए हैं। 'वंदना कार्ड' के माध्यम से एक करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है। आठ लाख बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मिला है। 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' और 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' से 26 हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि दावों के रूप में देने का काम भी हमारी सरकार ने किया है। 1.8 लाख 'आयुष्मान आरोग्य मंदिरों' के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं गाँव- गाँव तक पहुँची हैं। जापानी इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर नियंत्रण पाने का काम भी किया गया है। भारत को ट्रेकोमा मुक्त देश घोषित किया गया। यह दिखाता है की अब स्वास्थ्य सेवा दया नहीं अधिकार है। मध्यम वर्ग को भी सरकार ने सम्मान दिया है। बारह लाख रुपए तक की आय कर मुक्त कर दी गई है। जीएसटी सुधारों से एक लाख करोड़ रुपए की बचत हुई है। दो करोड़ से अधिक दोपहिया वाहनों का पंजीकरण हुआ है, जो अर्थव्यवस्था में विश्वास का प्रतीक है। मध्यम वर्ग अब बोझ नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार माना जा रहा है। किसान अन्नदाता सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए 'पीएम किसान सम्मान निधि' के तहत चार लाख करोड़ रुपए सीधे किसानों को देने का काम भी किया गया है। भारत का खाद्यान्न उत्पादन 330 मिलियन टन से अधिक हुआ है। भारत विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक बना है। मछली उत्पादन में 105 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और दूध उत्पादन में भारत विश्व में अग्रणी है।

उपसभापति जी, खाद, तेल, तिलहन और दालों के लिए राष्ट्रीय मिशन से आत्मनिर्भरता बढ़ रही है। कृषि अवसंरचना कोष से 1.25 लाख करोड़ रुपए का निजी निवेश आया है और यह खेती को आधुनिक बनाने का काम कर रहा है। सामाजिक न्याय सरकार की आत्मा है। सर, 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के सिद्धांत पर दलितों, पिछड़ों और जनजतियों के लिए विशेष कार्य हुए हैं। 6.5 करोड़ लोगों की सिकल सेल एनीमिया जांच भी की गई है। 400 से अधिक एकलव्य मॉडल विद्यालय स्थापित किए गए हैं। 42 हजार करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति से पाँच करोड़ जनजातीय छात्र लाभान्वित भी हुए हैं। ये सरकार की प्राथमिकताएं हैं। भारत की अर्थव्यवस्था आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। कभी हम फ्रेजाइल फाइव में गिने जाते थे और आज हम वैश्विक आशा हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता बन चुका है। एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का मोबाइल निर्यात हुआ है। भारत अब सौ देशों को इलेक्ट्रिक वाहन निर्यात करने का भी काम कर रहा है। जो संरचना की दृष्टि से राष्ट्र की उपलब्धि है।

Contents Page

महोदय, 18 हज़ार किलोमीटर ग्रामीण सड़कें एक वर्ष में बनीं, चिनाब ब्रिज और नया पंबन ब्रिज इंजीनियरिंग के प्रतीक हैं। आज 150 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें देशों को जोड़ रही हैं, मेट्रो नेटवर्क 1 हज़ार किलोमीटर से अधिक हुआ है, राष्ट्रीय जल मार्ग 5 से बढ़कर 100 से अधिक हुए हैं, कानूनी सुधारों से शासन सरल हुआ है, चार श्रम संहिताएँ लागू हुई हैं, 300 से अधिक अपराधों का अपराधीकरण समाप्त हुआ है। ...(**समय की घंटी**)... पूर्वोत्तर भारत अब विकास का इंजन बन रहा है।

**श्री उपसभापतिः** माया नारोलिया जी, आपका समय खत्म हो गया है। डा. संगीता बलवन्त, आप अपना भाषण आरंभ कीजिए।

**डा. संगीता बलवन्त** (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, आपने मुझे, महामहिम राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करती हूँ। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** माया नारोलिया जी, आप बैठ जाइए, आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है।

**डा. संगीता बलवन्तः** महोदय, मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदया जी के दूरगामी, दूरदर्शी और सारगर्भित अभिभाषण के लिए उन्हें हृदय की गहराइयों से धन्यवाद देती हूँ और आज इस सदन के माध्यम से कहना चाहती हूँ कि महामहिम जी का अभिभाषण कागज पर लिखी मात्र कुछ लाइनें नहीं थीं, बल्कि यह उस भारत की आवाज़ थी, जो मोदी जी के नेतृत्व में न रुकता है, न झुकता है और न ही किसी से डरता है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं कहना चाहती हूँ कि महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण का प्रारंभ वंदे मातरम् के एक 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रीय गीत के रचयिता, श्री बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जी को नमन करते हुए किया। मैंने उनके इस भाव को स्वरचित पंक्तियों में कुछ इस तरह पिरोया है:—

*"मातृभूमि की शान है, गूँजे जिसका हरदम नाम*
*स्वाधीनता का दीप जला, बना यह वीरों का पैगाम।*
*बंकिम की लेखनी से निकला वंदे मातरम्*
*भारत की धड़कन बनकर फैला यह आठों याम।"*

महोदय, राष्ट्रपति महोदया ने गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व का स्मरण किया। उन्होंने आदिवासी समाज के योगदान को याद करते हुए भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती पर उनका वंदन किया, "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" के सूत्रधार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 जयंती पर उन्हें सैल्यूट किया, "भारत रत्न" भूपेन हजारिका जी की जन्म शताब्दी पर उनके सुरों को भी हृदय से स्पर्श किया, देश के पूर्वजों के महान योगदान को स्मरण करते हुए राष्ट्रपति महोदया ने यह संदेश दिया कि पूर्वजों का स्मरण हमारे लिए प्रेरणा है, हमारे लिए आशीर्वाद है और यह प्रेरणा हमें वह शक्ति प्रदान करती है, जो भारत को महाशक्ति बनाने में सहायक है।

Contents Page

महोदय, 2014 के बाद भारत ने एक निर्णायक बदलाव देखा है। यह बदलाव सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति के परिवर्तन का है। आज देश नीति पंगुता, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति से निकलकर निर्णय, नियत और नतीजे की राजनीति की ओर बढ़ा है।

माननीय उपसभापति महोदय, सुशासन की वास्तविक कसौटी यह है कि वह समाज के सबसे कमजोर वर्गों के जीवन में कितना ठोस परिवर्तन लाता है। बीते एक दशक में लगभग 25 करोड़ भारतीयों का गरीबी रेखा से बाहर आना केवल एक आँकड़ा नहीं, बल्कि परिणाम आधारित शासन का प्रमाण है। प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार ने गरीबों को गरीबी के दुश्चक्र से मुक्त कर, उन्हें गरिमा के साथ आगे बढ़ने का अवसर देने पर विशेष ध्यान दिया है। इसी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए जल जीवन मिशन के पाँच वर्षों में साढ़े 12 करोड़ नए परिवारों तक पाइप से पानी पहुँचाया गया। महोदय, बीते एक वर्ष में करीब एक करोड़ नए परिवारों तक नल से जल की सुविधा पहुँची है। इस सरकार ने अपारदर्शिता के स्थान पर पारदर्शिता को स्थापित किया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलिये और लीकेज के सीधे लाभार्थियों तक पहुँचे। केवल पिछले वर्ष ही 6 लाख 75 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रत्यक्ष रूप से हस्तांतरित की गई, जबकि काँग्रेस की सरकार में उनके प्रधान मंत्री ही कहा करते थे कि जब वे ऊपर से एक रुपया भेजते हैं, तो नीचे पहुँचते-पहुँचते वे मात्र 15 पैसे रह जाते हैं।

महोदय, खाद्यान्न उत्पादन में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ दर्ज की गई हैं। पिछले वर्ष भारत ने रिकॉर्ड 350 मिलियन टन से अधिक खाद्यान्न, 150 मिलियन टन चावल और 200 लाख टन मछली का उत्पादन किया, जो 2014 से 105 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। पिछले वर्ष लागू किए गए ऐतिहासिक कर सुधारों के अंतर्गत 12 लाख तक की आय को कर मुक्त कर दिया गया, जिससे मध्यम वर्ग को अभूतपूर्व राहत मिली और आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त हुई। जीएसटी 2.0 सुधार वास्तव में मध्यम वर्ग के लिए बचत उत्सव साबित हुए, जिससे न केवल उपभोग बढ़ा, बल्कि नागरिकों को एक लाख करोड़ की बचत भी हुई। राष्ट्रपति महोदया जी ने इस ओर भी ध्यान केंद्रित किया कि भारत की महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्व कप जीता है। ब्लाइंड वुमेन क्रिकेट टीम ने भी वर्ल्ड कप जीता है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, यानी एनडीए में महिला कैडेट्स का पहला बैच पास आउट हुआ है। इससे यह बात दृढ़ हुई है कि नारी हर क्षेत्र में भारत को सुदृढ़ कर रही है।

महोदय, मोदी जी के सबका साथ, सबका विकास के चहुंमुखी प्रयास पर मेरी लेखनी ने यह लिखा है:-

*"आदिवासी, दलित, पिछड़ा, सवर्ण - सबका पकड़ के हाथ,*
*भारत चल पड़ा है विकास के साथ,*
*गरीब, किसान, महिला, युवा,*
*गरीब, किसान, महिला, युवा,*
*मोदी जी ने सबके हृदय को छुआ,*
*मोदी जी ने सबके हृदय को छुआ।"*

Contents Page

महोदय, 2014 के बाद सोच बदली, देश बदला। 2014 के पहले देश पूछता था कि होगा या नहीं, जबकि 2014 के बाद देश कहता है कि हो चुका है। पहले नीति में भ्रम था, आज नीति में निर्णय है। पहले सत्ता की मजबूरी थी, आज नेतृत्व की मजबूती है। गरीब कल्याण नारा नहीं, नतीजा है। कुछ लोग गरीब के नाम पर राजनीति करते हैं और यह सरकार गरीब के लिए नीति बनाती है। करोड़ों गरीबों को पक्के घर मिले, माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना से सम्मान मिला, स्वच्छ भारत ने गरीब को गरिमा दी। जन-धन, आधार, मोबाइल से भ्रष्टाचार की जड़ पर वार हुआ। यह सरकार कहती नहीं है, बल्कि करके दिखाती है। महोदय, स्वास्थ्य इलाज अब अमीरों का अधिकार नहीं। पहली बार इस देश में गरीबों को भरोसा मिला कि बीमारी अब गरीबी की सजा नहीं बनेगी। आयुष्मान भारत योजना में पाँच लाख तक का मुफ्त इलाज, गाँव-गाँव हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, जन औषधि में सस्ती दवाइयाँ, एम्स और मेडिकल कॉलेजेज़ - ये सब सिर्फ राजधानी में नहीं, बल्कि पूरे भारत में खुले हैं। जब पूरी दुनिया कोरोना से घबरा गई थी, तब भारत ने दुनिया को वैक्सीन दी। यही है आत्मनिर्भर भारत की ताकत।

महोदय, अगर युवा मजबूत है, तो देश अजेय है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 दशकों का सबसे बड़ा सुधार है। रटने की शिक्षा से निकलकर सोचने की शिक्षा, डिजिटल प्लेटफॉर्म स्वयं और दीक्षा की अभूतपूर्व सफलता, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया से अब नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले युवा निकल रहे हैं और आज भारत का युवा कहता है कि मैं तैयार हूँ। किसान सम्मान सहायता और सुरक्षा, पीएम किसान से सीधी मदद, फसल बीमा से सुरक्षा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड से वैज्ञानिक खेती, e-NAM और किसान रेल से बाजार तक सीधी पहुंच। यह सरकार किसान को चुनाव का मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्र की नींव मानती है।

महोदय, मैं अपनी दो स्वरचित पंक्तियों के साथ ही अपनी बात को विराम दूंगीः-

*"देश विकसित हो अनागत में यही संचार है,*
*जनता से सीधे जुड़ा मोदी युग का तार है,*
*नील अम्बर में तिरंगे की चमक हो दूर तक,*
*स्वर्णिम राष्ट्र हित सफर में एनडीए सरकार है।"*

जय हिंद, जय भारत!

**श्री उपसभापतिः** माननीय महेंद्र भट्ट।

**श्री महेंद्र भट्ट** (उत्तराखंड): माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने के लिए अवसर प्रदान किया है। महोदय, मैं सबसे पहले महामहिम राष्ट्रपति जी को बधाई देता हूं, उनका धन्यवाद करता हूं कि आपने इस गरिमामय सदन के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित किया। महामहिम राष्ट्रपति जी का अभिभाषण केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं थी, बल्कि यह देश की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों और भविष्य की दिशा का स्पष्ट दस्तावेज है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में लोकतंत्र, संविधान और जन-कल्याण की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। यह अभिभाषण सरकार की उस

Contents Page

प्रतिबद्धता को दोहराता है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास - यह मंत्र केवल बोलने का मंत्र नहीं, जपने का मंत्र नहीं, बल्कि यह मंत्र धरातल पर लोगों को दिखाई देता है और जनता का विश्वास खड़ा हुआ है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में देश की प्रगति, खासतौर पर आर्थिक प्रगति का बहुत व्यापक उल्लेख किया गया है। आज दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत आगे बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जी के साथ टेलिफोनिक वार्ता के बाद जो संदेश देश को मिला है, मैं विश्वासपूर्वक कह सकता हूं कि देश के नागरिकों में सरकार के प्रति और विश्वास जागृत हुआ है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत विनिर्माण, स्टार्ट-अप, एमएसएमई और डिजिटल अर्थव्यवस्था को जो बल मिला है, उससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़े हैं, बल्कि भारत वैश्विक मंच पर एक मजबूत शक्ति के रूप में उभर रहा है। यह मैं विश्वासपूर्वक कह सकता हूं। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, जो आज के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक हैं। ऐसी-ऐसी पहलों ने भारत के युवाओं को नए अवसर दिए हैं। जिस प्रकार से यह गति बढ़ी है, मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि आज का युवा केवल नौकरी को ओर नहीं दौड़ता है, बल्कि उसने अनेकों लोगों को अपने साथ जोड़ा है। उसने व्यवसाय से उनको जोड़ा है। इसमें खास तौर पर मुद्रा योजना का बहुत बड़ा योगदान है। विश्वकर्मा योजना का भी बहुत बड़ा योगदान है। लोगों को उनकी आर्थिक प्रगति में एक बहुत बड़ा योगदान इससे प्राप्त हुआ है।

महोदय, महामहिम राष्ट्रपति महोदया ने किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। यह सच है कि भारत में किसान की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। अगर किसान गरीब रहेगा, अगर किसान की क्षमता को प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा, तो देश में खाद्यान्न की कमी हो सकती है। मैंने देखा है कि पिछले दिनों अनेकों किसानों ने अपनी खेती को बेचने का काम किया, लेकिन जिस प्रकार से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने - मैं तो बहुत छोटे राज्य का सांसद हूं, मैं जानता हूं हर तीसरे महीने में जब 2,000 रूपये की राशि आती है, तो किसान को बीज लेने के लिए एक सुविधा प्राप्त होती है और वह साहूकारों के पास जाने से बचता है। महोदय, किसान सम्मान निधि में जो धनराशि दी जा रही है, इसने किसानों में एक विश्वास खड़ा किया है। फसल बीमा योजना ने कृषकों की क्षतिपूर्ति के प्रति विश्वास खड़ा किया है। जब किसान अपनी पैदावार उगाता था – पिछले दिनों उत्तराखंड के अंदर आपदाएं बहुत आई हैं, हम सब लोग इस बात जानते हैं, लेकिन जिस प्रकार से सरकार ने उन कृषकों को फसल बीमा का लाभ पहुंचाया, तो मैं कह सकता हूं कि यह एक बहुत बड़ी पहल सरकार द्वारा हुई है। महोदय, मुझे आश्चर्य होता है कि कल अपोजिशन के एक सांसद ने कोटद्वार की एक घटना का उल्लेख किया। उन्होंने वहां पर मोहम्मद दीपक की चर्चा की है। महोदय, हम धार्मिक रूप से किसी पक्ष के विरोधी नहीं हैं। मेरी राज्य सरकार ने स्पष्ट कहा है कि प्रदेश के अंदर हम एक देवतुल्य माहौल बनाए रखना चाहते हैं। प्रश्न इस बात का नहीं है कि मोहम्मद दीपक नाम रखा गया है या बाबा स्कूल ड्रेस के नाम से, बाबा के नाम से दुकान चल रही है, बल्कि प्रश्न यह है कि नाम बदल कर जब वहां पर इस प्रकार के कार्य होते हैं, बहनों के साथ छल होता है, उस आधार पर जब बातें होती हैं, तो निश्चित रूप से शंका प्रकट होती है। ये मोहम्मद दीपक तो कांग्रेस के कार्यकर्ता निकले और इन्होंने ही वहां पर सारे माहौल को खराब करने का काम किया है।

Contents Page

महोदय, मैं सिंचाई परियोजनाओं के बारे में चर्चा करना चाहता हूं। कृषि विकास में, किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में आज कठोर प्रयास हुए हैं। महोदय, मैं उत्तराखंड से आता हूं। वहां पर श्रीअन्न का बड़ा भंडार है। वहां कोदा और झंगोरा का मार्केट बढ़ा है, बड़ी संख्या में मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ा है और गरीब किसानों को इसका बड़ा लाभ मिला है। मेरे राज्य में पशुपालन, मत्स्यपालन, मधुमक्खीपालन बढ़ा है। सरकार द्वारा इसके लिए सहकारिता के माध्यम से कम ब्याज पर ऋण देने का जो काम किया गया है, उससे वहां के जो बेरोजगार युवा हैं, खास तौर पर मैं कह सकता हूं कि जो मधुमक्खीपालन से जुड़े हुए हैं, उनको बड़ा लाभ मिला है। आज देश के अंदर मत्स्यपालन की 105 प्रतिशत की वृद्धि उल्लेखनीय है। इस सरकार के इन प्रयासों से लाभ हुआ है।

महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सामाजिक न्याय की मजबूत भावना दिखाई गई है। पीएम-जनमन योजना इसी प्राथमिकता पर काम कर रही है। आदिवासियों में सबसे पिछड़ी जातियों को, 20,000 से ज्यादा गांवों को विकास से जोड़ा गया है। इस समुदाय के लोगों के लिए 2.5 लाख घर इसी योजना के माध्यम से बने हैं। पिछले 11 वर्षों में अनुसूचित जाति के छात्रों को 42,000 करोड़ रुपए से अधिक की पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति दी गई है। महोदय, अनुसूचित जाति का छात्र आज प्रधान मंत्री जी के प्रधानमंत्रित्व काल में इस विश्वास के साथ खड़ा हो रहा है कि आज गरीब से गरीब व्यक्ति अच्छी शिक्षा ले सकता है, आगे बढ़ सकता है। यह बहुत बड़ी प्राथमिकता हुई है।

महोदय, मैं उज्ज्वला योजना की चर्चा जरूर करना चाहूंगा। हम पहाड़ी क्षेत्र के लोग हैं। हमको गैस के सिलिंडर के लिए बहुत दिक्कतें होती थीं। आज मेरे उत्तराखंड के हर घर के अंदर गैस का चूल्हा है और गैस की सप्लाई गांव के गांव तक हो रही है। मैं इसको एक बहुत बड़ी उपलब्धि के रूप में कहूंगा। सरकार ने मातृशक्ति को उस धुएँ से बचाने का काम किया है। आज 10 करोड़ महिलाओं को स्वयं-सहायता समूह से जोड़ा गया है। मेरे राज्य में 6,772 समूह बना कर 5 लाख ग्रामीण बहनों को विकास से जोड़ा गया है। वर्तमान में मेरे राज्य में 1,70,000 दीदियां लखपति दीदियां बनी हैं। हमको प्रधान मंत्री जी की लखपति दीदी योजना का एक बहुत बड़ा लाभ मिला है। ड्रोन दीदी योजना से बहनों को कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक से जोड़ने का काम हुआ है। 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार', इस योजना के जरिए मातृशक्ति के स्वस्थ रहने का जो काम किया गया है, मैं कह सकता हूं कि इसके लिए उत्तराखंड की तरफ से एक बहुत बड़ा संदेश है और सभी बहनें प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद कर रही हैं। महोदय, मोदी जी के शासन में मातृशक्ति के नए स्वरूप के दर्शन हुए हैं। अभी एनडीए का जो पहला बैच निकला है, उसमें जो महिला कैडेट्स का चयन हुआ है, मैं कह सकता हूं कि उसमें उत्तराखंड की भी बहुत सारी बहनें निकल कर आई हैं।

उपसभापति महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख है। मैं इस योजना का उल्लेख इसलिए करूंगा, क्योंकि मेरे उत्तराखंड में गरीब लोगों को एक प्रकार से स्वास्थ्य में दिक्कतें आती थीं। आज उनको एक बहुत बड़ा उपहार मिला है। मैं इस आयुष्मान योजना को उपहार कहूंगा। यह एक बहुत बड़ा उपहार गरीब लोगों को मिला है। आज एक-एक व्यक्ति इलाज के लिए बहुत अच्छे हॉस्पिटल तक जाता है। जहां देश में इसका लाभ 36 करोड़ लोगों को मिला, वहीं मेरे राज्य उत्तराखंड में यह संख्या 9 लाख लोगों की है। 50 लाख

Contents Page

कार्डधारक बने। इस पर अब तक 3,300 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। मेरे राज्य में उत्तराखंड के अंदर सभी नागरिकों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

महोदय, देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा में आज देश ने प्रगति की है। कल आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बने माओवादी आतंकवाद की चर्चा हुई। मैं माननीय गृह मंत्री जी का धन्यवाद करूंगा कि आज देश के अंदर 2,000 लोगों ने, जो माओवाद से जुड़े थे, उन्होंने आत्मसमर्पण किया है और धीरे-धीरे यह समस्या समाधान की ओर बढ़ रही है। महोदय, मैं एक छोटे राज्य से आता हूं। उत्तराखंड में जब से डबल इंजन की सरकार बनी है, मोदी जी ने राज्य के विकास के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी है। मेरी सरकार ने केन्द्र से जो मांगा, वह हमें सदैव प्राप्त हुआ है। उत्तराखंड में सड़कें, सुरंग, पुल, हेली सेवाएं अब पहाड़ों में दिखाई दे रही हैं। चारधाम ऑल वेदर रोड, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन, सीमावर्ती सड़कों का निर्माण इसके परिणाम हैं। उत्तराखंड राज्य में हर वर्ष आपदा आती है, जिसमें काफी क्षति होती है, परंतु केंद्र सरकार के सहयोग से जनजीवन को पुनः ठीक किया जाता है।

महोदय, मैं प्रधान मंत्री जी का बहुत आभार व्यक्त करता हूं कि हमारे राज्य के लिए उनका एक बहुत बड़ा दृष्टिकोण रहा है। मैं केदारनाथ के पुनर्निर्माण से लेकर सिलक्यारा टनल रेस्क्यु में केंद्र के सहयोग के लिए इस मंच से प्रधान मंत्री जी का, देश की सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। मैं केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में पलायन रोकने की पहल को एक कामयाब पहल के रूप में देखता हूं। पहली बार होम स्टे, सीमांत पर्यटन, स्टार्टअप और स्थानीय उत्पादों के जरिए रिवर्स पलायन की शुरुआत उत्तराखंड के अंदर हुई है। मैं कह सकता हूं कि केंद्र की अच्छी योजनाओं ने हमारे राज्य को बहुत लाभ पहुंचाया है।

महोदय, हमारे सीमावर्ती गांव आज बोझ के रूप में नहीं हैं, बल्कि हमारे सीमावर्ती गांव हमारी शक्ति बन गए हैं। पहले सीमावर्ती गांवों को 'आखिरी गांव' कहा जाता था, परंतु प्रधान मंत्री जी ने इन्हें 'देश के प्रथम गांव' नाम दिया और वाइब्रेंट विलेज बनाकर प्रथम पंक्ति में खड़ा किया है।

महोदय, मैं अंत में यही कहना चाहूंगा कि राष्ट्रपति जी का यह अभिभाषण आशा, विश्वास और संकल्प का अभिभाषण है। ...(**समय की घंटी**)... ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** धन्यवाद। माननीय सतनाम सिंह संधू जी। ...(**व्यवधान**)... माननीय सतनाम सिंह संधू जी, सिर्फ आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जाएगी।

**श्री सतनाम सिंह संधू** (नामनिर्देशित): उपसभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे इस बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया है। मैं अपनी पार्टी के नेतृत्व का आभारी हूँ, जिन्होंने मुझे यह समय दिया है।

उपसभापति जी, मैं इस विषय पर बोलने से पहले, भावनाओं से बहुत भरा हुआ हूँ। उसकी वजह है कि इस बुकलेट में, जो माननीया राष्ट्रपति जी का अभिभाषण है, इसमें नौवीं पातशाही

साहेब श्री गुरु तेग बहादुर जी की रची हुई बाणी, जो गुरु ग्रंथ साहिब में है, जिसको हम हाज़िर-नाज़िर गुरु मानते हैं, उसके नौवें महल्ले के श्लोक में दर्ज है: –

"भय काहू *कउ* देत *नहिं, नहिं* भय मानत *आनि।*
कह नानक सुन रे मना, *गिआनी ताहि बखानि॥"*

महोदय, सिक्खों के लिए शब्द गुरु है और वह शब्द इस बुकलेट में शामिल किया गया है, जो एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। मैं अपनी बात कहने से पहले इस बुकलेट को नतमस्तक होता हूं। दुनिया भर में जितने भी सिक्ख देख रहे हैं, मेरी बात सुन रहे हैं, मैं उनको दिखाना चाहता हूं कि पन्ना नंबर 15 पर गुरु तेग बहादुर जी को, उनकी बाणी को कितना सम्मान दिया गया है। उपसभापति जी, मैं चाहता हूं कि आज मैं अपनी बात अपनी मां-बोली पंजाबी में करूं, ताकि मैं अपनी भावनाओं को और अच्छे से व्यक्त कर पाऊं।

*Sir, I see the strategic blueprint of *Viksit Bharat* in the speech of the hon. President. This is a document that starts from vision and goes all the way to action. Sir, this vision is a PowerPoint presentation—the best combination of policy, performance, and pace. This document has intent, execution, and most importantly, it emphasizes speed, scale, and impact.This document, with its governance clarity and nation-building conviction, is a confluence of the two. This clearly indicates that this Government is not a promoter of the status quo, while systemic transformation is its driver. It is not inertia, but initiative; not delay, but decisiveness. Sir, the priorities of the Government are evident on every page of this historic document. The mention of food providers eight times and the mention of the poor ten times is living proof of the Government's commitment. The mention of *Nari Shakti* 18 times, *Yuva Shakti* 20 times, and concern for the backward classes 17 times shows that inclusivity is not a slogan for us; it is a solution. And when employment is mentioned 11 times and development is mentioned 23 times, it is clear that this Government is not giving importance to symbolism, but to growth and opportunities.

Sir, it is a matter of great pride that in this speech, the hon. President has mentioned the words of the Ninth Guru, Sri Guru Tegh Bahadur Ji, *"One who does not frighten anyone and one who is not afraid of anyone,"* and has remembered Sri Guru Tegh Bahadur Ji twice. This makes it clear how this Government is taking inspiration from the Guru Sahibs and following their principles. The Prime Minister has also been repeating these words many times. This is not only a spiritual message but also a national security doctrine of the country, that is, neither to intimidate anyone nor to fear

* English translation of the original speech delivered in Punjabi.

anyone. Under the leadership of Prime Minister Modi, this same principle has given India diplomatic and economic successes all over the world.

Hon. Deputy Chairman Sir, in the last week or ten days, we have seen that free trade agreements have been reached with the European Union and the U.S.A., while following the principles of Guru Tegh Bahadur Sahib. Sir, when Aurangzeb ordered everyone in India to recite the Kalma or face beheading, Sri Guru Tegh Bahadur Ji came forward to protect religion. In front of Guru Sahib at Chandni Chowk in Delhi, his beloved Sikhs—Bhai Mati Das Ji was sawn alive, Bhai Sati Das Ji was burnt alive, and Bhai Dayala Ji was boiled alive in a cauldron of boiling oil. All this was done so that Guru Ji, fearing persecution, would recite the Kalma. But Guru Sahib did not recite the Kalma and instead preferred to give his head to protect religion, thus sacrificing himself. For the sake of religion, he sacrificed himself, remaining uncompromising in his principles.

Sir, in the last 11 years, the Government under the leadership of Prime Minister, Shri Narendra Modi, has done many historic works to pay respect to the Gurus. On the occasion of the 550th birth anniversary of Sri Guru Nanak Dev Ji, the Government showed great respect towards the Gurus by removing 312 Sikhs living abroad from the blacklist, who were unable to come to India for the last 30 years, and by establishing *Guru Nanak Chairs* abroad in different countries so that people all over the world can take inspiration from the principles of the Guru Sahib. On the 350th birth anniversary of the Tenth Guru, Sri Guru Gobind Singh Ji, the Prime Minister showed his devotion to Guru Sahib by allocating ₹100 crore for the development of Patna Sahib. Understanding the sentiments of the Sikh community, by starting the Kartarpur Sahib Corridor, deciding to build the Hemkunt Sahib ropeway at a cost of ₹2,700 crore, removing GST from langar, declaring *Veer Bal Diwas* on the martyrdom of the Sahibzadas, many significant works have been done under this Government. We are deeply grateful to the hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi, who has strengthened Punjab in the field of education and health by giving world-class institutions like IIM in Guru Nagari Amritsar, AIIMS in Bathinda, and Homi Bhabha Cancer Hospital in Mohali. Along with this, he has increased the capacity of airports in Punjab, and now four domestic and international airports are operational in the State. A few days ago, the Prime Minister gave great honour to the sentiments of the Sangat by naming Adampur Airport in Punjab after Bhagat Ravidas Ji, whose hymns have been included in the Guru Granth Sahib.

Sir, all hopes of getting justice for Sikhs in the 1984 anti-Sikh riots had faded. But under Prime Minister Modi's Government, an SIT was formed, hundreds of cases were reopened, compensation was given, and big political figures who killed Sikhs were put behind bars. After decades of silence, for the first time, the State listened to the Sikhs and started delivering justice. On the one hand, the Sikh community has been delivered justice under the leadership of the hon. Prime Minister. On the other hand, it is with deep anguish I state that on the very steps of this august House, a turbaned Sikh Minister was insulted and labelled a traitor. Such an affront to a Sikh Minister has deeply hurt the sentiments of Sikhs across the world." *...(Interruptions)...*

**श्री उपसभापतिः** प्लीज़, रूल्स का पालन करें। ...(**व्यवधान**)... Rules will be followed. आप बोलें। ...(**व्यवधान**)...

SHRI SATNAM SINGH SANDHU: *The Sikh community already faces numerous challenges globally because of its distinct identity and appearance and continues to struggle for dignity and respect. It is, therefore, profoundly unfortunate that within the precincts of the Parliament of India, a Sikh Minister was subjected to bullying and jeering by the Leader of the Opposition. I, unequivocally, condemn this conduct. Attempts to demean or subjugate the Sikh community will never succeed—the Sikh spirit has never accepted enslavement, and it never will.

Sir, the farmer of Punjab is not only the provider of food but also the protector of the nation. The role of farmers in agricultural production and food security has also been mentioned by the President in her Address. Punjab has always served the country as the food bowl—be it the Green Revolution, the White Revolution, or today's record food-grain production. Punjab has remained the driving force of food security. With this sentiment, I support the Motion of Thanks.

**श्री उपसभापति** : धन्यवाद। माननीय श्री बाबू राम निषाद।

**श्री बाबू राम निषाद** (उत्तर प्रदेश): बहुत-बहुत धन्यवाद, उपसभापति जी। मैं भारत गणराज्य की महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में दिए गए अभिभाषण के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ।

माननीय उपसभापति जी, इसके पहले भी कई अभिभाषण राष्ट्रपति जी के आए हैं। अभी यह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार चल रही है। मैं निश्चित रूप से कहूँगा कि आजादी के पहले यह देश बहुत लंबे कालखंड तक झंझावातों से गुजरा है। आजादी के पहले राजाओं का राज था, कोई कानून

* English translation of the original speech delivered in Punjabi.

नहीं था, संविधान नहीं था। जब राजाओं का राज था, संविधान नहीं था, तो जनता-जनार्दन के अपने अधिमानी अधिकार होते थे। उन अधिमानी अधिकारों के तहत लोग काम करते थे और उनको सुविधा रहती थी, आपस में सामाजिक सद्भाव रहता था, सामाजिक एकता रहती थी, लेकिन जब संविधान बना, तो संविधान बनने के बाद लोगों के वे अधिमानी अधिकार छिन गए। आजादी के बाद जो सरकारें आई थीं, उन सरकारों को यह याद रखना चाहिए था कि समाज का बहुत बड़ा वर्ग अपने-अपने काम की योग्यता रखता है। वह समाज कहाँ-कहाँ काम करके खड़ा होता है, वह अपने-अपने काम से जाना जाता था। कांग्रेस के मित्र सामने बैठे हैं और मेरी बात सुन रहे हैं। आजादी के बाद सरकार कांग्रेस की आई थी। सन् 1950 में जब संविधान लागू हुआ था, तो यह संज्ञान लेना चाहिए था कि जिस समाज के लोग अपने अधिमानी अधिकारों पर जी रहे हैं, वे expertise रखते हैं। वे अपना काम जानते-समझते हैं। कोई भी छोटा-बड़ा काम हो। कोई छोटा काम करता था, तो वह भी परिवार के भाव में गाँव में रहता था। लेकिन संविधान आने के बाद लोगों के अधिमान खत्म हो गए। जब अधिमान खत्म हो गए, तब बहुत बड़ी आबादी का काम छिन गया। एक-दूसरे के कामों पर अतिक्रमण होने लगा। जब अतिक्रमण होने लगा, तो बेरोजगारी भी बढ़ी, लेकिन उस पर कांग्रेस की सरकारों ने कभी ध्यान नहीं दिया। पिछले ग्यारह वर्षों से, लगातार माननीय मोदी जी ने - जहाँ जिस समाज की जैसी विशेषता है, उस विशेषता को ध्यान में रखकर काम देने का सिस्टम बनाया है। आप सभी को यह भी स्मरण होगा कि पहले लोग गाँवों से पलायन कर गए थे। आज जब हम गाँव जाते हैं, तो देखते हैं कि गाँवों से पलायन रुक गया है, लोग ठहर गए हैं। पहले लोग अपनी छोटी-छोटी ज़मीनें बेचने को मजबूर थे। आज गाँव जाकर देखिए, यदि किसी के पास छोटा सा खेत है, चाहे बिस्वा-दो बिस्वा ही खेती क्यों न हो, वह उसे बेचकर कहीं जा नहीं रहा है, बल्कि उसे संरक्षित रखने का प्रयास कर रहा है। और ऐसा क्यों हुआ है? ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि मोदी जी ने उन गरीब किसानों और श्रमिक किसानों के लिए काम किया है। जब उन्हें छह हजार रुपये किसान सम्मान निधि के रूप में सहायता देने का काम किया है, तो स्वाभाविक रूप से वह समाज वहां ठहरेगा, रहेगा। पहले जब रोजगार छिन गए थे, काम छिन गया था, मशीनरी युग आ गया था और मजदूरों के काम खत्म हो गए थे, तो स्वाभाविक था कि खाने के लाले पड़ गए थे। पानी की समस्या पहले से मौजूद थी। सरकार को क्या इसका संज्ञान लेना चाहिए था या नहीं लेना चाहिए था? लोग भूखे थे, सड़क नहीं थी, बिजली नहीं थी। समस्याएँ अनगिनत थीं, जिनसे लोग रोज़ की दिनचर्या में जूझ रहे थे। मोदी सरकार ने लगातार उन समस्याओं के समाधान के लिए काम करके दिखाया है।

आज मैं विशेष रूप से मछुआरा समाज की बात करना चाहता हूँ। विभिन्न समाजों के बारे में, विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मेरे नेताओं ने, हमारे नेताओं ने और हमारे सभी साथियों ने अपने विचार रखे हैं, योजनाएं बताई हैं, लेकिन मछुआरा समाज के लोग जो अधिमान रखते थे, वे बेचारे वर्षों तक अलग-थलग पड़े थे। कोई उनकी सुध नहीं ले रहा था कि झीलें और जलाशय ठीक होने चाहिए या नहीं होने चाहिए। समुद्र किनारे रहने वाले मछुआरों का रख-रखाव ठीक रहे, यह ध्यान देना चाहिए था या नहीं देना चाहिए था। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए था - मैं आज गर्व के साथ कह सकता हूँ कि माननीय नरेन्द्र मोदी जी मछुआरा समाज के सूत्रधार हैं, मछुआरों के

सशक्तिकरण के प्रधान शिल्पी हैं। मैं यहाँ तक कहूँगा कि वे मछुआरों के गॉडफादर हैं, ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति :** प्लीज़, आप बोलें।

**श्री बाबू राम निषाद :** नरेन्द्र मोदी जी मछुआरों के गॉडफादर हैं, क्योंकि आज़ादी के बाद किसी भी कांग्रेस सरकार ने मछुआरों के हितों की बात नहीं की। यदि किसी ने मछुआरों के लिए वास्तविक रूप से काम किया है, तो वह नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

इसलिए, इस सदन के माध्यम से मैं माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी को हार्दिक बधाई और धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ कि आपने ऐसे समाज को ऊपर उठाने का काम किया है, उन्हें प्रोत्साहित किया है, उनको बढ़ाने का काम किया है और उनके बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का काम किया है।

यह बहुत कठिन काम था, लेकिन आप उस काम को करके खड़े हुए हैं और ऐसे खड़े हुए हैं, जिसके बारे में मेरे पास आँकड़े हैं। मैं सिर्फ यहां भाषण नहीं कर रहा हूं, आँकड़े लेकर खड़ा हुआ हूं। 2014 से पहले, पहली पंचवर्षीय योजना का कुल खर्च 3,681 करोड़ रुपये था, लेकिन 2014 के बाद 38,572 करोड़ रुपये लक्षित निवेश हुआ है। ऐसे ही नहीं नीली क्रांति आई और दूसरे दर्जे पर मत्स्य के लिए देश खड़ा हुआ है। उनको प्रमोट किया गया है, उनके बच्चों पर ध्यान दिया गया है, उनका रख-रखाव ठीक किया गया है, उन्हें आवास दिए गए हैं, उन्हें शौचालय दिए गए हैं, उनको पानी दिया गया है, उनको गैस दी गई है और उनको घर दिए गए हैं, इस नाते अब वे काम करने में आगे बढ़े हैं, इसलिए आज देश मछली उत्पादन में दूसरे नंबर पर दिख रहा है। वार्षिक मछली उत्पादन में 106 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो वित्त वर्ष 2013-14 में 95.89 लाख टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 197.75 लाख टन हो गया है। यह फिगर देखिए, कहां से कहां पहुंची है। अंतर्देशीय मत्स्य पालन और जलीय कृषि भूमि विकास चालक के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने इसी अवध में 147 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। ...(**समय की घंटी**)... ...(**व्यवधान**)...

MS. DOLA SEN (West Bengal): Thank you, Deputy Chairman Sir, for giving me the chance to speak on the Motion of Thanks on hon. President's Address, and thanks to our party, All India Trinamool Congress, and our respected leader, hon. Mamata Banerjee, for giving me this opportunity to speak on this Motion of Thanks. Sir, will speak in my mother tongue, Bengali.* "Sir, our country is a democratic country. Our country is a country of many voices, the world's largest democracy, a country of unity in diversity. Today, the time has come to understand where the Government of our country stands in that democracy. Where did the belief and tradition of unity in diversity go? Why are we losing the ideal of secularism? Why are we abandoning our country's tradition, human welfare, and the path of walking with everyone? Why is West Bengal being opposed so much in recent times? Bengal has always been independent-

---

* English translation of the original speech delivered in Bengali.

minded. Why is the old politics of the era of 'royal Conquest', which is obsolete today being brought back?

The Union Government is a union of states, a Union of States as per our Constitution. In that case, why is the role of *Kaikeyi* being taken for West Bengal? Why this step-motherly attitude? We do not understand what is there to be so afraid of Bengal. Bengal takes everyone along. Why is the parliamentary system recently completely dependent on two or three people? Why is the right of minorities, which is the basis of democracy, being destroyed? I would say there is still a lot to learn from Bengal, just as Bengal has to learn from other States. If there is no mutual respect, a reign of slavery is created. Are we living in slavery? Why is the policy of this Government anti-Bengal? [£] and exaggerating is becoming a habit of the Union Government. Even standing in the Parliament, [£] are being told. As a result, the Government is being criticized at home and abroad. Can't we see all that? Is this the sign of the mother of democracy? Actually, this Government is a Government of corporates. Even after being elected by the people, this Government is a Government of corporates. They do not see and do not want to see the public interest. Poor people are becoming poorer, and corporates are flourishing. '*Atmanirbhar Bharat*' is talked about repeatedly. However, we see that the President of America has said many times that the ceasefire has occurred because of his words. Again, the US tariff was reduced to 18%, on the condition of buying oil from Venezuela, and on the condition of not keeping relations with Russia, etc. None of these are signs of self-reliance.

Yet, millions of our freedom fighters have sacrificed their lives for the country's independence, with their heads held high and chests out, on the gallows or in the bullets of the British police, with a smile on their face for the country's independence and for the country's self-reliance. Is this its continuation? No, not at all. [*] This is never self-reliance. That is why when a small country like Cambodia also does not accept the insult of irregular immigrants, India cannot say anything to America. It is afraid. It accepts with its head bowed, the binding of the hands and feet of the immigrants here and dropping them in this country by plane. I condemn this harassment, this humiliation.

Hon. President has said the country is moving on the path of development. We hear about developed India repeatedly. But there is a huge gap between what we hear

---

[£] Expunged as ordered by *the Chair*.

[*] Not recorded.

in speeches and what we see in reality. There is hell and heaven difference between the objective reality and subjective thinking. From rail to BHEL, from SAIL to BSNL, everything is in the hands of corporates. All the land of the Port Trust, jetties, even hospitals are being given to private hands. We are moving towards 100% FDI for coal, which is our national asset. LIC, where ordinary people of our country save small amounts of money, was first tried to save the sick IDBI with that LIC. IDBI could not be saved, and LIC also became sick. Now again, 100% FDI, direct foreign investment in LIC. Where is self-reliance? Where is development? Yet, in the previous era, coal, banks, and insurance were nationalized. So, they supposedly did not do any work. And now all nationalized coal, banks, and insurance are being de-nationalized. So, we are very good-this is the claim of the Treasury Bench. We are moving forward, Sir! General Insurance has also been made sick to establish PM Jan Dhan Yojana. Steel Authority of India Limited, Indian Oil Corporation, Bharat Petroleum Corporation, Bharat Heavy Electricals, etc., etc., disinvestment, corporatization, privatization in everything. Not only that, even factories in key sectors like Defence have 74% corporatization. The weapons made in the arms and ammunition factories, with which our jawans protect our country and countrymen by risking their lives, they will now have to do duty in difficult places with weapons made by private hands, sold in the market like potatoes and radishes. We are moving forward, Sir!

Just a few days ago, the air service of the country was disrupted for about five-seven days. The weddings of many people were cancelled, job exams were cancelled, jobs were lost, and the reason for that is also this privatization policy. Because 66% of air services are Indigo, 25% Air India, which is now owned by Tata, and almost all airports are in the hands of Adani. So, the Union Government had nothing to do with such a big disaster! We are moving forward, Sir! We are sitting as puppets in the hands of private and foreign masters, and so is our Government. This, whatever else it may be, is not a sign of self-reliance or a "Developed India."

BSNL, MTNL phone connections are given to us MPs. I don't know if it works for you, it doesn't work for me. Yet, the infrastructure and towers of Government BSNL are being used mainly by Reliance. And BSNL is closing down. We are moving forward, Sir! They have left out the workers, the contract workers are completely excluded, they are not even human. There is no provision of labour law in the GEM portal either. The condition of permanent workers is also very bad, they are also affected. Even after retirement, the Old Pension Scheme (OPS) is closed, and now in the name of NPS, UPS, retirement benefits are also affected. Moreover, the PF money is also in the open market, the share market, which is completely illegal. We are moving forward, Sir!

Contents Page

Sir, in the agricultural sector, in a country of 150 crore people, there is a very big market. So, there is a boom of pesticides, chemicals, and fertilizers of multinationals. Farmers do not even have a Minimum Support Price (MSP). If farming with these pesticides and chemical fertilizers harms the citizens and cancer increases in every household, it still creates a huge market for multinationals. Expensive medicines will come, just like the Corona vaccine came. What a tragic consequence of self-reliance and "Developed India"! We are moving forward Sir!

That is why the labour code is actually a corporate code. For this Union Government, corporate is heaven, corporate is religion, corporate is the highest end! That's why small Bangladesh defeats us in jute, small Sri Lanka defeats us in the tea industry. Even Pakistan, Nepal, Bhutan moves forward. Darjeeling tea with GI tag is affected because no duty is required on imports from Nepal here. And if something is exported from here to Nepal, a 40% duty is required. So low-quality tea from Nepal, with the tag of Darjeeling tea, without following any criteria of the GI tag, is entering the market of this country illegally. Similarly, jute is coming illegally from Bangladesh with a tag. There is no level playing field in export-import. So, the tea industry and jute industry are affected. We are moving forward, Sir.

When Mr. Trump increased the US tariff by almost 50%, when the price of one dollar is more than 90 rupees, when the price of crude oil and natural gas is decreasing internationally but only increasing in this country -the price of petrol, diesel, and cooking gas - though it comes down a bit less if there is an election - then the people of the country can understand very well what a self-reliant country, what a developed India they live in! We are moving forward, Sir!

Above all, textile, cotton, jute, tea, coffee, when in an agrarian country like ours, as an agro-based industry, we not only lose to small neighbouring countries but all the cotton mills of the Union Government in our own country, NTC, etc., jute mills, NJMC, etc., Central Government tea gardens, etc., all have been closed for the last 12 years. We cannot move forward in export competition, nor have we maintained our own domestic industries; we have lost everything and are sitting with closed doors. We are moving forward, Sir! Yet cotton dress material is good for the health of the body in our hot country. And thinking about the health of the people of the country, the late Prime Minister, Rajiv Gandhi ji, had made the Mandatory Food Packaging Material Act in 1987, so that 100% food grains and sugar are packaged in jute bags. But the current Government has brought down jute packaging of sugar to below 20% and food packaging of other food grains to below 70%. This is so that packaging food in plastic

Contents Page

increases the illnesses of the citizens and more medicines enter the market. And alongside, in an agrarian country, where we were self-sufficient in both agriculture and industry, in that textile, cotton, jute, tea, coffee, we are finished. All our agricultural industries are destroyed. I condemn this jumla of self-reliance and developed India, and telling false stories. We are moving forward, Sir! * That means 24 crore in 12 years! Leave crores, it is doubtful whether 24 lakh, 24 thousand, or even 24 hundred people have got jobs. And 24% of sanctioned posts are vacant, where there is no recruitment. We are moving forward, Sir!

The water, forest, land, soil, air, and sky of the country are also in danger. Between 2019 and 2024, our country lost 1.03 lakh hectares of humid primary forest. From Aravalli hills to Nicobar Islands, everything is sold. We are in such a mercantile rule that no national asset is ours anymore. Everything is sold and finished. According to the 2025 report of the Central Ground Water Board, the situation of our underground water is also very bad. दिल्ली में विंटर एयर पॉल्यूशन इतना severe है कि वह दिन में 50 सिगरेट पीने के बराबर है। We are moving forward, Sir! Alongside, by removing biodegradable, eco-friendly, environment-friendly natural fibre, we are only allowing the enemies of the environment like plastic to grow. Now we will consume plastic particles in food, water, and air in our bodies. We are moving forward, Sir!

Hon. President has talked about social justice. But in reality, in our State of Bengal, only in the MGNREGA sector, 52,000 crore rupees are due. Altogether, the Union Government has kept 2 lakh crore rupees due since 2021 illegally, which is the rightful and due money of the State Government of West Bengal, which they have taken from our State, the proportional portion. This is out of anger because they lost in Bengal. Whatever else this is, Sir, it is not social justice.

3.00 P.M.

The people of the country know, all their lives they have been victims of discrimination. Only one day in five years, on the day of voting, their rights are equal because the right to vote is the same for everyone. Now, in the name of SIR, there is a desperate attempt to snatch that right to vote too. SIR can happen. But in a state of a population of 11 crores, where the work should take two years, it is being done in two months, so that the names of 1 crore or 2 crore people can be excluded in a hurry, and they can win in Bengal by any means. On the other hand, from 2021 to 2026, the census is not being done. The census is also closed, which happens every 10 years.

* Not recorded.

So, that wrong propaganda can be made on the question of religion and caste division unnecessarily.

Before this, we saw that by suddenly doing demonetization, we lost 125 people of our country in a span of three months. Although the then Finance Minister and the then Governor of the Reserve Bank himself informed that not a single rupee of black money was recovered. Now again, by suddenly doing "Votebandi" (vote-ban) in a hurry, already about 150 people have died in Bengal within two months. Their families have now come to Delhi to seek justice from the Supreme Court. Although the name of a single infiltrator, Bangladeshi or Rohingya, was not found. We believe in this way they will not only not win in Bengal, Bengal is something else. Bengal is not afraid. Bengal does not bow its head. So, capturing Bengal is not so easy. Even by beating, by starving, by humiliating, by insulting, you will not get success, you will fail. You will lose and lose. And we also know that the truth of man is above all, there is nothing above that. So, the history of the world has proven repeatedly that slander, propaganda, conspiracy, untruth, and injustice never tell the last word. The last word is told by truth, justice, and man. So as the people and the leader of the people are repeatedly having the last word in Bengal, similarly, We the People of India will tell the last word in our country too. यह कारण है कि आप 303 से 240 पर आ गए हैं, और भी घाटा होगा और संख्या बहुत कम हो जाएगी। अब जनता आपको जरूर सबक सिखाएगी। I feel proud to say and think that you have all seen a Chief Minister, a woman Chief Minister, a Bengali Chief Minister, how for the first time in the whole country, for the rights of the people—My Country, My Vote, My Vote, My Right—she stood by the people in the Supreme Court as a true leader of the people, a leader of the people. No matter how much you insult her, abuse her, laugh, make people laugh, say bad things, what you do not understand is that, she respects and loves the people from her heart. So, her place is in the hearts of the people. Your crass words do not have the power to remove her from the hearts of the people. *You are responsible. Therefore, in protest of this, we want to walk out on behalf of the All India Trinamool Congress. Jai Hind! Vande Mataram! Jai Bangla! Jai Ma-Mati-Manush!"

*(At this stage, some hon. Members left the Chamber.)*

**श्री उपसभापतिः** माननीय संदीप कुमार पाठक।

---

* Not recorded.

DR. SANDEEP KUMAR PATHAK (Punjab): Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir, for giving me this opportunity to speak on the Motion of Thanks on the President's Address.

**श्री उपसभापतिः** आप बोलें, आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जा रही है। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़ बातें न करें। ...(**व्यवधान**)...

**डा. संदीप कुमार पाठक :** सरकार ने अपने विज़न में यह बताया है कि 2047 तक वह इस देश को एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहती है। मुझे नहीं लगता है कि इस देश में किसी को भी इससे दिक्कत होगी। मेरी समझ में एक टारगेट होना बहुत जरूरी और बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन एक टारगेट होने से ज्यादा महत्वपूर्ण उस टारगेट को अचीव करने के लिए जो प्रक्रियाएं बनाई जाती हैं, वे महत्वपूर्ण होती हैं। आज सरकार ने जो बजट प्रस्तुत किया है और जो भी बातें अभिभाषण में लिखी गई हैं, उनको देखने से चारों तरफ सिर्फ आंकड़े दिखते हैं कि 2 परसेंट पैसा इसमें बढ़ाया, आधा परसेंट पैसा इसमें बढ़ाया, 1 परसेंट पैसा इसमें बढ़ाया, उधर पैसा बढ़ाया, इधर पैसा बढ़ाया। यह obvious है कि जब आप आगे जाओगे, तो पैसे थोड़े-थोड़े बढ़ेंगे। मैं आपके सामने एक डेटा प्रेज़ेन्ट कर रहा हूं और वे डेटा को एक्स्ट्रापोलेट करते हैं कि अगले 20-21 सालों में क्या वे डेटा रिफ्लेक्ट करते हैं कि हम एक विकसित देश बन पा रहे हैं या नहीं। अगर हम यह मानें कि जीडीपी पर-कैपिटा के हिसाब से आज हमारे देश में प्रति व्यक्ति आय 20,000 के आसपास आ रही है और अगर मैं देश की ग्रोथ रेट को लूं, जो अभी 6 से 7 परसेंट बहुत अच्छी चल रही है, उसको ही मैं कन्सीडर करूं, तो आने वाले 20-21 सालों में यह लगभग 60 से 70 हज़ार रुपये के आसपास हो जाएगी। अब यह देखें कि क्या यह 60 से 70 हज़ार रुपया हर व्यक्ति जो इस देश में कमाएगा, क्या वह एक विकसित राष्ट्र में कमाने वाले व्यक्ति के बराबर है? अगर आप किसी भी विकसित देश को देखेंगे, तो वहां इंडियन करेंसी में लगभग 3 से 4 लाख की प्रति व्यक्ति आय होती है। इसका सीधा मतलब यह है कि अगले 20-21 सालों में हम काफी पीछे रहेंगे। इस जीडीपी के आंकड़े में मैं जीडीपी के अंदर जो विषमताएं हैं, उनकी तो बात ही नहीं कर रहा हूं। मैं इस बारे में बात नहीं कर रहा हूं कि मिडिल क्लास क्या है, लोअर इनकम ग्रुप क्या है, मैं तो सिर्फ एग्जैक्ट नंबर जो गवर्नमेंट दे रही है, उसी की बात कर रहा हूं। फिर प्रश्न यह उठता है कि क्या ये आंकड़े और क्या यह पैच-अप वर्क थोड़े यहां, थोड़े वहां, वे हमें कहीं लेकर जा रहे हैं। मेरा उद्देश्य यहां क्रिटिसाइज़ करना नहीं है। मेरा उद्देश्य चीज़ों को पर्सपेक्टिव में रखना है और यह देखना कि क्या हम देश को सही मायने में आगे लेकर जा सकते हैं!

सर, मेरे हिसाब से तीन-चार महत्वपूर्ण बातें हैं, जिनको पर्सपेक्टिव में रखा जाए, तो वे यह सिद्ध करती हैं कि जब तक इन चीजों को आप एड्रेस नहीं करोगे, तब तक हम वहां नहीं पहुंच सकते हैं, जहां हमें जाना है। इन तीन चीजों में सबसे महत्वपूर्ण सेंटर और स्टेट का आपस में कोऑर्डिनेशन है। आपस में जो रिश्ते हैं, उनकी बात है। दूसरा महत्वपूर्ण विषय स्ट्रॉन्ग इंस्टिट्यूशन और रूल ऑफ लॉ का है। तीसरा विषय टेक्नोलॉजी अडॉप्शन का है। इन तीनों को अगर समाहित किया जाए, तो आप स्टडी कर लीजिए दुनिया के चारों तरफ कोई भी विकसित देश इन तीनों के साथ समझौता करके आगे नहीं बढ़ पाया है। ऑनरेबल डिप्टी चेयरमैन सर, ये स्ट्रक्चरल चीजें हैं,

Contents Page

आइडियोलॉजिकल नहीं हैं। ये स्ट्रक्चरल हैं, इसका मतलब यह है कि सरकारें बदले, कोई भी सरकार आए, ये सारी चीजें सेम होनी चाहिए। आपके इलेक्टोरल, पॉलिटिकल एंबिशंस के कारण स्ट्रक्चरल चीजों पर कोई कंप्रोमाइज़ नहीं होना चाहिए।

ऑनरेबल डिप्टी चेयरमैन सर, अगर मैं सेंटर-स्टेट कोऑर्डिनेशन की बात करूँ, तो आज देश में यह कोऑर्डिनेशन बिल्कुल खत्म हो चुका है। हमारे देश की जो राजनैतिक एंबिशंस हैं और इलेक्टोरल पॉलिटिक्स के जो कंपल्शंस हैं, वे देश में जो गवर्नेंस की प्राथमिकताएँ हैं, उनको डे टू डे बेसिस पर कंप्रोमाइज़ कर रही हैं। जैसे आप फंड्स ले लीजिए, चाहे एडमिनिस्ट्रेटिव हर्डल्स ले लीजिए। अगर मैं फंड्स की बात कहूँ, तो मैं एक ही एग्ज़ाम्पल देता हूँ कि पंजाब के हिस्से का जो रूरल डेवलपमेंट फंड था, वह रोक दिया गया। इसी तरह से नेशनल हेल्थ मिशन के पैसे रोक दिए गए। टेक्निकल बातों को घुमा-घुमा कर उसको डिले करने से देश का ही नुकसान है। अगर आप एडमिनिस्ट्रेटिव हर्डल्स को देंखे, तो एडमिनिस्ट्रेटिव हर्डल्स क्रिएट करके आप राज्य के विकास को रोक सकते हैं। ऑनरेबल डिप्टी चेयरमैन सर, सेंटर की जिम्मेदारी क्या होती है? उसकी जिम्मेदारी यह होती है कि जितने भी स्टेट्स हैं, उन सारे स्टेट्स को बिना दुर्भावना के साथ बराबर सही तरीके से लेकर मेंटर करे। एक मेंटरशिप का रिश्ता होना चाहिए। आपकी राजनैतिक असहमतियाँ चुनाव तक होनी चाहिए। चुनाव के बाद देश सर्वोपरि होता है। आपको सारी विषमताएँ, सारी विसंगतियाँ दूर करके मेंटरशिप का काम करना चाहिए। प्रश्न यह उठता है कि क्या हम मेंटरशिप कर रहे हैं? * आप तमिलनाडु का एग्ज़ाम्पल देख लीजिए, दिल्ली का एग्ज़ाम्पल देख लीजिए। अभी वेस्ट बंगाल के मेरे साथी ने बात की। क्या यह अच्छी भावना लाती है? आपको क्या लगता है, जब तक आप स्टेट और सेंटर के कोऑर्डिनेशन को इंप्रूव नहीं करेंगे, तब तक क्या हम डेवलप्ड बन पाएँगे? आप किसी भी डेवलप्ड कंट्री को देखिए, वहाँ पर स्टेट की जो ऑटोनॉमी है, उसको बूस्ट किया जा रहा है। वहाँ पर रेवेन्यू शेयरिंग प्रेडिक्टेबल होती है, क्योंकि मॉडल्स फिक्स होते हैं, लेकिन यहाँ पर डिस्क्रेशंस पर हैं। मेरी आपसे नहीं बनती, मैं आपको नहीं दूँगा, चाहे जो कीजिए। रेवेन्यू शेयरिंग में, रिलेशनशिप में प्रेडिक्टेबिलिटी इम्पॉर्टेंट है। ऑनरेबल डिप्टी चेयरमैन सर, मेरा यह मानना है कि अगर हम इसको ठीक नहीं करेंगे और देश की राजनीति में गवर्नेंस को अलग नहीं करेंगे, तो हम आगे और डेवलप्ड नहीं बन सकते।

ऑनरेबल डिप्टी चेयरमैन सर, दूसरा जो महत्वपूर्ण विषय है, वह स्ट्रॉंग इंस्टिट्यूशन और रूल ऑफ लॉ का है। सर, हम देश नहीं बनाते, हम इंस्टिट्यूशन बनाते हैं, स्ट्रॉंग इंस्टिट्यूशन बनाते हैं, फिर ये स्ट्रॉंग इंस्टिट्यूशंस देश बनाते हैं। आप देखिए, इसरो ने जो कमाल किया है, क्या कमाल हमने किया है? हमने कमाल नहीं किया, बल्कि हमारे पहले की सरकारों ने इसरो इंस्टिट्यूशन को बनाया, उसके वर्क कल्चर ने आज रिजल्ट दिया है। इसलिए आप डायरेक्टली ग्रोथ नहीं कराते, आप इंस्टिट्यूशन बिल्ड करते हैं।

ऑनरेबल डिप्टी चेयरमैन सर, भारत और पाकिस्तान अलग हुआ, तो आज पाकिस्तान कहाँ है और हम कहाँ हैं, उसका मेन कारण यह है कि हमने इंस्टिट्यूशंस बनाए और उन्होंने नहीं बनाया।

---

* Not recorded.

Contents Page

आज सिंगापुर हमारे बाद आजाद होने के बाद भी वहाँ पहुँच गया और हम यहीं पर हैं, क्योंकि उनके इंस्टिट्यूशंस हमसे बेटर काम कर रहे हैं। ऑनरेबल डिप्टी चेयरमैन सर, इंस्टिट्यूशंस की जो ऑटोनोमी है, उसको मेंनटेन करनी पड़ेगी। इंस्टिट्यूशन में रूल ऑफ लॉ चलना चाहिए। किसी एक व्यक्ति, एक नेता, चाहे वह मैं ही क्यों न हूँ, उसकी बात नहीं चलनी चाहिए, क्योंकि व्यक्ति तो बदलता रहेगा, आज कोई और है, अच्छा है, तो अच्छा करेगा, कल कोई और आएगा, खराब करेगा, तो खराब हो जाएगा। फिर तो यह चक्र चलता रहेगा। इसलिए इंस्टिट्यूशनल ऑटोनॉमी होनी चाहिए, रूल ऑफ लॉ से चलना चाहिए। आज मुझे बता दीजिए, क्या देश में कोई एक भी ऐसी संस्था है, जो खड़ी होकर अपने लीडर को कह सके कि 'No, I will not do.' कोई इंस्टिट्यूशन नहीं है, क्योंकि ऑटोनॉमी नहीं है। यह ऑटोनॉमी कहाँ कंप्रोमाइज़ हो रही है? उनके हेड्स का जो सेलेक्शन है, यह वहाँ पर कंप्रोमाइज़ हो रही है। जब तक उनके हेड्स के सेलेक्शन में न्यूट्रैलिटी नहीं रहेगी, तब तक आप ऑटोनॉमी प्रोवाइड नहीं कर सकते हैं।

सर, इसी तरह से मिसयूज़ ऑफ इंस्टिट्यूशन्स है। सारे इंस्टिट्यूशन्स ले लीजिए। अब यह परसेप्शन है या फैक्ट है - यह आपके सामने है। आप सीबीआई ले लीजिए, ईडी ले लीजिए, सीवीसी ले लीजिए, चीफ इलेक्शन कमिश्नर ले लीजिए। आप यह देखिए कि अभी इलेक्शन कमीशन की तरफ से जो एसआईआर चल रहा है, एसआईआर के अगेंस्ट कोई नहीं है। कोई हो कैसे सकता है! पर यह कंटिन्युअस प्रोसेस है, यह ग्रेजुअल प्रोसेस है। इसमें सालों-साल लगने होंगे, अगर आपको यह इफेक्टिवली करना है। आप दो-दो साल लगने वाली एक्टिविटी को तीन महीने में करना चाहते हैं। Who on the earth can achieve this? I am very sure, it is not achievable.

ऑनरेबल डिप्टी चेयरमैन सर, एक और फंडामेंटल फ्लॉ है, जो राजनैतिक नहीं है, पर वह बहुत इंपॉर्टेंट है। जैसे कि जो इंस्टिट्यूशन के प्रमोटर्स हैं, जो इंस्टिट्यूशन को चला रहे हैं, वे ही रेगुलेटर हैं। जैसे 'शांति' बिल आया। 'शांति' बिल का हमने समर्थन किया, लेकिन 'शांति' बिल में आप मानिए कि जो डिपार्टमेंट ऑफ एनर्जी है, जो इसको चलाएगा, वही उसका रेगुलेटर है। जब तक आपका रेगुलेटर इंडिपेंडेंट नहीं होगा, वह खड़े होकर प्रमोटर को नहीं बोल पाएगा कि आप यह नहीं कर सकते; अगर आपने सेफ्टी मेज़र्स एडॉप्ट नहीं किए, तो मैं यह प्लांट बंद कर दूँगा। आप बताइए कि रेलवे में accidents होते हैं, तो accidents की reports आती हैं, लेकिन क्या कभी उनकी जानकारी हमारे पास आती है कि क्या report आई, उस report में accidents के लिए कौन जिम्मेदार था? इसमें accountability की कोई व्यवस्था नहीं है, तो क्या करना चाहिए?

Hon. Deputy Chairman, Sir, आप Judiciary का हाल देखिए। Judiciary में 5 करोड़ cases की pendency है, जिसमें 8 से 15 साल लग जा रहे हैं। Developed countries में क्या व्यवस्था है? वहां महीनों में cases निपटते हैं। अगर हमने Judiciary को address नहीं किया, तो क्या आपको यह लगता है कि हम देश को developed बना पाएंगे? Judiciary delayed है, regulations जो हैं, discretionary based हैं, promoter ही regulator बना हुआ है, जो enforcement agencies हैं, वे independent नहीं है, political influence में हैं। Bureaucracy is

either corrupt or in fear. जो ईमानदार भी है, वह fear में दबा हुआ है और बाकी जो systemic corruption है, वह तो है ही।

Hon. Deputy Chairman, Sir, the last point which I want to highlight is science and technology. अमेरिका ने किसी एक सुबह उठ कर यह नहीं बोला कि चलो, दुनिया को dominate करते हैं। वह ऐसा इसलिए कर पा रहा है, क्योंकि उसने technology को dominate किया और अपनी technology के दम पर आज वह दुनिया को dominate कर रहा है। चाइना ने invent नहीं किया, लेकिन चाइना के पास यह बात थी कि उसने एक ही चीज पर focus करके सस्ती चीजें बनाईं। शुरू में लोगों ने चाइना का मजाक उड़ाया। आज चाइना के सामने सब acknowledge करते हैं। हम कहां पर खड़े हैं? क्या हम scientists के लिए पैसे डाल रहे हैं, क्या हम institutions build कर रहे हैं, क्या UGC के जो colleges हैं, उनको enough पैसे दे रहे हैं? मैं IIT में प्रोफेसर रहा हूं। आप laboratory में एक research को लेकर test करने के लिए struggle करेंगे। ...(**समय की घंटी**)... Sir, I request you to give me just two minutes more. I am making a very important point.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

DR. SANDEEP KUMAR PATHAK: We are investing just 0.6 per cent of our GDP on R&D. Developed countries उस पर 3 से 5 परसेंट तक पैसा लगा रहे हैं। हमारे PHDs काफी कम हैं, quality में भी कम हैं, not because they are lacking in intelligence, but because the institutional funding is very low. In my opinion, we are all fine, we are all well-meaning people. हम अच्छा करना चाहते हैं, लेकिन जब तक ये reforms नहीं होंगे और ये सारे reforms आपके बजट में दिखने चाहिए। ये इतने सारे घिचपिच वाले आंकड़ों में कोई direction नहीं है। वह बजट तो कोई भी बना देगा, मैं बना दूंगा - चार पैसे यहां दो, चार पैसे वहां दो। आप अपना vision दिखाइए, इन मुद्दों को address कीजिए, तो निश्चित रूप से हमारा देश आगे बढ़ेगा। मैं फिर से आपको धन्यवाद देता हूं, thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Meenakshi Jain — not present; Shri K. R. Suresh Reddy.

SHRI K.R. SURESH REDDY (Telangana): Mr. Deputy Chairman, Sir, on behalf of BRS Party, my leader, KCRji, my colleagues and myself, I thank the hon. President for her Address. While running through the Address, we noticed some commendable issues which were mentioned in the Rashtrapatiji's Address, like lifting 24 crore citizens out of poverty, *Jal Jeevan Mission,* piped water to 11 crore families -- of course, this is the Telangana model, *Mission Bhagiratha* -- and also becoming the fifth largest economy. Now these are commendable achievements, Mr. Deputy Chairman, Sir. But, out of the 56 paragraphs of Rashtrapatiji's Address, paragraph 11 is what really intrigued me. In paragraph 11, the Government spoke about express reforms. They

spoke about reforms in GST and reforms in IT. Well, they are commendable. Reforms in GST are helping small, marginal farmers and poor people in buying daily commodities. Reducing taxes would, definitely, create some savings. IT reforms have been very helpful for the middle class. We appreciate that. These are all revenue generations for the Government. But, today, as most Members while speaking on the Address felt, there is major concern about the growing inequalities in India. While India continues to grow, inequality is an area of concern. Of course, I would not like to dwell too much on the figures, but it is a matter of concern. And I, in my personal view, can point out one fundamental reason for this growing inequality.

Sir, I would like to emphasize on two issues in my speech on the Motion of Thanks -- one is land and the other is water -- and how this inequality is growing by the year. Fifty per cent of India's workforce relies on agriculture. When 50 per cent of India is engaged in agriculture or allied activities, what is it that they are contributing? When you look at their contribution to the GDP, while services contribute more than 55 per cent, industry contributes almost 27 per cent and agriculture contributes close to 18 per cent. So, with 50 per cent people working on agriculture and contributing only 18 per cent to GDP, and with agriculture growing at just four per cent, surely inequalities would continue to grow in this country. Of course, to address this issue, right from Nehru *ji* to Modi *ji*, they have emphasized it. We very profoundly look back into Pandit Nehru *ji*'s statement, where he said, "Major irrigation dams are the temples of modern India." And then, we look at recent Modi *ji*'s statement, where he very categorically reassured the nation, especially the farmers, that *Kisan*, at any cost, will be protected. Well, these are very good and very encouraging words. Now, today, if I speak about 50 per cent of India's workforce, people who are not dependent on agriculture, right from the Supreme Court lawyers to the IT professionals to anyone, they have a concern for the farmer in the village. They have a concern for his prosperity. But, unfortunately, having the world's most arable land and almost 70,000 TMC of God-given water, India, today, allows 50 per cent of this resource of water to flow untapped into the sea. Now, this is at this place, as outlined in paragraph 11 regarding express reforms mentioned by the Government, I think, the Government's move should come in. All the major rivers in the country, today, are under inter-State dispute. Be it Krishna, Godavari, Cauvery, Ravi, Bias, Narmada, you know, all the rivers are under dispute. Now, to overcome that, we look back and we see the nine Tribunals have been constituted so far in the country today. I believe six are functioning, but there is no respite, no solution. Beyond Tribunals, specific Authorities have been created, be it the Cauvery Water Management Authority, the Bhakra-Bias Management Board, the Narmada

Contents Page

Control Authority and the River Boards Act. These initiatives have been constituted for the last 70 years, but nothing works. This is where the political will has to come in, this is where paragraph 11 should come in and this is where the hon. Prime Minister should intervene. Earlier mechanisms were there. Fundamentally, to achieve this, in spite of having Tribunals/Boards, it is the political convergence which, in my belief, can find a solution to it. A political convergence was possible earlier when you had the NDC, the National Development Council, which, unfortunately, last met in 2012. After that, NITI Aayog came in and that, I presume, has fallen sick. But NITI Aayog has, definitely, come up with ideas but to what level is NITI Aayog implementing its ideas is the concern. Unfortunately, it is powerless. Then, we had the Inter-State Council, which is supposed to meet thrice a year. I believe, the last meeting was held in 2016 to discuss the Punchhi Commission Report and, fundamentally, the agenda on that day was to discuss federalism and inter-State water linking. But, unfortunately, that being the subject, that happened to be the last meeting also of the Inter-State Council. There was an assurance given, I believe, that Inter-State River Dispute (Amendment) Bill, which was there, will be taken up, amended and all the aspects discussed in the Commission could probably be incorporated there. The Interstate River Dispute Management Bill did come up. What happened subsequently was, in spite of its discussion in Lok Sabha, it could not see the light of the day. The Bill lapsed and today we are back to square one. So, this is where I feel that Modi *ji*'s Government, the express reforms, need to come in here. Empathy is needed. Solutions have to be found because these are the issues. Today, unless the river waters are settled, the pace of progress that you are looking for, in our view, may not be achieved, given that India's 50 per cent of people are dependent on water for agriculture and other means. If the inter-State river dispute is not solved, at least, optimise the water usage. Till you find a solution to that, you should optimise the available resources. Our record states that one TMC of water can irrigate 10,000 acres of land. In my State, during KCR Ji's time, we had experimented. We had ensured that even within the available resources, with one TMC of water, we could irrigate 16,000 acres of land. So, 16,000 acres of land was irrigated with what we call the 'one and off' system, where irrigation was given to a canal for two days, stopped and then again given. This not only ensured that the entire State got covered, but it also ensured that more productivity came in. So, we saved water and we got more productivity. And, of course, I would like to compliment Shivraj*ji* -- he is not here -- on the Mohanpura Lift Irrigation Project, which they initiated. One TMC went up to 18,000 acres. That was through the piped irrigation scheme, which Madhya Pradesh Government started. The hon. Prime Minister inaugurated it. But, then, unfortunately, it got limited only to that project. If it was

Contents Page

taken up on a mission mode, the entire country could have, probably, gained, and these are the areas where Paragraph-11 of Reforms Express has to come in. When SHANTI Bill came, we supported it, and I supported it not because of who is generating or who is running it, we supported it because India will get more electricity, and when India gets more electricity, our concern is the remote farmer, the remote people, where ample amount of lift irrigation can be taken up without electricity being a concern and country's equitable development could, probably, be taken up under this initiative. I am stressing a lot on irrigation because it kind of takes up most of the country's occupations.

In Telangana, we had the small tanks. In this country, apart from big dams on rivers, there are small tanks. There are lakhs and lakhs of tanks which have become dilapidated beyond repair. Telangana is a classic example. Under Mission Kakatiya, we could restore thousands and thousands of tanks. Today, with the Kaleshwaram Lift Irrigation and with the Mission Kakatiya, Telangana - a small State, a remote State, a drought-prone State 10 years back - has jumped to become the number one rice-producing State in the country. That is commendable. Today, in the President's Address, when we proudly claim that we are the number one rice-producing nation, then, Telangana is a major contributor to it and my leader, KCR Ji's vision, definitely has been helpful not only in bringing the State's past glory but adding a lot to the country's growth. Kaleshwaram Project is in news today because it has been acknowledged as a very good project in the recent Economic Survey. Without inter-State disputes, without giving any reasons, with the available resources, we could build the world's largest lift irrigation project in a drought-prone Telangana State. Now, this is a classic example of how development can be done. सर, इतने बड़े प्रोजेक्ट में सिर्फ तीन पिलर्स डिस्टर्ब हुए। उस प्रोजेक्ट में सैंकड़ों पिलर्स हैं, लेकिन three barrages में सिर्फ तीन पिलर्स डैमेज हुए, जिसको दो साल हो गए। वहाँ अभी कांग्रेस की सरकार है, लेकिन उन पिलर्स का रिपेयर आज तक take up नहीं हुआ। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, do not disturb.

SHRI K.R. SURESH REDDY: The dam safety, which is under the Central authority, वे लोग आए, उन्होंने उसे inspect किया और उन लोगों ने भी यह सिफारिश की कि इनको रिपेयर कीजिए। फिर, जस्टिस घोष कमीशन बना। जस्टिस घोष कमीशन ने वहाँ पर आकर इंक्वायरी की and even they also recommended that. Apart from that, under the DRIP, that is, the Dam Rehabilitation and Improvement Programme, the Central Government gave the State Government Rs.100 crores two years back. सर, दो साल हुए, उनके खजाने में 100 करोड़ पड़े हैं, लेकिन आज तक एक पैसा भी खर्च नहीं किया गया। Now, this is where we

request the Central Government to step in. When a dam of that magnitude is not being fully utilised, this not only brings down the GDP of the country, but it also affects the farmers in the State. Just because during the poll, Congress went on promising 1, 2, 3, 4 and उन लोगों ने करीब 420 promises चुनाव जीतने के लिए किए, मगर उनके पास जो सेंट्रल गवर्नमेंट का 100 करोड़ है, उसे आज तक खर्च नहीं किया गया। उन पिलर्स को रिपेयर करने में अभी तक जो लापरवाही बरती जा रही है, उससे तेलंगाना का काफी नुकसान हो रहा है। इसके साथ-साथ, एक महान नेता, KCR जी को फोन टैपिंग जैसे एक छोटे-से इश्यू के जरिए बदनाम करने की कोशिश की जा रही है, जो कि एक bureaucratic decision है। उसमें भी बदनामी करने की कोशिश की जा रही है। This is what has been happening. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Member, please don't disturb.

SHRI K.R. SURESH REDDY: Apart from water, the other fundamental issue is land. Land is another important aspect where express reforms have to be carried out. As per the system prevalent today in India, when you own a land, it is only presumptive. It is not conclusive. कोई भी title हो, presumptive रहता है, चाहे वह किसी गरीब किसान की जमीन हो, या किसी ने कहीं मकान लिया हो, या कहीं जमीन खरीदी हो, it is only presumptive. For this, you should bring in the Land Titling Act and ensure that the land title is clear. It has to be conclusive. जब तक टाइटल conclusive नहीं होगा, समस्या बनी रहेगी। आज पूरे हिंदुस्तान में चर्चा हो रही है कि चुनाव के खर्चे क्यों बढ़ रहे हैं, गावों में £ क्यों बढ़ रही है। There is a lot of criminalization in politics. One of the fundamental reasons for this is the land disputes. लोगों को जमीन के झगड़े में लगाओ, दो लोग आते हैं, मनमानी करते हैं, £ दिखाते हैं और arbitrator बनने की कोशिश करते हैं। आज सरपंच से लेकर एमपी बनने तक सौ करोड़ रुपये तक खर्च हो रहा है। यह पैसे का लालच सिर्फ जमीन की बढ़ती कीमत और जमीन के झगड़ों के कारण है।

SHRI ANIL KUMAR YADAV MANDADI: Sir, in Telangana, ... ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Member, please do not disturb. ...(*Interruptions*)... Please do not disturb. Otherwise, I will name you.

**श्री के. आर. सुरेश रेड्डी** : इस पर एक्सप्रेस रिफॉर्म्स लाइए, क्योंकि अगर गरीब व्यक्ति की प्रॉपर्टी का टाइटल क्लियर नहीं है, तो उसे ना तो क्रेडिट मिलता है और जब क्रेडिट नहीं मिलता, तो वह खेती-बाड़ी नहीं कर सकता है। कोई व्यक्ति अगर अपने परिवार के लिए या investment के लिए जमीन खरीदता है, तो बाद में पता चलता है कि उसमें कुछ dispute है। So, your paragraph 11 should strike on express reforms, should strike on land titling. आपने इसे 2008 में start

£ Expunged as ordered by the Chair.

किया, लेकिन आज तक conclude नहीं हुआ है। अगर आप यह title clearance प्रोग्राम टेकअप करेंगे, तो देश में राजनीति में जो * है, जो * हैं, ये सब खत्म हो जाएंगे। 65 per cent of the civil cases in courts today are related to this. The integrated web portal 'Dharani' in Telangana under KCR ji is a classic example for the country to emulate. I thank you for having given me the time to speak.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Now, Dr. Meenakshi Jain.

DR. MEENAKSHI JAIN (Nominated): Hon. Deputy Chairman, Sir, I thank you for giving me the opportunity to speak on the Motion of Thanks on the President's Address. We are grateful to the hon. President for addressing both the Houses of Parliament on 28th January, 2026.

Sir, over the last several years, hon. Prime Minister has worked tirelessly on a number of unimaginable projects, which prove devotion of the Government towards national reconstruction. A number of notable accomplishments from 2014 to 2026, which have shaped India's trajectory, are truly remarkable. I would like to draw attention to some of these attainments. 81 crore people have received free foodgrains under the Pradhan Mantri Gareeb Kalyan Anna Yojana. Over 12 crore toilets have been built under Swachh Bharat Abhiyan; 15 crore households have been equipped with water connections and more than 4 crore homes have been completed under the Pradhan Mantri Awas Yojana.

Hon. Deputy Chairman, Sir, education is the core pillar of human capital. India's educational achievements include significant increase in literacy rates, growth of higher education and major digital initiatives under the New Education Policy, 2020. The New Education Policy, 2020 aims to transform the education with a new schooling structure, that is, 5+3+3+4. It focuses on regional languages and vocational integration. Sir, 130,000 schools have been equipped with digital initiative and over 9,000 schools have introduced vocational education for the betterment of their future. 12,000 schools have been selected under PM SHRI Scheme, a flagship initiative which seeks to transform existing government schools into over 15,000 model institutions. The culture sector in India has seen significant achievement in the recent years driven by *Viksit Bhi Virasat Bhi*. India successfully hosted the 46th session of the World Heritage Committee in 2024. 642 stolen antiquities have been retrieved and a major repatriation of 297 artefacts from the USA has been achieved in 2024. The successful *Chalo India Campaign* encourages the diaspora to invite non-Indian friends and promote Indian culture globally. We must appreciate the development of *Yuge Yugeen Bharat* National

Contents Page

Museum in New Delhi. The National Mission Manuscript aims at documentation, conservation, digitisation and dissemination of manuscripts across the country. The Central Government has also significantly scaled up its support for farmers, both in policy and budgetary allocation. (Time-bell rings) Do I stop here?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please continue.

DR. MEENAKSHI JAIN: The present Government has special focus on the farmers' development. The agriculture Budget in 2025-26 rose over five times in comparison to 2013-14. Nearly 25 crore soil health cards have been distributed to promote scientific farming practices. The Central Government has focussed on empowering women through targeted schemes, legal safeguards and economic inclusion. For the first time in Indian history, India's sex ratio has now risen to 1020 women per thousand men.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude now.

DR. MEENAKSHI JAIN: Okay, Sir. Over 164 crores have been trained under the PM *Kaushal Vikas Yojana*. There are so many other schemes. But I would like to conclude by supporting the Motion of Thanks to the President for her Address. Thank you.

**श्री उपसभापति** : माननीय सदस्यगण, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अब तक अपने निर्धारित समय से 28 मिनट अधिक बोला है। माननीय चेयरमैन के आदेश से श्री इमरान प्रतापगढ़ी जी तीन मिनट में अपने विचार रखेंगे। श्री इमरान प्रतापगढ़ी।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी** (महाराष्ट्र): उपसभापति महोदय:

*"हम करें बात दलीलों से, तो रद होती है*
*उनके होंठों की खामोशी भी सनद होती है*
*कुछ ना कहने से भी छिन जाता है एजाज़- ए- सुखन*
*ज़ुल्म सहने से भी जालिम की मदद होती है।"*

महोदय, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर अपनी बात रखने के लिए खड़ा हुआ हूं। उस दिन देश की संसद के गलियारों में सरकार की तारीफ करती हुईं महामहिम की आवाज़ गूंज रही थी, *उपसभापति महोदय, इधर महामहिम सामाजिक न्याय की बात कर रही थीं, * यह नया भारत है, *

**श्री उपसभापति**: रूल 238 का पालन कीजिए, केवल वही रिकॉर्ड पर जाएगा।

* Not recorded.

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी** : यह नया भारत है, * ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We will examine the record.

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी:** उपसभापति महोदय, मैं आपसे यह कहना चाहता हूँ कि जो पीढ़ी अपने बुजुर्गों को गाली देती है, उसके साथ प्रकृति इंसाफ करती है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति:** रूल 238 के तहत जो बात होनी है, केवल वही रिकॉर्ड पर जाएगी। ...(**व्यवधान**)...

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी** : * आपको यह बात समझनी पड़ेगी।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It will not go on record.

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी:** उपसभापति महोदय, मुझे एक मिनट बोलने दीजिए, अपनी बात कंक्लूड करने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति:** डा. सुमेर सिंह सोलंकी, आप अपना भाषण आरंभ कीजिए, केवल आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जाएगी। इमरान जी, जो आपका समय था, मैंने आपको उतना बोलने दिया है।

**डा. सुमेर सिंह सोलंकी** (मध्य प्रदेश): धन्यवाद माननीय उपसभापति महोदय। नर्मदे हर! महोदय, मैं आज महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने विचार रखने के लिए खड़ा हुआ हूँ। महामहिम राष्ट्रपति महोदया ने अपने भाषण में संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए भारत की ऐतिहासिक और गौरवशाली उपलब्धियों को देश की जनता के सामने रखा। मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदया का धन्यवाद और अभिनंदन करता हूँ।

उपसभापति महोदय, हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत लगातार अनेक उपलब्धियाँ हासिल करते हुए इतिहास रच रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज गरीब आदिवासी भाइयों और बहनों की ज़िंदगी बदलने का काम हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है। हमारे देश के ओडिशा राज्य की रहने वाली हमारी आदिवासी बहन, इस देश का गौरव, भारत की राष्ट्रपति, महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी जब भारत की उपलब्धियों को रेखांकित कर रही थीं, तब दुनिया के सारे लोग खुश थे, लेकिन हमारा विपक्ष ताली तक बजाने के लिए तैयार नहीं था। हमारे विपक्ष को लग रहा था कि भारत की उपलब्धियों पर खुश नहीं होना चाहिए। मैं जानना चाहता हूँ कि भारत की उपलब्धियों से आपको इतनी चिढ़ क्यों है?

माननीय उपसभापति महोदय, हमारे देश के अंदर गरीब भाइयों और बहनों के लिए विगत ग्यारह वर्षों में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 4.5 करोड़ से अधिक पक्के मकान बनाने का काम किया गया है। इसके साथ ही अभी 3 करोड़ से अधिक मकान बनाने का जो लक्ष्य रखा गया है, उनमें से 32 लाख मकान बीते एक वर्ष में हमारे गरीब भाइयों और बहनों को बनाकर

---

* Not recorded.

देने का काम अगर किसी ने किया है, तो यह कार्य माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में किया गया है।

माननीय उपसभापति महोदय, 'प्रधानमंत्री आवास योजना' में अगर सबसे अधिक किसी समाज को लाभ हुआ है, तो वह हमारे गरीब आदिवासी भाइयों और बहनों को हुआ है। जब हमारी बहनें लकड़ी से रोटी बनाती थीं, तब उनके चूल्हे से धुआँ उठता था, जिससे पूरा घर काला हो जाता था, धुएँ से उनकी आँखें खराब हो जाती थीं, लेकिन कांग्रेस, जिसने साठ साल तक राज किया, उसको यह दिखाई नहीं देता था। लेकिन अगर हमारी बहनों को, 10 करोड़ से अधिक परिवारों को 'उज्ज्वला योजना' का लाभ देने का काम और परिवारों को धुआँरहित करने का काम किसी ने किया है, तो वह हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। माननीय उपसभापति महोदय, उज्ज्वला योजना में भी अगर किसी को सबसे ज्यादा लाभ मिला है, तो गरीबों को मिला है और हमारे आदिवासी भाइयों और बहनों को मिला है।

माननीय उपसभापति महोदय, पारदर्शी लेन-देन इस देश की सबसे बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के अंदर पारदर्शी लेन-देन में भारत ने कीर्तिमान स्थापित किया है। एक क्लिक पर भारत के करोड़ों भाइयों और बहनों को डीबीटी के माध्यम से सीधे खाते में राशि पहुंचाने का काम अगर किसी ने किया है, तो पारदर्शी देश के पारदर्शी प्रधान मंत्री, माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

माननीय उपसभापति महोदय, अगर मैं आयुष्मान भारत योजना की बात करूँ, तो हमारे गरीब आदिवासी भाइयों और बहनों को इलाज कराने के लिए कभी खेत बेचना पड़ता था, कभी गहने गिरवी रखने पड़ते थे, कभी मकान बेचना पड़ता था, कभी दुकान बेचनी पड़ती थी। लेकिन कॉँग्रेस ने 60 सालों तक इलाज के लिए एक फूटी कौड़ी भी सैंक्शन करने का काम नहीं किया। जब देश के प्रधान मंत्री, माननीय नरेन्द्र मोदी जी बने, तब यह बात उन तक पहुंची और देश के अंदर 62 करोड़ भाइयों और बहनों को आयुष्मान कार्ड बनाकर देने का काम किया गया। इसमें मेरे 11 करोड़ गरीब आदिवासी भाइयों और बहनों का इलाज होता है और 70 वर्ष से अधिक आयु के मेरे बुजुर्ग, वरिष्ठजनों को प्रधानमंत्री वय वंदना योजना का लाभ मिलता है और उन्हें भी एक करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाकर देने का काम भी किया जाता है। अगर कोई आठ लाख बुजुर्गों का इलाज करने का काम करता है, तो उनका नाम देश के प्रधान मंत्री, माननीय नरेन्द्र मोदी जी है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं गरीब इलाके से आता हूँ, मध्य प्रदेश के आदिवासी इलाके से आता हूँ। वहाँ पर मध्य प्रदेश के 80 प्रतिशत से अधिक आदिवासी बंधु रहते हैं। धार, झाबुआ, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर - इन इलाकों के अंदर अस्पताल नहीं होते थे। कॉँग्रेस के समय में हमें शहरों और कस्बों में जाना पड़ता था, लेकिन इलाज के अभाव में हमारी जिंदगियाँ खराब हो रही थीं। माननीय उपसभापति महोदय, माननीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर की एक श्रृंखला खड़ी कर दी है। पूरे देश के अंदर गाँवों में अब नजदीक ही इलाज मिलता है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एक डॉक्टर, एक नर्स और एक आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति करके हर गाँव के अंदर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम अगर किसी ने किया है, तो उनका नाम इस देश के प्रधान मंत्री, माननीय नरेन्द्र मोदी जी है। माननीय उपसभापति महोदय, पूरे भारत में एक

लाख अस्सी हजार आरोग्य मंदिर हैं। मेरे मध्य प्रदेश में 13 हजार हैं और मेरे जिले के अंदर हर गाँव में 400 से अधिक आरोग्य मंदिर बनाने का काम अगर किसी ने किया है, तो उनका नाम प्रधान मंत्री, माननीय नरेन्द्र मोदी जी है। माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में गरीब भाई और बहनों को निरंतर इलाज मिल रहा है। माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी यहाँ पर बैठे हैं। पिछले दिनों मध्य प्रदेश में मेरे जिले के पास धार जिले में और धार के साथ पूर्वी जबलपुर इलाके में दो मेडिकल कॉलेज देने का काम किया गया और पूरे मध्य प्रदेश के अंदर लगभग 23 से अधिक मेडिकल कॉलेज बनाने का काम अगर किसी ने किया है, तो माननीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में किया गया है। यहाँ पर माननीय स्वास्थ्य मंत्री, जगत प्रकाश नड्डा जी बैठे हुए हैं। मैं उनको भी धन्यवाद देना चाहता हूँ। उनका भी आभार व्यक्त करना चाहता हूँ। मैं देश के 12 करोड़ से अधिक भाइयों और बहनों की ओर से भी माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ और अभिनंदन करता हूँ। सिकल सेल जैसी लाइलाज बीमारी हमारे देश में आदिवासी भाइयों और बहनों के अंदर घर कर गई थी, लेकिन उसका इलाज करने का काम कभी नहीं किया गया। पिछले दिनों हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी ने मध्य प्रदेश के शहडोल से इस अभियान को प्रारम्भ किया और आज देश के अंदर साढ़े छः करोड़ से अधिक भाइयों और बहनों की स्क्रीनिंग करके, उनके इलाज में सकारात्मक कदम उठाने का काम किया गया।

माननीय उपसभापति महोदय, हमारा गरीब भाई बीमा सुरक्षा योजना को कभी नहीं जानता था। सुरक्षा बीमा क्या होती है, यह बड़े लोगों का काम माना जाता था। गरीब और आदिवासी भाइयों और बहनों का सपना हुआ करता था। लेकिन प्रधानमंत्री जीवन बीमा सुरक्षा योजना के अंतर्गत अब हर गरीब को कवरेज दिया गया है और इस कवरेज के अंतर्गत लाभार्थियों को लाभान्वित करने की जो राशि स्वीकृत की गई है, वह 24,000 करोड़ रुपए के क्लेम स्वीकृत किए गए हैं। इसका सबसे ज्यादा लाभ हमारे आदिवासी भाइयों और बहनों को हुआ है। माननीय उपसभापति महोदय, विकसित भारत - जी राम जी रोजगार योजना लाई गई है और इस योजना से हमारे आदिवासी भाई और बहनों को सबसे ज्यादा लाभ होने वाला है। 100 दिन की बजाय 125 दिन — पहले महीनों तक मजदूर भाई को मजदूरी नहीं मिलती थी, अब हर हफ्ते उसे मजदूरी का भुगतान होगा। उसे आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का काम अगर किसी ने किया है तो देश के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

माननीय उपसभापति महोदय, धरती आबा जनजाति योजना, जिसने इस देश के आदिवासी भाइयों और बहनों की जिंदगी बदलने का काम किया। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर पूरे देश के अंदर इस योजना को लागू किया गया। इस योजना के अंतर्गत हमारी सरकार ने 80 हज़ार करोड़ से अधिक का बजट स्वीकृत किया और इस बजट से अब हमारे गांव में स्कूल बेहतरीन होंगे, अस्पताल भी होंगे, शौचालय भी होंगे, सड़कें भी होंगी, बिजली भी होगी, पानी भी होगा और अब गांव भी शहर की भांति चमकने लगेगा। इस योजना के अंतर्गत पूरे भारत के अंदर 63,000 से अधिक गांवों को शामिल करके उनके कायाकल्प करने का काम हमारे देश के प्रधान मंत्री माननीय मोदी जी कर रहे हैं।

Contents Page

महोदय, पूरे देश के अंदर 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब बनाई गई हैं। मेरे क्षेत्र के आदिवासी युवा भाइयों और बहनों को अब वैज्ञानिक बनने से कोई रोक नहीं सकता। उनको वैज्ञानिक सोच और टेक्नोलॉजी से दूर कोई रख नहीं सकता। इस दिशा में यह सकारात्मक कदम उठाते हुए जब 50,000 से अधिक लैब्स बनेंगी, तब पूरे इलाके के हमारे आदिवासी बेटे और बेटियों को इसका लाभ मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत अब तक 1 करोड़ से अधिक आदिवासी छात्र लाभान्वित हो चुके हैं। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमारे आदिवासी इलाके में रेल का सपना सपना हुआ करता था। 105 साल पुरानी मांग थी। कांग्रेस की तत्कालीन सरकारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। माननीय उपसभापति महोदय, मुझे 1 मिनट का समय और चाहिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Rwngwra Narzary.

SHRI RWNGWRA NARZARY (Assam): Hon. Vice-Chairman, Sir, thank you for giving me opportunity to speak on the Motion of Thanks on the President's Address. I, on behalf of my Party, United People's Party Liberal (UPPL) rise to speak in support of Motion of Thanks. Sir, the reduction of insurgent groups from North East has brought peace in most part of the region. Consequently, the developments in the North East are not isolated. North Eastern Region, once considered remote and underserved, is now emerging as a vibrant hub of progress with the inclusive vision, mission and action for Viksit Bharat under the leadership of Prime Minister Narendra Modi*ji*. The President's Address highlighted how the North Eastern Region is no longer on the periphery only but at the forefront of India's development story.

Over the past 11 years, more than 7,200 kilometres of National Highways have been constructed in the North Eastern Region, making remote, hilly, tribal and border areas more accessible. Under the PMGSY initiative, approximately 50,000 kilometres of rural roads have been built, improving connectivity to markets, hospitals and schools. The Ministry of Railways too have made unprecedented investment of over Rs.80,000 crore connecting the capitals of Arunachal Pradesh, Tripura and Mizoram through broad-gauge line. The introduction of Vande Bharat sleeper train (technologically advance) and the Amrit Bharat train (affordable travel for masses) between Assam and other States marks yet another milestone in seamless mobility. In Assam, a semiconductor chip manufacturing unit will soon become a lifeline for global electronic products.

Taking pride in India's cultural heritage is one of the "Panch Pran" outlined during 2022 Independence Day speech by hon. Prime Minister, Narendra Modi*ji*. Preserving cultural legacy of Bharat, the "Bagurumba", a Bodo traditional dance, was presented before Modi*ji* at Guwahati on 17$^{th}$ January, 2026, which was performed by

Contents Page

ten thousand performers giving "Bagurumba" a huge introduction to the world community. Presence of Modi*ji* in this great cultural expression was very enthusiastic and inspiring for Viksit Bharat. The entire Bodo community feels proud and says: "Thank you Shri Narendra Modi". Further, I thank hon. Chief Minister of Assam, Dr. Himanta Biswa Sarma for his unwavering support and making "Bagurumba", a cornerstone for Viksit Bharat. The efforts align with the Government's sensitivity towards marginalized communities, including tribals, as evidenced by the PM JANMAN Scheme, which is developing over 20,000 villages of the most deprived tribal communities and 2.5 lakh houses have been built under this Scheme.

Sir, the President's Address left no stone unturned to reflect the participation of women in the national development programme. Connecting 10 crore women to Self-Help Groups and empowered to become "Lakhpati Didi" is the Government's dedicated mantra of women-led development towards *Viksit Bharat*.

Sir, from record agricultural production to self-reliance in semi-conductors, green energy and fisheries, where India has become the second-largest fish producer globally, I commend the Government's efforts in Schemes like PM-Kisan Samman Nidhi, which has transferred over four lakh crore rupees directly to farmers' accounts and the promotion of Shree-Anna (millets) for additional income. Sir, the President's Address inspires us to unite beyond differences placing national interest above all. As we march towards *Viksit Bharat*, the North-East, particularly Assam, stands ready to contribute with renewed energy. I once again thank the hon. President for her guidance and congratulate the hon. Prime Minister for his leadership. इन्हीं शब्दों के साथ, मैं अपनी बात को खत्म करता हूँ। धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: *Mananiya* Shri Sadanand Mhalu Shet Tanavade*ji*.

**श्री सदानंद महालू शेट तानवड़े** (गोवा): डिप्टी चेयरमैन सर, आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के ऊपर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूँ। It is a matter of pride that *Mahamahim Rashtrapatiji* highlighted Government of India's continued journey towards *Viksit Bharat* through inclusive development, infrastructure creation, institutional transparency and social justice. The Address shows the Government's focus towards pro-poor governance, digital empowerment and structural reforms that have delivered tangible benefits to millions across the nation. पूरे देश में आज चाहे road connectivity हो, चाहे air connectivity हो, चाहे water connectivity हो, हर क्षेत्र में विकास हुआ है। अगर आज हम देखें, तो road connectivity में National Highways में चाहे four lane हो, चाहे six lane हो, the entire rural and urban

population is now connected by roads. राजमार्ग निर्माण की गति भी बढ़ रही है। Air connectivity में बहुत सुधार हुआ है। आज देश में 160 operational airports हैं। Goa is a very small State, लेकिन आज गोवा में भी 2 airports हैं और 110 flights per day चल रही हैं। यानी air connectivity में बहुत सुधार हुआ है। इसी तरह से अगर हम water connectivity को देखें, तो cruise boat one city से other city को connect कर रही है। इसी तरह से अगर हम rail connectivity में देखें, तो आज जैसे airports दिखते हैं, उनसे अच्छे आज railway stations बन रहे हैं। चाहे Vande Bharat हो, चाहे Amrut Bharat हो या luxury train हो, वे अलग-अलग शहरों को जोड़ रही हैं। इसमें accidents में reduction हुआ है। इसमें accidents में 90 per cent reduction हुआ है। 2014 से पहले 135 accidents per year होते थे, जबकि आज वह संख्या कम होकर 12 accidents per year हो गई है। इस तरह से safe travelling हो रही है। आज 99 per cent Indian Railway electrified हुई है। अगर हम पूरे world का rate देखें, तो इसमें केवल Switzerland 100 per cent है, China is 82 per cent, Japan is 64 per cent, Russia is 52 per cent, Spain is 67 per cent, France is 60 per cent, जबकि भारत देश 99.4 per cent है। अगर आज हम railway connectivity देखें, तो North-East में भी अच्छी तरह से connectivity हो रही है।

Mr. Deputy Chairman, Sir, the PRAGATI Initiative represents a decisive shift in the culture of governance in our country. For decades during the UPA Government, critical infrastructure projects and welfare schemes remained trapped in files and committees. Earlier, only announcements, no action, and only foundation stones, no work, thereby cause hardship to ordinary citizens.

Today, through PRAGATI, accountability has replaced delay, co-ordination has replaced confusion and outcomes have replaced intention. It reflects a new governance mindset where the highest level of leadership directly monitors delivery on the ground. This marks a clear departure from an era where citizens waited endlessly for a promise to translate into reality.

Under the leadership of hon. Prime Minister, Narendra Modi*ji*, now the foundation stones and inauguration of any project is in the same tenure of five years. The schemes are announced and implemented immediately. The subsidy is directly transferred to the beneficiary's account through Direct Benefit Transfer. There are no middlemen and no corruption. Our Government is committed to delivering basic utilities to the people at grassroot level चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना हो, प्रधानमंत्री गैस कनेक्शन की योजना हो, सौभाग्य स्कीम हो, प्रधानमंत्री सहज हर घर बिजली योजना हो, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना हो या स्वच्छ भारत मिशन हो। Under this scheme, 11 crore toilets were constructed. जल जीवन मिशन में 100 per cent अच्छा और clean tap water देने का काम भी हमारी सरकार ने किया है। मुझे खुशी है कि Goa is the first State, जहां इस स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन में 100 per cent लोगों के घरों में

Contents Page

4.00 P.M.

टॉयलेट्स भी बने और अच्छा पानी भी मिला। यानी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का जो vision है — 'सबका साथ, सबका विकास', irrespective of caste and religion, सबको इस scheme का लाभ मिला है, पूरे देश में मिल रहा है। हमारी सरकार farmers की respect कर रही है। Under the PM Kisan Samman Nidhi Scheme, our Government continues to strengthen farmers' income with direct cash support. इसका लाभ 12 crore beneficiaries को मिल रहा है। PM Krishi Sinchayee Yojana focuses on improving agricultural productivity through irrigational support. PM Fasal Bima Yojana offers crop insurance against natural calamities, pests and diseases with low premium. Kisan Credit Card provides short-term credit to farmers at affordable rates. PM Matsya Sampada Yojana boosts fisheries and aquaculture development. इसका लाभ गोवा में भी बहुत अच्छी तरह से मिल रहा है। Healthcare में हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया है। Healthcare में आयुष्मान भारत स्कीम सरकार की एक universal health scheme है, which is delivering treatment to millions and expanding coverage for senior citizens. Eleven crore free medical treatments have already been provided across the country. During the last one year, 2.5 crore citizens availed the facility of free medical treatment under this initiative. One crore Ayushman Bharat Vaya Vandana Cards also ensured hospital care for elderly beneficiaries. सर, हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। इंडस्ट्री और कॉमर्स में भी बहुत तरह से विकास हो रहा है। The production-linked insurance scheme has attracted investment of around Rs.2 lakh crore and production worth more than Rs.17 lakh crore has been achieved. हमारी सरकार ने new GST reform किया और GST rates में बदलाव किया। Earlier, 4 slabs में जो GST था, 5 per cent, 12 per cent, 18 per cent और 28 per cent था, लेकिन इसमें जो new reform लाया, उसमें 5 per cent और 18 per cent किया गया है। यह luxury goods पर 40 per cent है, लेकिन जो खाने वाली चीज हैं, जो गरीब और middle class लोगों के इस्तेमाल में आने वाली जो चीज हैं, उनमें zero per cent GST लगा दिया है, यानी लोगों को इसका लाभ मिल रहा है और सरकार का revenue भी बढ़ रहा है। जिनकी annual income 12 लाख रुपये से कम है, उनके लिए income tax नहीं है। इसका गोवा में इसका और फायदा है। वहां जिनका professional and business income अगर Rs. 24 lakhs है, they are also exempted, क्योंकि उनका जो इनकम होता है, वह 50:50 share होता है, तो गोवा में इसका double लाभ हो रहा है। अगर बाकी India में 12 लाख है, तो गोवा में अगर Rs. 24 lakhs का इनकम हुआ, तो भी वहां income tax नहीं लगता है।

During the last 11 years, 42,000 crores scholarship were given to the students belonging to SC community. More than 400 Eklavya Model Residential Schools have been established for the education of tribal students. Ten crore women have been connected to self-help groups. More than 60 lakh women became Lakhpati Didi during the last year. Under the *'Swasth Nari, Sashakt Parivar'* Campaign, around 7 crore

Contents Page

women received health checkup. The new Bill, the Viksit Bharat-G RAM G Bill has replaced MGNREGA. इस बिल में है कि पहले जो 100 days काम मिलता था, उसे 125 दिन किया गया है और उसमें जो corruption होता था, तो अब उसमें corruption नहीं होगा। जो काम वह पंचायत में होगा, उसे अगर दो वर्ष के बाद देखने गए, तो वहां जो actual काम हुआ है, वह देखने को मिलेगा। इससे 'विकसित भारत' में जो 'विकसित रूरल इंडिया' होना चाहिए, इस स्कीम के माध्यम से ऐसा होने के लिए फ़ायदा हो जाएगा।

Sir, I extend my heartiest congratulations to our visionary Prime Minister and the entire nation. Under the leadership of Prime Minister Modi*ji*, India secured historic era defining deals with both Europe and United States. Our hon. Prime Minister has truly hoisted our tricolour with immense pride on the global stage. Sir, this agreement will bring unprecedented relief to our exporters and our people. With the European Union, duties will be eliminated on over 70 per cent of tariff lines immediately, covering a staggering of 90.7 per cent of Indian export value over the next three to five years. Tariff will vanish on another 20 per cent of products including marine products, processed foods, and even arms and ammunition. This is total victory of Make-in-India. Sir, witnessing the sheer scale of the India-Europe partnership, the US has announced that mutual tariff on Indian goods entering their markets will drop to 18 per cent. This is the new India, a nation that no longer just participates in global trade but leads it. I congratulate the hon. Prime Minister for his tireless service in ensuring our nation's economic sovereignty and prosperity.

Mr. Deputy Chairman, Sir, I conclude my speech by expressing my deepest gratitude to the hon. President of India, for her inspiring and forward-looking Address to both the Houses of Parliament. Her words have provided clarity of vision, confidence of purpose and strong roadmap for India's continued progress under the leadership of hon. Prime Minister Narendra Modi*ji* in this Amrit Kaal. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Now, Dr. Fauzia Khan.

**डा. फौजिया खान** (महाराष्ट्र): सर, अभिभाषण में दो महत्वपूर्ण आकांक्षाओं पर बल दिया गया है - एक विकसित भारत और एक नारी शक्ति। सर, एक की कल्पना दूसरे के बिना हो नहीं सकती है।

सर, इस देश की 50 प्रतिशत लोकसंख्या महिलाओं की है और वह ही है, जो दूसरे 50 प्रतिशत को पोषित और विकसित करने की जिम्मेदारी उठाती है। इसलिए हमें यह जाँचने की जरूरत है कि क्या सशक्त नारी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपनाए गए उपाय वास्तव में सार्थक परिवर्तन में अनुवाद कर रहे हैं? सर, क्या महिलाओं के लिए जमीन पर स्थाई परिवर्तन हो रहा है? अब हमारे देश की राष्ट्रपति स्वयं महिला हैं, इसलिए वे निश्चित रूप से नारी शक्ति के मामले में जमीन पर एक संपूर्ण बदलाव की अपेक्षा करती होंगी, पर क्या करेंगे वे भी? It is said,

tokenism does not change stereotypes of social systems, but it works to preserve them since it does the revolutionary impulse.

सर, महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा, आर्थिक, शैक्षणिक, राजनीतिक सशक्तिकरण - इन सबके बिना समग्र सशक्तिकरण के सभी दावे अधूरे रह जाते हैं। वैसे भी इन दावों के प्रभाव का विश्लेषण करता कौन है? पिछले वर्ष महिला बाल कल्याण विभाग का तो खर्च निर्धारित राशि से ढाई हजार करोड़ रुपए कम किया गया था। क्या हम इसे बेदिली नहीं कहेंगे? सर, निर्भया फंड में केवल एक वर्ष में 44 प्रतिशत कटौती की गई। क्या इसे भी हम बेदिली नहीं कहेंगे?

सर, दीदियाँ लखपति तो नहीं, वास्तव में कर्जपति अवश्य बनती जा रही हैं। सुरक्षा और गरिमा की बात की जाए, तो महिलाओं के विरुद्ध अत्याचार के आँकड़े बढ़ते ही जा रहे हैं, लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं और 2022 के पश्चात् एनसीआरबी के आँकड़े भी अब उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। सर, पिछले केवल 36 घंटों में मुंबई जैसी जगह से 12 बच्चे गायब हो गए हैं और दिल्ली में भी यही हाल है।

सर, सामाजिक मानसिकता बदलने की आवश्यकता है और इसके बिना तो पत्ता भी नहीं हिल सकता है। इसीलिए शैक्षणिक सशक्तिकरण की आवश्यकता है और पुरुषों और महिलाओं, दोनों का शैक्षणिक सशक्तिकरण होने की आवश्यकता है। शालेय पाठ्यक्रम में यह विषय अंतर्भूत करने को प्राधान्य देना बेइंतिहा जरूरी है। सर, अगर राजनीतिक सशक्तिकरण की बात की जाए, तो वह एक चिप्स के पैकेट की तरह है। वह बहुत बड़ा होता है, दिखने में सुंदर होता है, महँगा भी होता है, परंतु जब उसको खोला जाता है, तो उसके अंदर 80 प्रतिशत हवा होती है। सर, पंचायती राज में महिला आरक्षण भी इसी चिप्स के पैकेट की तरह है। नाम महिला का, काम पति देव कर रहे हैं। चुनाव प्रचारों तक में फोटो महिलाओं का नहीं, बल्कि उनके घरों के पुरुषों का लगाया जाता है। सर, अभी-अभी महाराष्ट्र में चुनाव हुए हैं। क्या है इसका उपाय? नारी शक्ति वंदन विधेयक - मुझे लगता है कि पूरा का पूरा पैकेट हवा से भरा हुआ है। वह लागू होगा या केवल कागजी कार्रवाई पर ही हम खुश रहें? इसमें एससी, एसटी, ओबीसी का सब-कोटा होना चाहिए या नहीं? उनको विधान परिषदों और राज्य सभा में भी आरक्षण मिलना चाहिए या नहीं?

सर, अंत में, मैं इतना ही कहूँगी कि empowering women, who constitute half the population, is not merely a welfare initiative, but it is a democratic prerogative. सर, रास्ते की कठिनाई सिर्फ एक है कि गांधी जी के जो तीन बंदर हैं, आज उनकी भूमिका बदल गई है।

*मिज़ारू कहता है-*
*विपक्ष को न देख,*
*जो हम दिखाएँगे, वही देख।*
*किकाज़ारू कहता है-*
*विपक्ष की न सुन,*
*जो हम सुनाएँगे, वही सुन।*
*इवाज़ारू कहता है-*

Contents Page

*विपक्ष को न बोलने दे,*
*जो हम बोलेंगे, बस वही बोल।*

सर, अंत में, मैं कहूँगी कि महिलाओं की कहानी ऐसी है कि:

*यूँ ही हमेशा उलझती रही है ज़ुल्म से ख़ल्क़,*
*न उनकी रस्म नई है, न अपनी रीत नई है।*
*यूँ ही हमेशा खिलाए हैं हमने आग में फूल,*
*न अपनी हार नई है, न उनकी जीत नई है।*

धन्यवाद, सर।

**ڈاکٹر فوزیہ خان (مہاراشٹر )**[†]: سر ،ابھبھاشن میں دو مہتوپورن آکانکشاؤں پر بل دیا گیا ہے -ایک وِکست بھارت اور ایک ناری شکتی۔ سر، ایک کی کلپنا دوسرے کے بنا ہو نہیں سکتی ہے۔

سر، اس دیش کی 50 فیصد لوک سنکھیا مہیلاؤں کی ہے اور وہ ہی ہے، جو دوسرے 50 فیصد کو پوشِت اور وِکست کرنے کی ذمہ داری اٹھاتی ہے۔ اسلئے ہمیں یہ جانچنے کی ضرورت ہے کہ کیا سَشکت ناری کی آکانکشاؤں کو پورا کرنے کے لیے اپنائے گئے اُپائے واستو میں سارتَھک پریورتن میں انوواد کر رہے ہیں؟ سر، کیا مہیلاؤں کے لیے زمین پر استھائی پریورتن ہو رہا ہے؟ اب ہمارے دیش کی راشٹرپتی خود مہیلا ہیں، اسلئے وہ نِشچِت روپ سے ناری شکتی کے معاملے میں زمین پر ایک سمپورن بدلاؤ کی اَپیکشا کرتی ہونگی، پر کیا کرینگے وہ بھی؟
It is said, tokenism does not change stereotypes of social systems, but it works to preserve them since it does the revolutionary impulse.

سر، مہلاؤں کی سرکشا اور گریما، آرتھک، شیکشنک، راجنیتک سشکتیکرن - ان سب کے بنا اسمگر سشکتیگرن کے سبھی دعوے ادھورے رہ جاتے ہیں۔ ویسے بھی ان دعووں کے پربھاؤ کا وِشلیشن کرتا کون ہے؟ پچھلے سال مہیلا بال کلیان وبھاگ کا تو خرچ نِردھارت راشی سے ڈھائی ہزار کروڑ روپے کم کیا گیا تھا۔ کیا ہم اسے بے دلی نہیں کہیں گے؟ سر، نربھیا فنڈ میں صرف ایک سال میں 44 فیصد کٹوتی کی گئی۔ کیا اسے بھی ہم بے دلی نہیں کہیں گے؟

سر، دیدیاں لکھ پتی تو نہیں، واستو میں قرض پتی ضرور بنتی جا رہی ہیں۔ سُرکشا اور گریما کی بات کی جائے، تو مہیلاؤں کے وِرودھ اتیاچار کے آنکڑے بڑھتے ہی جا رہے ہیں، لگاتار بڑھتے ہی جا رہے ہیں اور 2022 کے پشچات این سی آر بی کے آنکڑے بھی اب اپلبدھ نہیں ہو رہے ہیں۔ سر، پچھلے صرف 36 گھنٹوں میں ممبئی جیسی جگہ سے 12بچے غائب ہو گئے ہیں اور دلی میں بھی یہی حال ہے۔

سر، ساماجک مانسِکتا بدلنے کی ضرورت ہے اور اسکے بنا تو پتّہ بھی نہیں ہل سکتا ہے۔ اسی لئے شیکشنک سشکتیکرن کی ضرورت ہے اور پروشوں اور مہیلاؤں، دونوں کا شیکشنک سشکتیکرن ہونے کی آوشیکتا ہے۔ شالییہ پاٹھیہ کرم میں یہ وشیہ انتربھوت کرنے کو پرادھانیہ دینا بے ائنتہا ضروری ہے۔ سر، اگر راجنیتک سشکتیکرن کی بات کی جائے، تو وہ ایک چپس کے پیکیٹ کی طرح ہے۔ وہ بہت بڑا ہوتا ہے، دکھنے میں سندر ہوتا ہے، مہنگا بھی ہوتا ہے، پرنتو جب اسکو کھولا جاتا ہے، تو اسکے اندر 80 فیصد ہوا ہوتی ہے۔ سر، پنچائتی راج میں مہیلا آرکشن بھی اسی چپس کے پیکیٹ کی طرح ہے۔ نام مہیلا کا، کام پتی دیو کر رہے ہیں۔ چناؤ پرچاروں تک میں فوٹو مہیلاؤں کا نہیں، بلکہ انکے گھروں کے پروشوں کا لگایا جاتا ہے۔

† Transliteration in Urdu script.

سر، ابھی ابھی مہاراشٹر میں چناؤ ہوئے ہیں۔ کیا ہے اسکا اُپائے؟ ناری شکتی وندن ودھیک - مجھے لگتا ہے کہ پورا کا پورا پیکیٹ ہوا سے بھرا ہوا ہے۔ وہ لاگو ہوگا یا صرف کاغذی کارروائی پر ہی ہم خوش رہیں؟ اس میں ایس سی، ایس ٹی، او بی سی کا سب کوٹا ہونا چاہیئے یا نہیں؟ انکو ودھان پریشدوں اور راجیہ سبھا میں بھی آرکشن ملنا چاہیئے یا نہیں؟

سر، آخر میں، میں اتنا ہی کہونگی کہ empowering women, who constitute half the population, is not merely a welfare initiative, but it is a democratic prerogative. سر، راستے کی کٹھنائی صرف ایک ہے کہ گاندھی جی کے جو تین بندر ہیں، آج انکی بھومیکا بدل گئی ہے۔

"میزارو کہتا ہے -
وپکش کو نہ دیکھ،
جو ہم دکھائینگے، وحی دیکھ -
ککازارو کہتا ہے۔
وپکش کی نہ سن،
جو ہم سنائینگے، وہی سن۔
ایوازارو کہتا ہے۔
وپکش کو نہ بولنے دے،
جو ہم بولینگے، بس وحی بول۔"

سر، آخر میں، میں کہونگی کہ مہیلاؤں کی کہانی ایسی ہے کہ:

"یوں ہی ہمیشہ الجھتی رہی ہے ظلم سے خلق،
نہ انکی رسم نئی ہے، نہ اپنی ریت نئی ہے۔
یوں ہی ہمیشہ کھلائے ہیں ہم نے آگ میں پھول،
نہ اپنی ہار نئی ہے، نہ انکی جیت نئی ہے۔"

شکریہ سر۔

**श्री उपसभापति :** माननीय श्रीमती संगीता यादव।

**श्रीमती संगीता यादव** (उत्तर प्रदेश)**:** माननीय उपसभापति जी, आपका बहुत-बहुत आभार कि आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने का अवसर दिया।

सर, मैं अपनी बात फौजिया दीदी की बात से ही शुरू करना चाहूँगी। अभी जैसे ये महिलाओं के लिए बोल रही थीं, तो मैं भी अभी उसी टॉपिक पर बोल रही हूँ। हमारा सौभाग्य है कि अभी जो हमारी राष्ट्रपति हैं, वे भी एक महिला है, जो वित्त मंत्री हैं, वे भी एक महिला हैं। आज देश में जो सबसे ज्यादा महिला लोक सभा सदस्य हैं, वे भी भाजपा से हैं। राज्य सभा में भी सबसे ज्यादा महिला सदस्य भाजपा से ही हैं। जो, विधायक हैं, वे भी भाजपा से हैं। मैं खुद भी एक महिला हूँ। अगर आप रेश्यो निकालें कि आज किस पार्टी के संगठन में सबसे ज्यादा महिलाएँ हैं, तो वे भी भारतीय जनता पार्टी में ही हैं। 2014 के बाद से हमारे पास महिलाओं की इतनी योजनाएँ हैं कि अगर मैं उन योजनाओं पर बात करना चाहूँ, तो 24 घंटे नॉन स्टॉप बोल सकती हूँ।

सर, मैं महिलाओं के लिए दो लाइंस कहकर अपनी बात शुरू करूँगी :

*माना कि पुरूष बलशाली है,*
*मगर जीतती हमेशा नारी है।*
*साँवरिया के छप्पन भोग पर,*
*एक तुलसी का पत्ता भारी है।*

उस तुलसी के पत्ते को 2014 के बाद अगर कोई महत्व दे रहा है, तो वह हमारी मोदी सरकार दे रही है और लगातार दे रही है। आज हम महिलाओं को केवल उनका अधिकार ही नहीं दे रहे, बल्कि उनको नेतृत्व से भी जोड़ रहे हैं। अभी मैं आपको सुन रही थी, आपने 33 परसेंट आरक्षण के बिल के बारे में कहा। जब वह आरक्षण का बिल इसी सदन में, इसी लोकतंत्र के मंदिर में पास किया गया था, तो हमारा सौभाग्य है कि हम में से मैक्सिमम लोग उसके पार्ट भी बने थे। उसमें भी नियम-क़ानून लिखे गए हैं कि वह कब से लागू होगा, कहाँ लागू होगा। दीदी, मैं आपसे यही निवेदन करूँगी कि आप उसको थोड़ा दोबारा पढ़ने का कष्ट करें।

सर, मैं इसी में "मातृ वंदन योजना" को जोड़ना चाहूँगी। हमारी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी माँ के पोषण में अगर कोई तंगी हो, तो आर्थिक तंगी के कारण कभी किसी माता और शिशु के पोषण में कोई कमी न आए। हम उनको 6,000 रुपये तक की सीधी आर्थिक मदद दे रहे हैं। आपने अभी जो चिप्स वाला उदाहरण दिया, उसके लिए भी मैं बताऊँगी कि हमारी ऐसी कोई योजना आती ही नहीं है, जिसमें महिलाओं के लिए अलग से कुछ लिखा ही न हो। मैं "विकसित भारत - जी-राम-जी" का भी स्वागत करूँगी। इस विधेयक में महिलाओं को एक-तिहाई भागीदारी को कानूनी गारंटी देना यह बताता है कि हम अपनी बहनों को राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय भागीदार बना रहे हैं।

सर, मैं आपको बताऊँ कि मैं अभी विपक्ष के एक अन्य माननीय सदस्य के भाषण को सुन रही थी, जिसमें उन्होंने एक लाइन यह कही कि महिलाओं को रोजगार से नहीं जोड़ा जा रहा है। मैं एक आंकड़ा बताना चाहूँगी कि "मुद्रा योजना" आज महिला उद्यमियों के लिए एक वरदान साबित हुई है। इस योजना के अंतर्गत हमारी बहनें 50,000 रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक का लोन बिना किसी परेशानी के प्राप्त कर रही हैं। भारत की नारी अब job seeker नहीं है, बल्कि वह job creator बन गई है। आज 10 करोड़ बहनें स्वयं सहायता समूहों से जुड़ कर अपनी किस्मत बदल रही हैं। मोदी सरकार ने कुल 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। महोदय, मुझे इस सदन को बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि देश में आज दो करोड़ से अधिक महिलाएँ इस लक्ष्य को प्राप्त कर चुकी हैं।

महोदय, आज जो स्मार्टफोन हमारे हाथों में है, मैं इसके बारे में बताना चाहूंगी। मैं ग्रामीण क्षेत्र में विधायक थी। जब यह फोन नया-नया आया था, तब घर में इसकी घंटी तो बजती थी, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को इसे छूने की अनुमति तक नहीं होती थी। मैंने स्वयं अपनी आँखों और कानों से यह देखा-सुना है मैं वही बता रही हूं। कहा जाता था, अरे, नहीं-नहीं, इसे मत छूना, मत उठाना, पता नहीं क्या दब जाएगा। ऐसी मानसिकता थी। आज उन्हीं ग्रामीण महिलाओं को 'ड्रोन दीदी' का जो दायित्व सौंपा है, वह मोदी सरकार ने सौंपा है। उनकी तकनीकी क्षमता पर यदि किसी

ने विश्वास किया है, तो वह मोदी सरकार ने किया है। आज जब हम गाँवों में देखते हैं कि महिलाएँ ड्रोन उड़ाकर अपना कार्य कर रही हैं, तो यह केवल उस महिला का आत्मविश्वास ही नहीं बढ़ाता, बल्कि उसके आसपास की सभी महिलाओं को भी आत्मविश्वास से भर देता है। माननीय उपसभापति महोदय, यह केवल आर्थिक तरक्की नहीं है, यह एक बहुत बड़ा सांस्कृतिक बदलाव भी है।

महोदय, मकानों की जो रजिस्ट्री होती है - मैं समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए बताना चाहूंगी कि मेरे पास एक दिन रात में एक महिला का फोन आया। उसने कहा कि दीदी, ज़रा पुलिस वालों को मेरे घर भेज दीजिए। मैंने पूछा, क्या हो गया? उसने कहा कि दीदी, पति से लड़ाई हो गई है, पुलिस भेज दीजिए। मैंने कहा कि कोई ऐसी बात हो तो पहले मुझे बताओ, मैं प्रधान जी या पूर्व प्रधान को भेज देती हूँ। जब साथ रहना है तो लड़ाई क्यों? उसने कहा, नहीं-नहीं दीदी, आप ज़रा भेज दीजिए। मैंने फिर पूछा कि रात के साढ़े नौ बज रहे हैं, आखिर मुद्दा क्या है? उस महिला ने जो बात कही, वही मैं यहाँ साझा करना चाहूँगी। उसने कहा कि दीदी, मेरी शादी को 22 साल हो गए हैं, मेरा बेटा 19 साल का है। शादी से पहले माँ-बाप कहते थे कि बेटी, जब दूसरे घर जाओगी, तो वह तुम्हारा घर होगा। शादी के बाद जब भी झगड़ा होता था, तो पति कहते थे कि बाहर निकलो, यह मेरा घर है। आज इस घर की रजिस्ट्री मेरे नाम हो गई है, मोदी जी की वजह से मेरे नाम हुई है। अब यह घर मेरे नाम है। अब मैं चाहती हूँ कि पुलिस आए और इसे हटाए, ताकि इसे पता चले कि अब घर किसका है। महोदय, यदि किसी ने सच्चे अर्थों में महिला सशक्तिकरण किया है, तो वह मोदी जी ने किया है। पहले हमारे बच्चे होते थे, लेकिन जन्म प्रमाण-पत्र में केवल पिता का नाम लिखा जाता था, माता का नाम नहीं। यह भले ही छोटा सा काम था, लेकिन अगर किसी ने यह सम्मान दिया है, तो वह मोदी जी की सरकार ने महिलाओं को दिया है। महिलाओं के लिए कृषि सखी जैसे इनिशिएटिव शुरू किए गए हैं। आज देशभर में सांसद खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित हुई हैं, और मैं इसके लिए सभी माननीय सांसदों का आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने महिलाओं के लिए विशेष प्रयास किए। अभी हाल ही में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA) से महिला कैडेट्स का पहला बैच सफलतापूर्वक पास हुआ है। यह देश के लिए सौभाग्य की बात है।

महोदय, मैं तीन दिन से यहां होना वाली चर्चा सुन रही हूं। युवाओं को लेकर भी अनेक प्रश्न उठाए गए हैं। यह सत्य है कि कोई भी सरकार सभी को सरकारी नौकरी नहीं दे सकती, लेकिन हमारे यहां युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनगिनत प्रयास किए जा रहे हैं। मैं उसके कुछ फैक्ट्स बताना चाहूंगी। केरल के महान संत श्री नारायण गुरु कहा करते थे कि शिक्षा से ज्ञान प्राप्त करो और संगठन से शक्तिशाली बनो। क्योंकि जब कोई राष्ट्र सपने देखता है, तो उन सपनों का द्दष्टा भी उस राष्ट्र का युवा होता है और उसका निर्माणकर्ता भी वही युवा होता है। उसी युवा के लिए हमारी सरकार काम कर रही है, तो मैं बताना चाहूंगी कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बन चुका है। लगभग दो लाख स्टार्ट-अप पंजीकृत हैं और पिछले एक वर्ष में ही पचास हजार नए स्टार्ट-अप जुड़े हैं। इस इको-सिस्टम में 20 लाख से अधिक युवा कार्यरत हैं और यहां बताते हुए मुझे हर्ष हो रहा है कि इनमें से 45 प्रतिशत स्टार्ट-अप्स की डायरेक्टर महिलाएँ हैं।

महोदय, रोजगार सृजन के लिए 'प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना' के अंतर्गत एक लाख करोड़ रुपये के बजट से 3.5 करोड़ नए रोजगार सृजित किए जा रहे हैं। आज आईटी सेवाओं और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स में एक करोड़ से अधिक नौकरियों का सृजन किया जा रहा हैं। सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए 60 हजार युवाओं को और AI क्षेत्र में 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करना यह बताता है कि हम भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हैं।

मुद्रा योजना के माध्यम से लगभग 12 करोड़ ऋणों के माध्यम से युवाओं को उद्यमी बनने का साहस मिला है। इसी तरह पीएम विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि योजनाओं ने वंचित वर्गों के कारीगरों को सम्मान के साथ औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। खेलो इंडिया अभियान के माध्यम से आज हमारे गाँवों और कस्बों की प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच मिल रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में एक करोड़ से अधिक छात्रों ने अटल टिंकरिंग लैब्स का लाभ उठाया है। पीएम सेतु योजना के तहत 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 1,000 आईटीआई का up gradation किया जा रहा है। उपसभापति महोदय, मैं इतना कहना चाहूंगी कि जब उत्तर पूर्व की बात होती है, तो कहा जाता था कि अगर वहां घूमने जाना है, तो पहले सोचना पड़ता था। कहां रुकेंगे, कहां उतरेंगे, ट्रेन मिलेगी, बस मिलेगी या नहीं मिलेगी, तो यह सबके लिए चिंता का विषय होता था। उसमें कुछ बातें कहकर मैं अपनी बात को खत्म करूंगी। उत्तर पूर्व में विकास, जो कभी हाशिए पर था, आज वह राष्ट्रीय प्रगति के केन्द्र में आ गया है। 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश और 7,200 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण ने इस क्षेत्र की तस्वीर ही बदल दी है। आज अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा और मिजोरम की राजधानियों तक ब्रॉड गेज कनेक्टिविटी का पहुंचना केवल एक परिवहन उपलब्धि नहीं, बल्कि इस विश्वास की पुष्टि है कि उत्तर पूर्व अब दिल्ली और दिल, दोनों से दूर नहीं है। ईटानगर और अगरतला जैसे स्थानों पर आधुनिक मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों की स्थापना ने यहां के नागरिकों को उनके घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी हैं। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाना हमारे उन वीर पूर्वजों के प्रति सच्चा सम्मान है, जिनके संघर्षों को इतिहास में वह स्थान नहीं मिला, जिनके वे हकदार थे। आज 'पीएम- जनमन योजना', 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के माध्यम से 1 लाख करोड़ से अधिक की लागत से जनजातीय गांव का कायाकल्प हो रहा है।

सर, शिक्षा और सांस्कृति पहचान के मोर्चे पर ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। जनजातीय क्षेत्रों में स्थापित 400 से अधिक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, करोड़ों छात्रों को दी गई पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति हमारे युवाओं के भविष्य को सुरक्षित कर रही है। इसके साथ ही संविधान का संथाली भाषा में अनुवाद यह सिद्ध करता है कि हमारी सरकार विकास के साथ-साथ जनजातीय भाषाओं और सांस्कृतिक गरिमा को अक्षुण्य रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

उपसभापति महोदय, इसके साथ ही मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करती हूं, धन्यवाद।

**श्री उपसभापति :** धन्यवाद, संगीता यादव जी। श्री रामजी।

**श्री रामजी** (उत्तर प्रदेश): उपसभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण की चर्चा पर बोलने का अवसर दिया। इसके साथ ही मैं अपनी पार्टी की मुखिया कुमारी बहन मायावती जी का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर लाना चाहता हूं। पहले की भांति आज भी एससी/एसटी पर जाति उत्पीड़न रुकने का नाम नहीं ले रहा है। चाहे यूपी हो, एमपी हो, बिहार हो, राजस्थान हो, तमिलनाडु हो, ओडिशा हो, हर जगह, हर प्रदेश के अंदर मानसिक और शारीरिक रूप से इनका उत्पीड़न किया जा रहा है। अब तो यह मानसिकता गाँव के स्कूलों में पहुंच गयी है। अभी बिहार के कई स्कूलों में मुसहर जाति के बच्चों को अन्य बच्चों से अलग बैठाया गया। दूसरी तरफ, विश्वविद्यालय कॉलेजों में एससी, एसटी और ओबीसी के बच्चों के साथ जाति आधार पर भेदभाव किया जाता है। Viva और Interview में जानबूझ कर उन्हें नंबर्स कम दिए जाते हैं। ...(**व्यवधान**)... इसके साथ ही मैं मध्यम वर्गीय परिवार के शिक्षा को लेकर भी सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। यूनिवर्सिटी, कॉलेजेज़ के अंदर तमाम प्रोफेशनल कोर्सेस के अंदर एमबीबीएस, एमबीए, इंजीनियरिंग आदि की फीस बढ़ा दी गई है, जिससे तमाम मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे शिक्षा लेने में महरूम हो रहे है। शिक्षा के मामले में बड़ी बातें की जा रही हैं, तो मैं कुछ आंकड़े रखना चाहता हूं। पिछले दस सालों में 93 हज़ार स्कूल बंद हुए हैं, जबकि इसके उलट होना चाहिए था कि सरकार को 93 हज़ार स्कूल बनाने चाहिए थे, लेकिन 93 हज़ार स्कूल बंद हुए। देश में छह से तेरह साल के लगभग 60 लाख बच्चे अभी स्कूल जा पाने में महरूम है। यह सरकार का ही आंकड़ा है कि पिछले पाँच सालों में 65 से 70 लाख बच्चों ने पढ़ाई छोड़ दी है, जिसमें दुर्भाग्य यह है कि उनमें से 29.8 लाख किशोर लड़कियां हैं। मैं माता सावित्रीबाई फुले जी की बात को क्वोट करना चाहता हूं। किसी समाज या देश की प्रगति तब तक संभव नहीं है, जब तक की यहां महिलाएं शिक्षित ना हों। इसी बात को आगे बढ़ाते हुए मैं बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की बात को कहना चाहता हूँ। शिक्षा ही समानता, सम्मान और शिक्षक समाज की मजबूत नींव है। आज देश के अंदर जिस तरह से पाखंड, अंधविश्वास की बात की जाती है, धार्मिक उन्माद की बात की जाती है, इससे देश नहीं चलने वाला है, इससे देश बढ़ने वाला भी नहीं है। देश शिक्षा और साइंस पर ही चलने वाला है, उसी से बढ़ने वाला है।

महोदय, मैं सामाजिक न्याय के बारे में भी बात करना चाहता हूं। सरकार ने बहुत ढिंढोरे पीटे कि हमने सामाजिक न्याय दिया है। मैं सरकार से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि एससी, एसटी के प्रमोशन का बिल अभी पेंडिंग पड़ा है। आज तक CMO, PMO और Higher level की पोस्ट पर एससी, एसटी लोगों की पोस्टिंग नगण्य है। आप एससी, एसटी के प्रमोशन वाले बिल को पास कीजिए। वहीं देश के संविधान को लागू हुए 77 वर्ष हो गए हैं, लेकिन मध्य प्रदेश के अंदर आज भी ओबीसी को 27 परसेंट रिज़र्वेशन नहीं मिल रहा है। जबकि आरक्षण हमारा संवैधानिक अधिकार है, कोई भीख नहीं है। इसको बाबा साहब डा. अम्बेडकर ने दिया था। मैं सरकार से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश के अंदर ओबीसी को जल्द ही 27 परसेंट रिज़र्वेशन देने का काम किया जाए। इसके साथ ही मैं आपका ध्यान बहुत ही इम्पोर्टेंट विषय की ओर लाना चाहता हूं।

Contents Page

मान्यवर, यह एक चिंता का विषय है कि हमें हाल ही में समाचारों के माध्यम से यह जानने को मिला है कि मध्य प्रदेश से रोज 43 महिलाएं गायब हो रही हैं। 55 महीने में कुल मिलाकर 60 हज़ार बच्चे लापता हो गए हैं। मान्यवर, दुर्भाग्य यह है कि इसमें 48 हज़ार लड़कियाँ हैं। 48 हज़ार लड़कियाँ! अब दिल्ली में भी, पिछले 27 दिनों में 807 लोग गायब हुए हैं, जिनमें 191 बच्चे हैं और 509 महिलाएँ हैं। यानी डेली, लगभग 54 लोग लापता हो रहे हैं।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं, देश के हित के लिए आग्रह करना चाहता हूं कि आप अपनी पुलिस, अपनी इंटेलिजेंस, अपनी स्टेट पुलिस, रेलवे पुलिस और सभी को अलर्ट मोड पर डाल दीजिए कि आखिर ये बच्चे कहाँ जा रहे हैं? इसके पीछे कौन है? इसके पीछे कौन-सा नेशनल और कौन-सी इंटरनेशनल गिरोह एक्टिव है, जो इन बच्चों को उठा रहा है और किधर लेकर जा रहा है। इस बात की छानबीन होनी चाहिए।

महोदय, मैं इन्हीं शब्दों के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं, *जय भीम, जय भारत, जय संविधान।*

MR. CHAIRMAN: Dr. Sarfraz Ahmad; not present. Shrimati Sudha Murty.

SHRIMATI SUDHA MURTY (Nominated): Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir, for giving me an opportunity to speak. I just want to quote one line from the President's Address, "The nation is working on every front to preserve and enrich our culture and heritage." Now, taking the cue from there, I want to speak about our country's culture and heritage.

Around 2,000 years back, they started a road from Xi'an to Istanbul, Istanbul to Rome, which is popularly called the Silk Road. It was just not a road; it also carried ideas, religion, business and many more things. Globally, a country's culture is defined by its roads on the land. But, today, I want to speak about something which is our national heritage, which is our culture and which we have, to some extent, neglected. That is 'Project Mausam'. What is it? You look at India's tip in southern India. It is connected to an Ocean which is known as the *Hind Mahasagar* or the Indian Ocean. In olden days, it had a great influence on 39 countries — from the eastern coast of South Africa to Zanzibar and Aden, across the African continent to present-day's UAE, Pakistan and India, and eastward to Burma, Bhutan, Philippines, Vietnam and many other independent islands. There was a route; there was a culture. We, Indians, are not colony makers. We have never colonised anybody by power, but we did influence people by our ideas, by our behaviour, by our honesty and by our business. Hence, all these 39 countries, which I am talking, in *Hind Mahasagar*, were influenced by India and so many trade routes were developed in that, but we have neglected that in our Indian history, in our culture, which is a great heritage to our India. All these countries

Contents Page

have one or other effect of India's culture. Many names in that entire South Asia had Indian names like Panduranga, Javadweepa, Suvarnadweepa. Over time, we call Panduranga as Padang, Javaddweepa as Java and Suvarnadweepa as Sumatra. Now, I want to request to take this project forward. In monsoon winds, the sailors, from time immemorial, in olden days, used to sail from all these countries via India, then go to the Southeast countries. After the monsoon season was over, the reverse is to happen. The sailors will sail from other end back to their country. The best example you can see in Odisha. They call it Bali Yatra. That means, after *Sharad Purnima* is over, people used to travel and the best example can be seen near Konark. Once in a year, after that festival, they leave the lamps and elders in the family will come to the seashore, indicating our merchants used to travel to the far off place. Even today, they are celebrating that, as my colleague, Dr. Sasmit Patra, told me. This shows India's great history, great culture and great connectivity. What Madam President has told is that we should preserve it. In 2014, I suppose, a proposal was made called the Project Mausam because it is the monsoon winds which can connect this end to that end. I would request our Government to take this initiative taking hon. President Madam's cue and under able leadership of our hon. Prime Minister Modiji, who believes in India's culture, our Sanskriti, the greatness of Mother India, our Bharat, to take Mission Mausam global, particularly in Hind Mahasagar and see in all these places, what effect we can have there. There are caves near Eden where you have Buddhist sculptures and Buddhist stupas are there, indicating that our merchants went up to that point.

I really would like to thank our hon. Prime Minister Modiji for giving me this opportunity, making me a Rajya Sabha Member by nominating me, giving me a great canvas to talk, express my country's legacy, my country's cultural heritage, my country's prosperity in every aspect of life, which we live and, with positive attitude, we should go ahead with such projects. We should make it very familiar at the global level indicating that our country has a fantastic history, fantastic culture and it is *aadi, ananta, apoorva,* and thank you once again, Sir, for giving me an opportunity to talk about Mission Mausam which contains 39 countries, South East Asia, independent islands, India in the middle and then United Arab Emirates, Africa and all those countries. *Dhanyavad; Jai Hind; Vande Mataram!*

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम दास अठावले)** : उपसभापति जी:

*मैं आपका मानता हूँ आभार,*
*क्योंकि हर जगह पर कॉंग्रेस की हो रही है हार।*
*मोदी जी के साथ है सारे देश की नार,*

*इसलिए मोदी जी प्रधान मंत्री बनेंगे चौथी बार,*
*और मैं भी मंत्री बनूँगा चौथी बार।"*
*"महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का मैं करता हूँ धन्यवाद,*
*28 जनवरी का दिन हमें हमेशा रहेगा याद,*
*नरेन्द्र मोदी जी को जनता दे रही है प्रतिसाद,*
*इसलिए कॉँग्रेस हो रही है बर्बाद।*
*मोदी सरकार दे रही है सभी को सामाजिक न्याय,*
*तो भी कॉँग्रेस बोल रही है हाय-हाय,*
*नरेन्द्र मोदी जी विकास पुरुष हैं ऐसा बोल रही है गाँव-गाँव की माँएं,*
*इसलिए मैं करता हूँ कॉँग्रेस को बाय-बाय।*
*महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण ने सारे देश को जगा दिया है,*
*और नरेन्द्र मोदी जी का विरोध करने वालों को सत्ता से भगा दिया है।*
*एनडीए ने सारे नेताओं को 2029 के लिए काम में लगा दिया है,*
*क्योंकि झूठा प्रचार कर रही कॉँग्रेस ने सारे देश को दगा दिया है।*
*कॉँग्रेस वाले बोल रहे हैं चाइना चाइना,*
*कॉँग्रेस वाले बोल रहे हैं चाइना चाइना,*
*लेकिन उन्होंने देखा नहीं है अपना कैसा है आईना,*
*सारे देश में उनकी हो रही है दयना।"*
*"सारे देश में हो रही है उनकी दयना,*
*अब मत छेड़ो नरेन्द्र मोदी जी के नयना।*
*नरेन्द्र मोदी जी का विकास का है फेस,*
*खरगे साहब, मोदी जी के साथ मत खेलो रेस।*
*मोदी जी मजबूत कर रहे सारा भारत देश,*
*इसलिए वे हर रोज जीत रहे हैं अपनी रेस।*

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के अवसर पर हम सब लोग बहुत आनंदित हैं। भारत सरकार का जो प्रोग्राम है - 11 सालों में मोदी सरकार द्वारा किया हुआ विकास। मैं कांग्रेस पार्टी के साथ था। जयराम रमेश जी यहां हैं। जयराम रमेश जी मुझे सेंट्रल हॉल में मिलते थे और बोलते थे कि आप इधर आओ, आप इधर आओ। मैं पहले कांग्रेस पार्टी के साथ था। बाबा साहेब अम्बेडकर जी के मेमोरियल के कामों के बारे में मैंने अनेक बार प्रधान मंत्री जी और सामाजिक न्याय मंत्री जी को मिलकर प्रयत्न किया था, लेकिन 26 अलीपुर रोड का डेवलपमेंट नहीं हुआ था। मोदी जी के आने के बाद वहां सुंदर स्मारक बन गया। जब कांग्रेस पार्टी के टाइम पर डा. अम्बेडकर फाउंडेशन था ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** माननीय अठावले जी, आपके 4 मिनट भी पूरे हो गए हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री रामदास अठावलेः** वहां उनका केवल ऑफिस था। नरेन्द्र मोदी जी के आने के बाद 345 करोड़ खर्चा करके यहां पास में डा. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर बना है। मुम्बई में इंदु मिल की जगह 12.5

एकड़ की थी, जिसकी कीमत 3,600 करोड़ रुपये है। वह जमीन बाबा साहेब के स्मारक के लिए अनेक बार मांगने का हमने प्रयत्न किया था, लेकिन मोदी साहब के आने के बाद फौरन यह जमीन बाबा साहेब के मेमोरियल के लिए दी है। वहां 1,400 करोड़ खर्च करके इंटरनेशनल सेंटर बन रहा है। कहने का मतलब इतना ही है कि कांग्रेस पार्टी ने कुछ नहीं किया, ऐसा नहीं है, लेकिन जितना करना चाहिए था, उतना नहीं किया। ...(**व्यवधान**)... लोगों का विश्वास उन्होंने नहीं जीता। मोदी साहब के आने के बाद उन्होंने सारे देश के लोगों को बताया - सबका साथ सबका विकास। 140 करोड़ जनता मेरा परिवार है, यह भूमिका उन्होंने रखी, लेकिन आज रोज ये लोग हंगामा कर रहे हैं। लोक सभा का काम नहीं हो रहा है। यह ठीक बात है कि मैं आज लोक सभा में नहीं हूं, लेकिन जो हो रहा है, वह अच्छी बात नहीं है। हंगामा करने का तुमको भी अधिकार है। एक बात मैं याद दिलाना चाहता हूं कि मैं यूपीए में था। उन्होंने मुझे मंत्री नहीं बनाया। ...(**व्यवधान**)... अगर ये मुझे यूपीए के टाइम पर मंत्री बनाते, तो शायद मैं इधर नहीं आता और अगर मैं नहीं आता, तो मैं लोक सभा में जरूर होता, लेकिन जो 8 लोग सस्पेंड हुए, उनमें मैं भी हो सकता था, क्योंकि मैं जब पहली बार आपके साथ था, तब मैं बहुत बड़ा हंगामा करता था। ...(**व्यवधान**)... सारे देश के लोग मुझे जानते थे। सभी एमपी मुझे जानते थे। ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. आपका समय खत्म हुआ।

**श्री रामदास अठावले :** बहुत अच्छा हुआ कि आपने मुझे मंत्री नहीं बनाया। मैं 5 साल मंत्री रहता, लेकिन अभी मैं 13 साल से मंत्री हूं। ...(**समय की घंटी**)... अगले पांच साल भी मैं मंत्री रहूंगा। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** धन्यवाद, अठावले जी। समय कम है और अन्य वक्ता भी हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री रामदास अठावले :** मोदी जी के सामाजिक न्याय का एजेंडा लेकर हम लोग आगे बढ़ रहे हैं। इसीलिए राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का धन्यवाद करने के लिए, मैं रिपब्लकिन पार्टी, जो बाबा साहेब की पार्टी है...

**श्री उपसभापतिः** धन्यवाद। श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी जी। प्रियंका जी, आप बोलिए, आपकी बात रिकॉर्ड में जा रही है।

**श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी** (महाराष्ट्र): उपसभापति जी, मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहूंगी कि आपने मुझे Motion of Thanks पर बोलने का अवसर दिया। Sir, in para 46 of the Address, hon. President said, "Amid the complex global circumstances prevailing at presen. ...(*Interruptions*)... Sir, can you please ask him to sit down?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI: Athawale ji, please sit down. ...(*Interruptions*)... आप फिर से मंत्री बनेंगे। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : आप बोलें, आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जा रही है।

SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI: Sir, in para 46 of the Address, hon. President said, "Amid the complex global circumstances prevailing at present, India is playing the role of a bridge in the world. ये उनके शब्द हैं। Further she said, "At the same time, it has remained steadfast in its resolve of India First." सर, मुझे याद है ऑपरेशन सिंदूर के समय 10 मई को जब ऐसा लग रहा था कि हमने पाकिस्तान के जो आतंकी गढ़ हैं, उन पर हमला किया था, तो all-out war होने वाला है। उसी समय अगर इंडिया फर्स्ट के हिसाब से हम चल रहे थे, तो ऐसा क्यों है कि यह देश के इतिहास में पहली बार हुआ होगा कि यूएस के जो प्रेसिडेंट हैं, उन्होंने कहा कि उन्होंने de-escalation के बारे में कहा है और de-escalation इंडिया और पाकिस्तान ने एग्री किया है। यह उन्होंने एक बार नहीं कहा, बल्कि पचासों बार कहा कि de-escalation उन्होंने किया और इंडिया पाकिस्तान का पीस का समझौता उन्होंने किया। वैसे ही लगातार इंडिया-यूएस डील के बारे में हमें वहां से बार-बार खबर मिल रही है, जहां पर हमें यूएस प्रेसिडेंट ने बताया है कि हमारी क्या डील होने जा रही है। इंडिया फर्स्ट के बारे में मैं इसीलिए बोल रही हूं, क्योंकि उन्होंने कहा है कि हमने एग्री किया है कि हम रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। कुछ दिन पहले बजट के सवेरे उन्होंने कहा था कि इंडिया ने यह भी एग्री किया है कि ईरान से तेल नहीं खरीदेंगे। जब बजट पेश हुआ, तो चाबहार पोर्ट के बारे में जो बजट एलोकेशन होता था, इस बार उसके लिए बजट एलोकेशन नहीं हुआ है, बल्कि एक न्यूज रिपोर्ट यह बताती है कि हमने चाबहार पोर्ट से अपना पल्ला झाड़ दिया है। क्या यह इंडिया फर्स्ट हमारी स्ट्रैटेजी है? मैं इसके माध्यम से यह पूछना चाहती हूं, होपफुल्ली ऑनरेबल प्राइम मिनिस्टर इसका जवाब देंगे। दुख इस बात का होता है कि जब राज्य सभा चल रही थी, तब कॉमर्स मिनिस्टर ने राज्य सभा में आकर अपना वक्तव्य नहीं दिया। उन्होंने पहले मीडिया से बात साझा की और मीडिया के सामने भी जो गाइडलाइंस हैं, जो फ्रेमवर्क है, उसके बारे में वे कुछ नहीं बता सके, न उन्होंने प्रेसिडेंट ट्रंप की कही हुई चीजों का खंडन किया। फिर नेक्स्ट डे आकर उन्होंने बात की है। आज हमारे फॉरेन मिनिस्टर वाशिंगटन में हैं। फॉरेन मिनिस्टर यह कह रहे हैं कि अभी तक उनको कुछ भी पता नहीं है कि क्या गाइडलाइंस हैं, क्या फ्रेमवर्क है, यह सब कॉमर्स मिनिस्टर हैंडल कर रहे हैं। यानी हमारे देश के फॉरेन मिनिस्टर को भी, जो वाशिंगटन में बैठे हैं, उनको यह नहीं पता है कि क्या यूएस-इंडिया ट्रेड डील हुई है, जिसकी वाहवाही ये लोग हर स्पीच में लूटे जा रहे हैं।

सर, दूसरी बात मैं यहां पर कहना चाहती हूं कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में किसानों को लेकर चार पैराग्राफ्स हैं। डोनाल्ड ट्रंप के ट्वीट से पता चला है कि टैरिफ एंड नॉन-टैरिफ बैरियर ज़ीरो कर दिया गया है। यानी हमारा जो सामान वहां पर जाएगा, वह 18 प्रतिशत टैरिफ पर होगा, लेकिन उनका जो सामान यहां पर आएगा, वह ज़ीरो परसेंट टैरिफ पर होगा, जिसमें उन्होंने डेयरी प्रोडक्ट्स के बारे में कहा है, एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस के बारे में कहा है, ...(**व्यवधान**)... जिसका लगातार किसान विरोध करते आए हैं। इस पर भी हमें स्पष्टीकरण नहीं मिला है। इसलिए मैं यह पूछना चाहती हूं कि क्या यह हमारी इंडिया फर्स्ट पॉलिसी है? अगर यही इंडिया फर्स्ट है, तो भगवान बचाए सारे 1.4 बिलियन देशवासियों को, जो इस सारी डील को मंजूर करने के लिए हम लोग प्रतिबद्ध हो गए हैं! हमने अपने घुटने टेक दिए हैं। मैं तो इसको ट्रेड डील भी नहीं कहती हूं।

सर, मैं कहती हूं कि यह ट्रेड डील नहीं है, यह यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका से एक फरमान जारी हुआ है कि आप इन चीजों पर एग्री करिए, तभी हम आपके साथ और बातचीत करेंगे और ट्रेड करेंगे।

सर, दूसरी बात उन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर जी के बारे में, सोशल जस्टिस के बारे में कही है। मैं बिल्कुल स्वागत करती हूं कि सोशल जस्टिस के बारे में बात होनी चाहिए। उन्होंने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी की भी बात की, पर अगर वे इकोनॉमिक सर्वे देखतीं, तो इकोनॉमिक सर्वे में कहा गया है, 'For every one international student coming to India, 28 students have left the country.' सर, इससे हमारा जो ब्रेन ड्रेन होता है, it is costing the country about 3.4 billion US dollars. ...(*Time-bell rings*)... सर, बस एक लास्ट चीज़ कह कर मैं अपनी बात खत्म करूँगी। मैं यह सोचती हूं कि हमारे इनकमिंग बच्चे, जो इंटरनेशनल स्टूडेंट्स हैं, वे यहां क्यों नहीं आते हैं? हमारे यहां जो कैंपसेज़ हैं, उन कैंपसेज़ में ध्रुवीकरण करने के लिए जो यूजीसी गाइडलाइंस लाई गई थीं, सोशल जस्टिस की आड़ में राजनीति चल रही थी और केंद्र सरकार उस पर चुप्पी बांधी रही। मैं माननीय सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करूंगी कि जो गाइडलाइंस लाई गई थीं, जहां पर आप कास्ट्स के अनुसार धुवीकरण कर रहे थे, उसने उसको खत्म करने का काम किया है। अगर सरकार में अभी थोड़ी भी लाज बची होगी, तो वह उन यूजीसी गाइडलाइंस को बाकायदा विदड्रॉ करके कैंपसेज़ में न्यू गाइडलाइंस लागू करेगी।

सर, इन्हीं शब्दों के साथ, मैं अपनी बात खत्म करती हूं। Thank you so much, Sir.

**श्री उपसभापतिः** धन्यवाद। श्रीमती दर्शना सिंह जी। क्या आप नहीं बोलना चाहती हैं? ठीक है। श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई।

**श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई** (गुजरात) : माननीय उपसभापति महोदय, मैं भारत की माननीया राष्ट्रपति, आदरणीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के द्वारा संसद के संयुक्त सत्र में दिए गए दूरदर्शी, प्रेरणादायी और राष्ट्र को दिशा देने वाले अभिभाषण पर इस धन्यवाद प्रस्ताव पर अपनी बात प्रस्तुत करते हुए स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करता हूं। यह

(**सभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

अभिभाषण केवल सरकार की नीतियों का विवरण नहीं है, बल्कि आजादी के अमृतकाल में भारत के स्वर्णिम भविष्य का रोडमैप है। यह उस भारत की झलक है, जो 2047 तक विकसित, आत्मनिर्भर, समावेशी और वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनने की ओर अग्रसर है। माननीय सभापति महोदय, प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के सशक्त, निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने बीते एक दशक में ऐतिहासिक परिवर्तन देखे हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' आज केवल नारा नहीं, बल्कि शासन का मूल मंत्र बन चुका है। नेतृत्व ऐसा हो, तो राह बनती है और राष्ट्र की दिशा खुद तय होती है।

माननीय सभापति महोदय, जब देशवासी अपने गौरवशाली अतीत के डा. बाबा साहेब अम्बेडकर, सरदार बल्लभ भाई पटेल, भारत रत्न भूपेन हजारिका जैसे अपने ऐतिहासिक महापुरुषों

और पूर्वजों के अतुलनीय योगदानों के स्मरण करते हैं, तो उससे नई पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा प्राप्त होती है। यही प्रेरणा राष्ट्र को 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करती है। वर्ष 2026 के आगमन के साथ ही भारत ने इस शताब्दी के दूसरे चरण में प्रवेश किया है। 10-11 वर्षों में हमारी मोदी सरकार ने आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और अधोरचना, सभी क्षेत्रों में अपनी नींव को सुदृढ़ किया है। यह कालखंड वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत आधारशिला सिद्ध हुआ है। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। वैश्विक अस्थिरता, युद्ध, महामारी और आर्थिक दबावों के बावजूद भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और policy paralysis से निकलकर policy performance के युग में प्रवेश कर रहा है।

माननीय सभापति महोदय, इंफ्रास्टक्चर के क्षेत्र में मोदी सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किया है। आज सड़कों, राष्ट्रीय राजमार्गों, एक्सप्रेस-वे, रेलवे, मेट्रो और हवाई अड्डों का तेजी से विस्तार हुआ है। पीएम गति शक्ति, नेशनल मास्टर प्लान के माध्यम से मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी सशक्त हुई है। वंदे भारत ट्रेनें, नए संसद भवन और आधुनिक हवाई अड्डों ने भारत की नई पहचान गढ़ी है। 'उड़ान योजना' के माध्यम से छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों को हवाई मानचित्र पर लाया गया है। आज भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बन चुका है।

माननीय सभापति महोदय, सरकार ने गरीबी उन्मूलन को नारे से निकालकर परिणाम में बदला है। इसने 25 करोड़ जनता को गरीबी से मुक्त किया है, जनधन, आधार, त्रिवेणी, JAM और DBT के माध्यम से करोड़ों लाभार्थियों तक योजनाओं का पैसा सीधा पहुंचा है। आयुष्मान भारत, जल-जीवन मिशन, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना से लेकर हर घर बिजली, इन सबने गरीबों के जीवन में स्थायी परिवर्तन लाया है। कृषि क्षेत्र में पीएम किसान सम्मान निधि, MSP में वृद्धि, फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, प्राकृतिक खेती और मिलेट्स को बढ़ावा देकर सरकार ने किसानों की आय और आत्मसम्मान दोनों बढ़ाए हैं।

माननीय सभापति महोदय, रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। मुद्रा योजना, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और स्किल इंडिया के माध्यम से करोड़ों युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिले हैं। आज भारत स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में दुनिया के अग्रणी देशों में है। Make in India और आत्मनिर्भर भारत के तहत रक्षा उत्पादन और निर्यात में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, खिलौने और सेमी कंडक्टर जैसे क्षेत्रों में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और वैश्विक कंपनियां भारत को manufacturing hub के रूप में देख रही हैं

माननीय सभापति महोदय, महिला सशक्तीकरण इस सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', मातृत्व अवकाश, सैन्य और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी, स्वयं सहायता समूह को आर्थिक बल, इन सब ने नारी शक्ति को नई ऊँचाई दी है। वैश्विक मंच पर भारत G-20 की सफल अध्यक्षता, QUAD, SCO और अंतरराष्ट्रीय भागीदारी, मानवीय सहायता और वैश्विक शांति प्रयासों के माध्यम से विश्व बंधुत्व के रूप में उभरा है।

माननीय सभापति महोदय, आंधियां आईं, तूफान भी आए, परन्तु भारत रुका नहीं और झुका भी नहीं। यह सरकार विरासत और विकास, दोनों को समान रूप से आगे बढ़ा रही है। काशी, अयोध्या, केदारनाथ से लेकर डिजिटल इंडिया, 5जी और अंतरिक्ष मिशनों तक भारत अपनी बड़ी जड़ों से जुड़ कर भविष्य की ओर बढ़ रहा है। साथ ही, अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत नए युग में प्रवेश कर रहा है। युवा अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यात्रा, गगनयान मिशन और भविष्य में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की परिकल्पना देश की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मविश्वास का प्रतीक है।

माननीय सभापति महोदय, हमारी वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों से मुक्त व्यवस्था के निर्माण में सफल रही है, जिससे करदाताओं की प्रत्येक राशि देश के विकास और जनकल्याण में व्यय हो रही है। आज भारत आधुनिक संरचना में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है और भूमि, समुद्र व आकाश, तीनों क्षेत्रों में उनकी तीव्र प्रगति वैश्विक चर्चा का विषय बनी है। जहाँ 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' के अंतर्गत ग्रामीण भारत का लगभग पूर्ण सड़क संपूर्ण सुनिश्चित हुआ है, वहीं भारत रेल प्रगति तीव्र गति से शत-प्रतिशत विद्युतीकरण की ओर अग्रसर है। चिनाब रेल पुल, पम्बन पुल, मिजोरम तक रेल संपर्क, 150 से अधिक 'वंदे भारत' ट्रेनों का विस्तार, 1,000 किलोमीटर से अधिक का मेट्रो नेटवर्क, अंतर्देशीय जलमार्गों का विकास तथा क्रूज पर्यटन आदि सभी उपलब्धियाँ देश की आधारभूत संरचनाओं को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं।

माननीय सभापति महोदय, 2014 से पहले लगभग 3,681 करोड़ रुपए - यह पहली पंचवर्षीय योजना से 2014 तक का कुल खर्च है। 2014 के बाद लगभग 38,572 करोड़ रुपए का लक्षित निवेश है। वार्षिक मछली उत्पादनों में 106 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। यह वित्त वर्ष 2013-14 के 95.79 लाख टन से बढ़ कर वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 197.75 लाख टन हो गया है। अंतर्देशीय मत्स्यपालन और जलीय कृषि प्रमुख विकास चालक के रूप में उभरे हैं, जिसने इसी अवधि में 147 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो 66.61 लाख टन से बढ़ कर 151.6 लाख टन हो गया है। भारत के समुद्री खाद्य निर्यात में दोगुनी वृद्धि हुई है, जो वित्त वर्ष 2013-14 के 30,213 करोड़ रुपए से बढ़ कर वित्त वर्ष 2023-24 में 60,554 करोड़ रुपए हो गया है।

माननीय सभापति महोदय, 'पीएम आवास योजना' के तहत चार करोड़ पक्के घर स्वीकृत किए गए, जिनमें से 32 लाख से अधिक मकान केवल पिछले एक वर्ष में पूर्ण हुए हैं। 'जल-जीवन मिशन' के माध्यम से साढ़े बारह करोड़ नए ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुँचाया गया है। इसमें अकेले पिछले एक वर्ष में एक करोड़ परिवार जुड़े हैं। 'उज्ज्वला योजना' के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक परिवारों को एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं।

माननीय सभापति महोदय, मोदी सरकार के लिए समृद्ध किसान ही विकसित भारत की पहली शर्त है। इसी भावना के साथ 'पीएम किसान सम्मान निधि' के अंतर्गत किसानों के खातों में चार लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। भारत ने 330 मिलियन टन खाद्यान उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया है। साथ ही, 150 मिलियन टन चावल उत्पादन के साथ भारत विश्व में शीर्ष पर है। सरकार कृषि उत्पादों का आयात कम करने के लिए

काम कर रही है। खाद्य तेल, तिलहन और दलहन में आयात निर्भरता कम करने के लिए राष्ट्रीय मिशन के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।

माननीय सभापति महोदय, प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी के निर्णायक नेतृत्व में सरकार ने मध्यम वर्ग को राष्ट्र-निर्माण के केंद्र में रखा है। सही नीतियों के कारण आज आम नागरिक अधिक आय अर्जित कर रहे हैं, अधिक बचत कर पा रहे हैं और आत्मविश्वास के साथ खर्च भी कर रहे हैं। सरकार द्वारा 12 लाख रुपये तक की आय को करमुक्त करने का ऐतिहासिक निर्णय मध्यम वर्ग के लिए अभूतपूर्व राहत लेकर आया है और इस निर्णय ने अर्थव्यवस्था को एक नई गति प्रदान की है। नई पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से देश के नागरिकों को लगभग 1 लाख करोड़ की बचत प्राप्त हुई है, जिसका प्रभाव 2025 में दो पहिया वाहनों के पंजीकरण के 2 करोड़ के पार पहुंचने से स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है।

माननीय सभापति महोदय, दुनिया आज भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का लोहा मान रही है, जहां सरकारी योजनाओं का 100% लाभ बिना किसी बिचौलिये के सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में पहुंच रहा है। Direct Benefit Transfer (DBT) के माध्यम से केवल एक वर्ष में 6.75 लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों तक पहुंची है। पूर्व प्रधान मंत्री, राजीव गांधी जी ने स्वीकार किया था कि गरीबों के लिए भेजे गए एक रुपये में से केवल 15 पैसे ही उन तक पहुंचते हैं। इस सरकार ने उसी टूटी हुई व्यवस्था को बदला है और आज हर रुपया सही लाभार्थी तक पहुंच रहा है।

माननीय सभापति महोदय, मनरेगा में जो भ्रष्टाचार हो रहा था, उस भ्रष्टाचार का पैसा उनके खातों में जमा रहता था। वे खोटे-खोटे बिल रखकर, खोटे-खोटे लेबरर्स बनाकर ऐसा कर रहे थे। इसलिए हमारी नरेन्द्र मोदी सरकार जी-राम-जी बिल लेकर आई है, ताकि यह भ्रष्टाचारमुक्त रहे और सभी लाभार्थियों को सीधा बेनिफिट मिले। मैं इसके लिए मोदी सरकार का धन्यवाद करता हूँ।

महोदय, दशकों तक महत्वपूर्ण गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ कुछ गिने-चुने लोगों तक ही सीमित रहती थीं, जबकि गरीबों को उनके अपने हाल पर छोड़ दिया गया था। मोदी सरकार ने नागरिकों के स्वास्थ्य को शासन के केंद्र में रखकर इस स्थिति को बदला। दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना, "आयुष्मान भारत" से देश भर के अस्पतालों में 11 करोड़ से अधिक निःशुल्क उपचार किए जा चुके हैं, जिनमें पिछले वर्ष के 2.5 करोड़ गरीब लाभार्थी शामिल हैं। वरिष्ठ नागरिकों पर विशेष ध्यान देते हुए लगभग एक करोड़ "वय वंदना कार्ड" जारी किए गए हैं तथा 8 लाख बुजुर्गों को निःशुल्क उपचार मिला है।

माननीय सभापति महोदय, "पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना" और "पीएम सुरक्षा बीमा योजना" के अंतर्गत 26,000 करोड़ से अधिक की दावा राशि का भुगतान कर आर्थिक सुरक्षा प्रदान की गई है। देश भर में 1.8 लाख "आयुष्मान आरोग्य मंदिर" के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं घर-घर तक पहुंची हैं। यह स्वस्थ भारत की यात्रा है, जहां स्वास्थ्य-सेवा दान नहीं, बल्कि अधिकार है।

माननीय सभापति महोदय, मैं राष्ट्रपति के अभिभाषण का समर्थन करता हूँ और सभी दलों के नेताओं से अनुरोध करता हूँ कि वे राष्ट्रपति के अभिभाषण के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित करें। महोदय, पीएम जब हमारे गुजरात के मुख्य मंत्री थे, तभी वे गुजरात का मॉडल लेकर आए। पीएम ने संकल्प लिया है कि जैसा उन्होंने गुजरात का विकास किया है, वैसे ही सारे देश का विकास करना है। इस संकल्प के साथ हमारे बड़े प्रधान जी, नरेन्द्र मोदी साहब आगे बढ़ रहे हैं। मैं उनको भी शुभकामनाएँ देता हूँ और राष्ट्रपति के इस अभिभाषण का समर्थन करता हूँ, धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Now, hon. Prime Minister to reply to the discussion. ...*(Interruptions)*... Please take your seat. ...*(Interruptions)*... No; please take your seat. ...*(Interruptions)*... No; when the Prime Minister is on his legs, please take your seat. ...*(Interruptions)*...

5.00 P.M.

**प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी)** : आदरणीय सभापति महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर आभार व्यक्त करने के लिए मैं उपस्थित हुआ हूं। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please take your seats. ...*(Interruptions)*... This is not correct. Please take your seats. ...*(Interruptions)*... This is not correct. ...*(Interruptions)*... Please take your seats. ...*(Interruptions)*... No. ...*(Interruptions)*... Please take your seats. ...*(Interruptions)*... प्लीज़, आप बैठिए। The Prime Minister is on his legs. प्लीज़, आप बैठिए।

**श्री नरेन्द्र मोदी** : आदरणीय सभापति जी, इस धन्यवाद प्रस्ताव पर समर्थन के लिए इस सदन में अपनी भावनाओं को व्यक्त करना मैं अपना सौभाग्य मानता हूं। ...(**व्यवधान**)... आदरणीय सभापति जी, विकसित भारत की यात्रा में बीते वर्ष देश के तेज प्रगति से विकास के वर्ष रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record except the Prime Minister's speech.

**श्री नरेन्द्र मोदी** : जीवन के हर क्षेत्र में, समाज के हर वर्ग को उनके जीवन में परिवर्तन का एक कालखंड रहा है। ...(**व्यवधान**)... एक सही दिशा में तेज गति से देश आगे बढ़ रहा है। आदरणीय राष्ट्रपति जी ने बहुत ही बढ़िया तरीके से पूरी संवेदनशीलता के साथ ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: This is not correct. ...*(Interruptions)*... You please go to your seats. ...*(Interruptions)*... Please.

**श्री नरेन्द्र मोदी** : इस विषय को हम सबके सामने प्रस्तुत किया है। ...(**व्यवधान**)... आदरणीय सभापति जी, मेरी एक प्रार्थना है आदरणीय खरगे जी की उम्र देखते हुए वे बैठकर भी नारे लगा सकते हैं, तो अच्छा होगा, ताकि उनको कष्ट न हो। ...(**व्यवधान**)... उनके पीछे बहुत नौजवान लोग हैं। ...(**व्यवधान**)... तो खरगे जी को आप बैठे-बैठे नारे लगाने की अनुमति दे दीजिए।

MR. CHAIRMAN: No. ...*(Interruptions)*... When you were speaking, they were listening. Now, you have to listen. ...*(Interruptions)*...

**श्री नरेन्द्र मोदी :** आदरणीय सभापति जी, राष्ट्रपति जी ने इस देश के मध्यम वर्ग, इस देश के निम्न मध्यम वर्ग, इस देश के गरीब, इस देश के गाँव, इस देश के किसान, महिलाएं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और कृषि जैसे सभी महत्वपूर्ण विषयों को लेकर बहुत ही विस्तार से भारत की प्रगति का एक स्वर संसद में गूंजा है। ...(**व्यवधान**)... देश के नौजवान भारत के सामर्थ्य को कैसे आगे बढ़ा रहे हैं, इसकी भी विस्तार से चर्चा की है। ...(**व्यवधान**)... हर वर्ग के सामर्थ्य को उन्होंने शब्दांकित किया है और इतना ही नहीं, आदरणीय राष्ट्रपति जी ने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति एक विश्वास व्यक्त किया है। यह अपने आप में हम सबके लिए एक प्रेरक है। आदरणीय सभापति जी, 21वीं सदी का प्रथम क्वार्टर पूरा हो चुका है और जैसे पिछली शताब्दी में भारत की आज़ादी के जंग में दूसरा क्वार्टर बहुत ही निर्णायक बना था। ...(**व्यवधान**)... मैं साफ-साफ देख रहा हूं कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में दूसरा क्वार्टर भी उतना ही सामर्थ्यवान होने वाला है, उतनी ही तेज़ गति से आगे बढ़ने वाला है। इसलिए राष्ट्र का हर व्यक्ति यह महसूस कर रहा है कि एक अहम पड़ाव पर हम पहुंच चुके हैं। ...(**व्यवधान**)... अब न हमें रुकना है, न हमें पीछे मुड़कर देखना है। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: I will not...*(Interruptions)*... What are you doing here? Please sit down. ...*(Interruptions)*... I am not going to allow you...*(Interruptions)*... You please sit down.

**श्री नरेन्द्र मोदी :** हमें आगे ही आगे देखना है। ...(**व्यवधान**)... तेज़ गति से चलना है और लक्ष्य को प्राप्त करके ही हमें सांस लेनी है। उस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Nothing will going on record except the Prime Minister's speech. ...*(Interruptions)*...

*(At this stage, some hon. Members left the Chamber.)*

**श्री नरेन्द्र मोदी :** सभापति जी, वर्तमान में अगर हम देखें, तो भारत के भाग्य के अनेक सुयोग एक-साथ हमें नसीब हुए हैं। यह अपने आप में बहुत ही उत्तम संयोग है, ऐसा मैं मानता हूं। आज यह सबसे बड़ी बात है कि विश्व के समृद्ध से समृद्ध देश भी बुजुर्ग होते जा रहे हैं। वहां की आबादी उम्र के उस पड़ाव पर पहुंची है, जिन्हें हम बुजुर्ग के रूप में जानते हैं। हमारा देश ऐसा है, जो विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है, उसी समय दिनों-दिन हमारा देश युवा होता जा रहा है। यह युवा आबादी वाला देश है, जो अपने आप में एक बहुत अच्छा सुयोग है।

महोदय, दूसरी तरफ मैं देख रहा हूं, जिस प्रकार से विश्व का भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा है और उसमें भी विश्व भारत के टैलेंट का महात्म्य समझ रहा है। हमारे पास आज दुनिया का बहुत ही महत्वपूर्ण टैलेंट पूल है, युवा टैलेंट पूल है, जिसके पास सपने भी हैं, संकल्प भी है और सामर्थ्य भी है, इसलिए यह दूसरा ...(**व्यवधान**)... युवा शक्ति का आशीर्वाद हमारे साथ है।

सभापति जी, भारत, आज विश्व में जो चुनौतियां पैदा हो रही हैं, उन चुनौतियों का समाधान देने वाला एक देश आशा की किरण बना हुआ है और हम समाधान दे रहे हैं। वैसा ही एक महत्वपूर्ण सुयोग है कि आज major economy में भारत की ग्रोथ बहुत high है और high growth और low inflation बहुत ही unique संयोग है। यह हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती को प्रदर्शित करता है। आदरणीय सभापति जी, हम जिस गति से आगे बढ़ रहे हैं, वह प्रशंसनीय बात है। जब हमें देश की जनता ने सेवा करने का मौका दिया, उससे पहले यह देश फ्रेज़ाइल फाइव के रूप में जाना जाता था, लेकिन जब हमें अवसर मिला, तब परिवर्तन हुआ। जब देश आज़ाद हुआ, तब हम दुनिया में छठे नंबर की इकोनॉमी थे, लेकिन इन लोगों ने ऐसा हाल करके रखा कि हमें ग्यारहवें स्थान पर पहुँचा दिया। आज हम तीसरे स्थान पर जाने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं।

आदरणीय सभापति जी, आप देश का कोई भी सेक्टर देख लीजिए, चाहे साइंस हो, चाहे स्पेस हो, चाहे स्पोर्ट्स हो, हर क्षेत्र में आज भारत एक कॉन्फिडेंस के साथ, आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है। कोविड के बाद विश्व में जो परिस्थितियाँ पैदा हुईं और ऐसी नई-नई चीज़ें जुड़ती गईं कि आज दुनिया संभल नहीं पा रही है। ऐसे में साफ़-साफ़ नज़र आ रहा है कि दुनिया एक नए ग्लोबल ऑर्डर की तरफ, एक नए वर्ल्ड ऑर्डर की तरफ आगे बढ़ रही है।

सभापति महोदय, सेकंड वर्ल्ड वॉर के बाद एक वर्ल्ड ऑर्डर बना था। अब एक नए वर्ल्ड ऑर्डर की तरफ विश्व बहुत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि यदि इन सारी घटनाओं का अराजनीतिक तरीके से, निष्पक्ष भाव से विश्लेषण करेंगे, तो झुकाव भारत की तरफ है, जो विश्व मित्र के रूप में है, विश्व बंधु के रूप में है। आज भारत अनेक देशों का विश्वस्त पार्टनर बना है और हम कंधे से कंधा मिलाकर विश्व कल्याण की दिशा में भी अपनी उचित भूमिका निभा रहे हैं, अपने सामर्थ्य से सहायता भी कर रहे हैं।

आदरणीय सभापति जी, आज पूरा विश्व ग्लोबल साउथ की चर्चा करता है, लेकिन उस चर्चा के सूत्रधार के रूप में आज भारत वैश्विक मंचों पर ग्लोबल साउथ की बुलंद आवाज़ बन गया है। अनेक देशों के साथ आज भारत फ्यूचर-रेडी ट्रेड डील्स कर रहा है। पिछले कुछ ही समय में दुनिया के महत्वपूर्ण नौ बड़े देशों के साथ हमारे नौ बड़ी ट्रेड डील्स हुई हैं और उसमें Mother of all Deal, एक साथ 27 देशों के साथ, यूरोपियन यूनियन के साथ हुई हैं। जो लोग थक गए, वे बेचारे चले गए हैं, लेकिन कभी न कभी उन्हें जवाब देना पड़ेगा कि उन्होंने देश की ऐसी हालत कैसे बनाकर रखी थी कि दुनिया का कोई देश हमसे डील करने के लिए आगे नहीं आता था। आपने कोशिश की होगी, पीछे-पीछे बहुत चक्कर लगाए होंगे, लेकिन किसी ने आपकी तरफ देखा भी नहीं होगा। सभापति महोदय, इन्होंने ऐसी क्या स्थिति पैदा की थी? दुनिया के देश ऐसे ही भारत के साथ डील नहीं कर रहे है। आदरणीय सभापति जी, इसके पीछे सबसे बड़ी बात है कि डेवलप्ड कंट्रीज़ एक डेवलपिंग कंट्री के साथ डील करती है, तो वह अपने आप में अर्थ जगत के लिए एक बड़ा संदेश होता है। यह मेरे लिए नई बात नहीं है। जब मुझे गुजरात में सेवा करने का अवसर मिला था, तब मैं एक वाइब्रेंट गुजरात समिट करता था और मेरे लिए गर्व की बात थी कि उसमें हिंदुस्तान का एक स्टेट था और मेरे इस वाइब्रेंट समिट की पार्टनर कंट्री डेवलप्ड कंट्री जापान हुआ करता था। एक राज्य ने यह सामर्थ्य दिखाया था, आज मेरा देश यह सामर्थ्य दिखा रहा है। यह तब होता है,

Contents Page

जब आपके पास आर्थिक सामर्थ्य हो, आपके नागरिकों के अंदर, देशवासियों में एक ऊर्जा हो और खास करके मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम हो, तब जाकर विश्व आपके साथ डील करने के लिए आगे आता है। वोट बैंक की राजनीति में डूबे हुए लोगों ने देश के ऐसे अनेक पहलुओं को मजबूती देनी चाहिए थी। यह कभी उनकी प्राथमिकता नहीं रही और उसी का परिणाम है।

जहाँ तक काँग्रेस पार्टी का सवाल है, मैं साफ-साफ कहना चाहता हूँ और अगर मेरे शब्दों पर भरोसा नहीं है, तो मैं देश के लोगों से कहूँगा कि कुछ मत करो, सिर्फ लाल किले से काँग्रेस के प्रधान मंत्रियों के जो भाषण हैं, सिर्फ उन भाषणों का एनालिसिस कर लो। आपको साफ-साफ लगेगा कि न उनके पास कोई सोच थी, न उनके पास कोई विजन था और न ही कोई इच्छाशक्ति थी। इसी का परिणाम है कि देश को इतना भुगतना पड़ा।

आदरणीय सभापति जी, मैं कोटि कोटि देशवासियों का आभारी हूँ कि उन्होंने सेवा करने का अवसर दिया। हमारी काफी शक्ति उनकी गलतियों को ठीक करने में जा रही है। दुनिया के मन में जो उनके समय की छवि है, उस छवि को धोने में मेरी ताकत लगती है। ऐसा बर्बाद करके रखा हुआ था। इस काम के लिए हमने फ्यूचर-रेडी पॉलिसीज़ पर बल दिया है और आज आपने देखा होगा कि देश नीति के आधार पर चल रहा है, पॉलिसीज़ के आधार पर चल रहा है। हमने एडहॉकिज्म का त्याग कर दिया है और उसके कारण विश्व का विश्वास बढ़ता है। हम रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र को लेकर आगे बढ़े हैं और आज स्थिति ऐसी है कि देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो चुका है। हमने स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स किए हैं, प्रोसेस से जुड़े रिफॉर्म्स किए हैं, पॉलिसीज़ में रिफॉर्म किए हैं। हमारा मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, हमारे उद्यमी सशक्त हों, भारत की हर चीज का वैल्यू एडिशन हो, इस दिशा में हमने प्रयास किए हैं। आज मैं विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि आज भारत विश्व के साथ स्पर्धा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जब मैं विश्व के सीईओ फोरम का समिट देखता हूँ, तो आज दुनिया हमारे उद्यमियों को समानता के रूप में देखती है। पिछले दिनों जब सभी दलों के डेलीगेशन विश्व में गए थे, तब यह भाव उन्होंने भी अनुभव किया और आकर मुझे सभी दलों के माननीय सांसद अपने अनुभव बता रहे थे और बड़े गर्व से कह रहे थे कि हाँ, बराबरी से बात हो रही है। यह हमारे लिए अपने आप में बड़ी बात है। आदरणीय सभापति जी, एमएसएमई का बहुत बड़ा नेटवर्क, जितना सामर्थ्यवान होता है, वह लंबे अरसे तक इकोनॉमी को एक ताकत देता है। हमने उस दिशा में बल दिया है और हमने कई रिफॉर्म्स किए हैं। आज हमारे एमएसएमई नेटवर्क पर दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है। हो सकता है कि हम हवाई जहाज नहीं बनाते होंगे, लेकिन कई हवाई जहाज हैं, जिनमें कई पुर्जे मेरे देश के छोटे-छोटे एमएसएमईज़ बना रहे हैं।

आदरणीय सभापति जी, देश में हुए इन प्रयासों का नतीजा सबके सामने है। बड़े-बड़े देश भारत के साथ व्यापारिक संबंध बनाने के लिए बहुत ही आतुर हैं। यूरोपीय संघ की ट्रेड डील हो, अमेरिका के साथ अभी-अभी हुई ट्रेड डील हो और कल हमारे पीयूष जी ने सदन में विस्तृत जानकारी भी दी है। पूरा विश्व खुलकर इस ट्रेड डील की तारीफ कर रहा है। जब यूरोपियन यूनियन के साथ ट्रेड डील हुई, तो विश्व को एक भरोसा हुआ कि अब वैश्विक स्तर पर स्थिरता की संभावना बढ़ेगी। अमेरिका के साथ ट्रेड डील होने के बाद विश्व को और भरोसा हो गया कि जो

Contents Page

स्थिरता का एहसास हो रहा था, अब गति का भी एहसास होने लगा है। यह विश्व के लिए शुभ संकेत है।

आदरणीय सभापति जी, इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे देश के नौजवानों को होगा और जब मैं नौजवान कहता हूं, तो उसमें मध्यम वर्ग का भी नौजवान होता है, शहर का नौजवान भी होता है, गांव का नौजवान भी होता है, बेटा भी होता है और बेटी भी होती है। इसलिए उसे टुकड़ों में न देखा जाए। मेरे देश के युवा के सामर्थ्य पर हमें गौरव करना चाहिए और उनके लिए पूरा विश्व बाजार अब खुल चुका है। अब उनके लिए अवसर ही अवसर हैं। मैं उनको कहता हूं कि आइए दोस्तों, मैं आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हूं, हिम्मत कीजिए और बढ़िए। देश आपके साथ खड़ा है और दुनिया आपका स्वागत करने के लिए इंतजार कर रही है। आदरणीय सभापति जी, जिस प्रकार से दुनिया में हमारे युवा प्रोफेशनल्स की मांग बढ़ रही है, even केयर गिवर्स की मांग बढ़ रही है। हर कोई मिलता है, हमें इस प्रकार के लोग चाहिए। रिक्रूट करने के लिए, योग्य टैलेंट की खोज के लिए कुछ लोग तो अपने स्पेशल ऑफिसेज़ यहां बना रहे हैं। इसका मतलब यह हुआ कि भारत के प्रोफेशनल्स के लिए भी विश्व में बहुत बड़े अवसर बन रहे हैं।

आदरणीय सभापति जी, संसद का उच्च सदन एक प्रकार से राज्यों का प्रतिनिधित्व करता है और जो चर्चा की बारीकियां मैंने देखीं, तो मेरा मन कहता है कि इसका स्तर थोड़ा ऊपर होना चाहिए था और वहां से तो ज्यादा होना चाहिए था। वे तो कितने साल तक सरकारों में रहे हैं, वहां से जरा चर्चा का स्तर ऊंचा होना चाहिए था, लेकिन उन्होंने यह मौका भी गंवा दिया। देश उन पर कैसे भरोसा कर सकता है!

आदरणीय सभापति जी, मैं कल एक माननीय सदस्य को सुन रहा था। यूं तो, वे अपने आप को राजा कहलाने में बहुत गर्व करते हैं, लेकिन वे आर्थिक असमानता की चर्चा कर रहे थे। बताइए, जो खुद को राजा माने और वह आर्थिक असमानता की बात करे, तब तो लगता है कि क्या यही दिन देखने को बाकी रह गए थे!

आदरणीय सभापति जी, हमारे टीएमसी के साथियों ने काफी कुछ कहा। जरा खुद को अपने गिरेबान में देखें! निर्मम सरकार, पतन के जितने भी पैरामीटर्स हैं, उन सब पैरामीटर्स में नए-नए रिकॉर्ड बनाती जा रही है और यहां उपदेश दे रहे हैं! क्या हाल करके रखा हुआ है! ऐसी निर्मम सरकार से वहां के लोगों का भविष्य अंधकार के अंदर डूब रहा है, लेकिन उनको कोई परवाह नहीं है। सत्ता सुख के सिवाय कोई आकांक्षा नहीं है और वे यहां उपदेश देते हैं!

घुसपैठ! दुनिया का समृद्ध से समृद्ध देश भी अपने यहां से गैरकानूनी नागरिकों को बाहर निकाल रहा है, लेकिन हमारे देश में घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों पर प्रेशर पैदा किया जा रहा है! मेरे देश का नौजवान कैसे ऐसे लोगों को माफ करेगा, जो घुसपैठियों की वकालत करने के लिए ताकत लगा रहे हैं! घुसपैठिए मेरे देश के नौजवानों के हक छीन रहे हैं, उनकी रोजी-रोटी छीन रहे हैं, आदिवासियों की जमीन छीन रहे हैं, बेटे-बेटियों की जिंदगी पर खतरे पैदा हो रहे हैं। महिलाओं पर अत्याचार होते रहे, होते रहे, लेकिन उनके लिए सत्ता नीति के सिवाय कुछ करना

नहीं और वे यहां पर हमें उपदेश दे रहे हैं! ऐसे चिंताजनक सभी विषयों पर आंखें मूंद करके बैठे हुए वे लोग हैं।

हमारे एक माननीय सदस्य काफी कुछ बोल रहे थे, जिनकी पूरी सरकार डूब गई, जिनके शीश महल घर-घर में नफरत का कारण बन गए। शायद उनको 'ब्लैक' शब्द ज्यादा पसंद है। हर एक का अपना-अपना एक भूतकाल होता है। पता नहीं 'ब्लैक' के साथ उनका क्या पुराना रिश्ता है! आदरणीय सभापति जी, ऐसे सभी साथियों से मैं आज जरूर कहूंगाः

*तुम कितना दुनिया को धोखा दोगे,*
*आईना देख लिया, तो अपनी सच्चाई कहां छिपाओगे?*

कांग्रेस हो, टीएमसी हो, डीएमके हो, लेफ्ट हो, ये दशकों से केंद्र में सत्ता में रहे हैं, सत्ता के भागीदार रहे हैं। राज्यों में भी उनको सरकारें चलाने का अवसर मिला है। लेकिन उनकी पहचान क्या बनी? आज डील की चर्चा होती है, तो गौरव से कहते हैं, लेकिन तब डील की चर्चा होती थी, तो बफोर्स डील याद आता था। ये डील्स होते थे। उन्होंने सिर्फ जेब भरने का काम किया। नागरिकों के जीवन में बदलाव लाना, यह उनकी प्राथमिकता नहीं थी।

आदरणीय सभापति जी, मैं कुछ उदाहरणों के साथ यह बात बताना चाहता हूं, क्योंकि यहां चर्चा में ये सारे विषय आए हैं और इसलिए मुझे इसे कहना बहुत जरूरी है। अब मैं एक उदाहरण देता हूं बैंकिंग सेक्टर का। बैंकिंग सेक्टर एक प्रकार से अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। 2014 से पहले फोन बैंकिंग का कालखंड था। नेता का फोन जाता था और उसके आधार पर करोड़ों रुपए दे दिए जाते थे। गरीबों को तो बैंकों में दुत्कार मिलती थी, नफरत होती थी। देश की 50 प्रतिशत से ज्यादा आबादी बैंक का दरवाजा तक नहीं देख पाई थी। कांग्रेस के नेताओं के फोन पर अरबों रुपए लोगों को दे दिए गए और जो ले जाते थे, वे अपनी पर्सनल प्रॉपर्टी मान करके पैसे हजम कर जाते थे। यही खेल चलता रहा। कांग्रेस और यूपीए के राज में और आज जो इंडी अलायंस बन करके बैठे हैं, उनके राज में बैंकिंग व्यवस्था तबाही के कगार पर खड़ी थी। मुझे प्रधान मंत्री के पद का नया-नया दायित्व मिला, तो मैं देश के एक मुखिया से मिला। उनसे मैं ऐसे ही बात कर रहा था। मैंने कहा - बैंकिंग की दृष्टि से हमें कुछ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा – साहब, अभी आप नए-नए हो, एक बार पहले आप जरा बैंकों की व्यवस्था का अध्ययन कर लीजिए। हम कैसे हिम्मत करें? एक देश के नेता को इसकी जानकारियां थीं, उन्होंने मुझे बताया। यहां इनको कोई परवाह ही नहीं थी। यानी एक प्रकार से बैंकिंग व्यवस्था में एनपीए के पहाड़ खड़े हो गए थे। जहां भी देखिए, यह चर्चा चलती थी कि एनपीए का क्या होगा, एनपीए का क्या होगा, इससे कैसे बचेंगे? आदरणीय सभापति जी, चुनौती बड़ी थी, लेकिन हमने समझदारी से काम लिया। बैंकिंग व्यवस्था के सब कर्ता-धर्ताओं को विश्वास में लिया। उसमें रिफॉर्म की आवश्यकता थी, तो हिम्मत के साथ रिफॉर्म किए, पारदर्शी व्यवस्था बनाई। ढेर सारे बैंकिंग रिफॉर्म्स हुए और जो सरकारी बैंक दुर्बल हो चुके थे, ठीक से नहीं चल पाते थे, उनका हमने बड़े बैंकों के साथ मर्जर कर दिया। मुझे याद है कि किन्हीं एक महाशय ने, अपने आपको बड़ा विद्वान मानने वाले ने लिखा था कि अगर मोदी सरकार बैंकों में यह काम कर ले, तो हिंदुस्तान का बहुत बड़ा रिफॉर्म हो जाएगा। वे काम मैंने आते ही कर दिये थे।

आदरणीय सभापति जी, इन सारी चीजों का नतीजा यह हुआ कि बैंकों में जो बीमारी घर कर गई थी, उस बीमारी से बैंकों को मुक्ति मिली, बैंकों का स्वास्थ्य सुधरा, वह लगातार सुधरा और अभी भी तेजी से वे आगे दौड़ रहे हैं। जब बैंकिंग का स्वास्थ्य सुधरा, तो लेन-देन का उनका कारोबार भी बढ़ा, लोगों को पैसे मिलने लगे और सामान्य व्यक्ति को पैसे मिलने लगे। ऐसे-ऐसे गरीब लोगों को लोन मिले, जिनके लिए बैंक के दरवाजे कभी बन्द थे, उन बेचारों को उसे दूर से देखकर जाना पड़ता था। आज 'मुद्रा योजना' है। मुद्रा योजना, जो देश के नौजवानों को अपने पैरों पर खड़े रहने की ताकत देता है और मुद्रा योजना, जो स्वरोजगार की प्रेरणा देता है, लेकिन स्वरोजगार के भाषण का काम नहीं होता है, बल्कि उसका हाथ पकड़ना पड़ता है, उसको साथ देना पड़ता है, उसको सहायता देनी पड़ती है। हमने मुद्रा योजना के माध्यम से 30 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा का लोन और बिना गारंटी के देश के नौजवानों के हाथ में दिया और उन्होंने अपने कारोबार को आगे बढ़ाया और यह गर्व की बात है कि उसमें बहुत बड़ी संख्या में माताएं-बहनें भी हकदार बनीं, इसकी लाभार्थी बनीं। ...(**व्यवधान**)... Self-Help Groups - इन दिनों ग्रामीण महिलाएं बड़े सपने देखती हैं। वे खुद अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती थीं। हमने Women Self-Help Groups का विस्तार तो किया ही किया, लेकिन हमने 10 करोड़ बहनों को सीधी आर्थिक मदद की व्यवस्था भी की। हमने अपने एमएसएमई सेक्टर को भरपूर लोन दिया। मैं आज बड़े संतोष के साथ, बड़ी जिम्मेवारी के साथ, इस पवित्र सदन में कहना चाहता हूं कि हमने एनपीए को, 2014 के पहले जिसके पहाड़ हुआ करते थे, आज उसको हमने नीचे, निम्न स्तर पर लाकर के खड़ा कर दिया है। आज एनपीए 1 परसेंट से भी नीचे है। यह अपने आप में बैंकों के स्वास्थ्य के लिए बहुत उत्तम काम हमने किया है। इतना ही नहीं, आज हमारे बैंकों का प्रॉफिट रिकॉर्ड पर है, हाई रिकॉर्ड पर है। यह अपने आप में देश की अर्थव्यवस्था को ताकत देगी। जब बैंकिंग व्यवस्था मजबूत होती है, तो बाकी अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। उस काम को किया गया है।

आदरणीय सभापति जी, मैं एक और उदाहण देना चाहता हूँ हमारे पीएसयूज़ से। आमतौर पर पीएसयूज़ के संबंध में यह मान्यता बन चुकी थी कि वे बनते ही हैं बीमार होने के लिए, वे बनते ही हैं बरबाद होने के लिए, वे बनते ही हैं बंद होने के लिए। हमने इस पूरी मानसिकता को हकीकतों के आधार पर बदलने में सफलता प्राप्त की है और ये लोग पीएसयूज़ को लेकर कितनी गलत बातें फैलाते थे! अर्बन नक्सल की तरह ऐसे पीएसयूज़ के दरवाजे के बाहर मजदूरों की मीटिंग करके उनको भड़काने का पाप करते थे, गुमराह करने का काम करते थे। इन्होंने एलआईसी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचएएल - ऐसे हर एक को बड़ा भला-बुरा बोलते, इतने भद्दे तरीके से बोलते, लेकिन जब उनकी सरकार थी, तब तो वे इन चीजों को संभाल नहीं पाते थे। उसको वे कुछ कर भी नहीं पाते थे। आदरणीय सभापति जी, हमने इसमें भी हिम्मत दिखाई। हमने पीएसयूज़ के संबंध में भी रिफॉर्म्स किए। रिफॉर्म्स की एक लगातार परंपरा चलाई। एलआईसी से लेकर आज कई ऐसे PSUs हैं जिनकी performance लगातार बेहतर हो रही है। आज एलआईसी बेस्ट तरीके से, अपने पूरे कालखंड में, यानी जब एलआईसी का जन्म हुआ तब से लेकर अभी तक, यह उसका उत्तम-से-उत्तम कालखंड गुजर रहा है। जिन पीएसयूज़ को कांग्रेस के नेता ताले लगवाने की कगार पर पहुँचा चुके थे और उसी पर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने का प्रयास भी किया गया था, आज हमारे वही पीएसयूज़ रिकॉर्ड प्रॉफिट पर हैं। इतना ही नहीं, वे अपने परफॉर्मेंस से 'मेक इन इंडिया' को भी गति

Contents Page

दे रहे हैं। 'मेक इन इंडिया' का जो सपना है, उसको पूरा करने में वे भी एक बहुत बड़े catalyst के रूप में आज भूमिका अदा कर रहे हैं। रिकॉर्ड संख्या में रोजगार बना रहे हैं। इतना ही नहीं, हमारे कुछ पीएसयूज़ आज विश्व के अंदर जा रहे हैं, विश्व में भी अपनी ताकत दिखा रहे हैं और विश्व के साथ जुड़ रहे हैं। दुनिया के कई देशों की विकास यात्रा में वे भागीदार बन रहे हैं। आज हमारे पीएसयूज़ को बहुत बड़े-बड़े ऑर्डर देश से भी और देश के बाहर से भी मिलने लगे हैं। यह अपने आप में, मैं जो कहता हूँ न, एक बहुत महत्वपूर्ण पड़ाव पर यह देश है, यह पच्चीस साल है, उसका संकेत यहाँ नजर आता है।

आदरणीय सभापति जी, कांग्रेस ने विश्वास तोड़ने के मामले में हमारे देश के अन्नदाता को भी नहीं छोड़ा। इस देश में करोड़ों किसान ऐसे हैं, जिनके पास दो हेक्टेयर से भी कम जमीन है। वे छोटे किसान हैं। उनकी कभी परवाह नहीं की गई, उनकी तरफ कभी देखा नहीं गया। न ही उनके दिमाग में इन छोटे किसानों का कोई महत्व था। उनको लगता है कि कुछ बड़े लोगों को संभाल लिया, तो गाड़ी चल जाएगी और यही राजनीति करते रहे हैं। आदरणीय सभापति जी, हमारे दिल में छोटे किसान के प्रति एक दर्द था। हम जमीनी हकीकतों से परिचित थे और उसी के कारण हम 'पीएम किसान सम्मान निधि योजना' लेकर आए और इतने कम समय में हमने हमारे इन छोटे किसानों के खाते में चार लाख करोड़ रुपए दिये है। चार लाख करोड़ रुपए का आँकड़ा छोटा नहीं होता है, आदरणीय सभापति जी। उसने हमारे छोटे किसानों को एक नई ताकत दी है, नए सपने देखने का सामर्थ्य दिया है। मुझे पक्का विश्वास है कि हमारा किसान उस दिशा में जरूर भारत की आशा, अपेक्षा के अनुरूप परिणाम देगा। आदरणीय सभापति जी, यहाँ कुछ साथियों ने इंप्लीमेंटेशन के संबंध में शिकायतों के काफी भाषण किए। शायद वे तय करके आए थे कि ऐसा-ऐसा बोलना है। इसमें तो उनका align दिखता था, बाकियों में तो नहीं दिखता है। आदरणीय सभापति जी, ये जब implementation को लेकर इतनी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, तो मैं ज़रा एक किस्सा सुनाता हूँ। मैं किसी को भला-बुरा कहने के लिए यह नहीं कह रहा हूँ, मैं सिर्फ हकीक़त रख रहा हूँ। परेशानी जिनको होगी, उनको होगी, लेकिन तथ्य तो तथ्य ही होते हैं!

हमारे देश की एक नेता हिमाचल प्रदेश के दौरे पर गई थीं और वहाँ से आने के बाद उन्होंने खुद यह घटना कहीं सुनाई। यह रिकॉर्ड पर उपलब्ध है। उसमें उन नेता ने जो कहा, मैं उन्हीं के शब्द पढ़ रहा हूँ। "काफी लम्बे समय तक मुझे योजना आयोग से संघर्ष करना पड़ा, क्योंकि वे पहाड़ी क्षेत्रों के लिए अलग योजनाएँ बनाने को तैयार ही नहीं थे। मैं हिमाचल प्रदेश गई थी। जब मैं वापस आई तो मैंने योजना आयोग में कहा कि हमारे कामदारों को, वर्कर्स को जीप की जरूरत नहीं है, बल्कि खच्चरों की आवश्यकता है, ताकि कम से कम उन पर सामान आदि लादा जा सके।" उन्होंने आगे कहा – "लेकिन, मुझे बताया गया, हम पैसा तो जीप के लिए ही देंगे, क्योंकि खच्चरों के लिए पैसे देने की पॉलिसी नहीं है।" इसी भाषण में वे आगे कहती हैं – "वहाँ सड़कें ही नहीं थीं।" उनका ऐसा कहने का कारण यह था कि हिमाचल में जहाँ वे गईं, वहाँ सड़कें ही नहीं थीं। जब वहाँ सड़कें ही नहीं थीं, तो फिर वहाँ जीप का क्या लाभ हो सकता है? जीप लेकर वहाँ कौन जाएगा, जहाँ रोड नहीं है? लेकिन, उस समय योजना आयोग का जोर था - या तो जीप, या तो कुछ भी नहीं!

Contents Page

आदरणीय सभापति जी, यह भाषण किसी और का नहीं, यह कांग्रेस की एक वरिष्ठ नेता और तत्कालीन प्रधान मंत्री, इंदिरा गांधी का भाषण है। कांग्रेस के लम्बे शासनकाल में यही कार्यशैली रही है और जिसको इंदिरा जी खुद जानती भी थीं कि ये सब चल रहा है, लेकिन इस कार्य-संस्कृति को सुधारने के लिए उन्होंने कोई कदम नहीं उठाया। इंदिरा गांधी जिस प्लानिंग कमीशन की धज्जियां उड़ा रही थीं, उसके जन्मदाता स्वयं उनके पिताजी थे। प्लानिंग कमीशन को बनाने और इंदिरा जी ने जब यह कहा, तो उसके बीच में दो दशक बीत चुके थे, लेकिन हाल यही था। 2014 तक सब दुखी थे, सब परेशान थे, सब गलती देख रहे थे, लेकिन सुधार करने की तैयारी नहीं थी। कांग्रेस ने जिस प्रकार से प्लानिंग कमीशन में अटकाना, लटकाना, भटकाना वाली कार्यशैली बना दी थी, 2014 में जब हमें मौका मिला, तो हमने आकर यह काम किया कि हमने प्लानिंग कमीशन को खत्म कर दिया और नीति आयोग को बनाया। आज नीति आयोग बहुत तेज गति से काम कर रहा है। अब देखिए, aspirational district भी एक बहुत बड़ा प्रेरक उदाहरण है। मैं देख रहा हूँ कि developing countries के लिए विकास के मॉडल के रूप में वैश्विक संस्थाएँ इसे अनुमोदन दे रही हैं। Aspirational district की यह सफलता बनी है।

देश के कई जिले ऐसे थे, जिन्हें पिछड़ा मानकर छोड़ दिया गया था। वहाँ करोड़ों लोगों की मौलिक ज़रूरतों को भी नकार दिया गया था। लोगों को ऐसे ही जीने के लिए मजबूर कर दिया गया था। जो पिछड़े इलाके थे, वे और पिछड़े होते गए और बर्बादी आती गई। हालात तो सरकार में ऐसे थे कि जब किसी को punishment transfer या punishment posting देनी होती थी, तो ऐसे ही जिलों में भेज दिया जाता था, ताकि वह उसे और खराब करे। यह हाल था, यह वर्क कल्चर बन गया था। हमने इस स्थिति को बदला। सबसे पहले यह तय किया गया कि यंग और होनहार अधिकारियों को वहाँ लगाया जाएगा और उन्हें पूरे तीन साल काम करने का अवसर दिया जाएगा। हमने एक के बाद एक निर्णय लिए। आज देखिए कि हमारा छत्तीसगढ़ का बस्तर, जो aspirational district था, आज पूरे देश में बस्तर ओलंपिक के नाम से चर्चा में है। आज विकास की धारा बस्तर के गाँव-गाँव पहुँच रही है। अभी कुछ गाँवों में लोगों ने पहली बार बस देखी और बस्तर में पूरे गाँव ने उत्सव मनाया। ऐसी परिस्थितियाँ छोड़कर लोग गए थे। यहां लोग पता नहीं किस प्रकार से देश को कहाँ ले जाना चाहते हैं।

आदरणीय सभापति जी, implementation क्या होता है, यह aspirational district इसका एक शानदार उदाहरण है। ऐसे तो सैकड़ों उदाहरण हैं, लेकिन कहने के लिए मैं इसका उल्लेख कर रहा हूँ। कांग्रेस के हमारे साथियों को – यह जो बदलाव आ रहा है - उसमें implementation नज़र नहीं आ रहा है। उनका तो वही Planning Commission वाला मॉडल है, वे जीप और खच्चर वाला मॉडल ही जानते हैं, उससे आगे वे कुछ नहीं जानते। महोदय, Implementation कैसे होता है, उसका उदाहरण देखिए। मेरा जन्म नहीं हुआ था, उससे पहले सरदार वल्लभभाई पटेल ने नर्मदा नदी पर बाँध बनाने की कल्पना की थी। विषय तो पक्का हो गया। सरदार साहब नहीं रहे, खैर नेहरू जी ने शिलान्यास किया। अब आप implementation देखिए। जब इसकी कल्पना की गई थी, तब मेरा जन्म नहीं हुआ था। मेरे प्रधानमंत्री बनने के बाद मुझे उसका उद्घाटन करने का अवसर मिला। यह हाल था। आप उनका implementation देखिए कि मुझे मुख्यमंत्री रहते हुए मुझे नर्मदा-सरदार सरोवर डैम के लिए और मेरे राज्य के किसानों के लिए तीन दिन का अनशन करना पड़ा था। मैंने

Contents Page

अपने आप को दाँव पर लगा दिया था, तब जाकर भारत सरकार को झुकना पड़ा और सरदार सरोवर डैम के construction को गति मिली और जब यहां मैं पहुंचा, तब मुझे उसका उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला और आज कच्छ तक, जहाँ बीएसएफ के जवान बैठते हैं, वहाँ तक नर्मदा का शुद्ध पानी पीने के लिए पहुँच रहा है। Implementation क्या होता है? यहां किसी ने implementation शब्द पकड़ा दिया, हर एक के मुँह से वही शब्द निकल रहा था। हमने कांग्रेस की कार्यशैली को बदलने के लिए शुरुआत की, तो मैंने देखा कि कई ऐसे काम थे, जो फाइलों में अटके पड़े थे, उन्हें कोई पूछने वाला नहीं था और पॉलिटिकल फायदे के लिए announcement कर दिए गए थे, दीये जला दिए गए, पत्थर लगा दिए गए, लेकिन करना कुछ नहीं था। आख़िरकार मैंने यहां आकर एक टेक्नोलॉजी आधारित PRAGATI Platform बनाया। मैं आपको PRAGATI Platform का उदाहरण देता हूं। आप हैरान हो जाएंगे। मुझे exact याद नहीं, लेकिन शायद हिमाचल में एक ट्रेन की घोषणा उन्होंने पार्लियामेंट में की थी, शायद ऊना से कहीं तक। मेरे आने तक कागज़ पर भी उसका ड्राइंग नहीं बना था। केवल चुनाव जीतने के लिए घोषणा कर दी गई थी। PRAGATI के अंदर मेरे सामने वह विषय आया और ऐसे कई विषय मेरे सामने आए। उस PRAGATI के माध्यम से एक-एक प्रोजेक्ट को देखा गया कि वे क्यों अटके पड़े हैं, किस डिपार्टमेंट के काम में क्या मुसीबत आई है, किसने गलत तरीके से इसको आगे बढ़ाया है और बजट तो बढ़ता ही गया था। जो योजना नौ सौ करोड़ में पूरी होनी थी, वह नब्बे हजार करोड़ तक पहुंच गई थी। यह हाल करके रख दिया था। हमने एक टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म बनाया। मैं हर महीने बैठा और उस मीटिंग का 50वां एपिसोड पूरा किया और संबंधित राज्यों को भी उस मीटिंग में बैठाया। उनकी कठिनाइयों को भी समझा। उसके implementation में किस मिनिस्ट्री को परेशानी हो रही है, किस स्टेट को परेशानी हो रही है, किस कानून की परेशानी हो रही है, हरेक को बारीकी से देखा और आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि इस प्रगति के implementation को बारीकी से प्रधान मंत्री के स्तर पर देखे जाने के कारण 85 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स को गति मिली है। आप कल्पना कीजिए, हमने देश की कितनी बड़ी शक्ति को अनलॉक किया। implementation कैसे होता है, यह हमने करके दिखाया है। रेल हो, रोड हो, सिंचाई हो, ग्रामीण व्यवस्था का काम हो, उन सारी चीज़ों को हमने इसमें लिया। अब जैसे जम्मू-ऊधमपुर-श्रीनगर- बारामुला रेल लाइन का प्रोजेक्ट आज पूरा हुआ है। आपने देखा होगा कि एक वीडियो बहुत पॉपुलर हो रहा है, जिसमें दिखाया गया है कि चारों तरफ बर्फ की चादर छाई हुई है और वन्दे भारत ट्रेन निकल रही है और लोग कह रहे हैं कि यह विदेश नहीं है, बल्कि यह हिंदुस्तान है। यह रील चल रही है। यह प्रोजेक्ट तीन दशक से लटका हुआ था, यानी 30 साल तक, आप कल्पना कर सकते हैं और इतने में दो पीढ़ियां आगे बढ़ जाएं। ये यहीं अटके पड़े थे। हमारी सरकार ने इसको पूरा किया।

सभापति जी, मैं असम की बात करना चाहता हूं। आप यह मत सोचिएगा कि चुनाव हैं, इसलिए बोल रहा हूं। इनकी गलती है, इसलिए मुझे कहना पड़ रहा है। कांग्रेस सिर्फ imagine करती है और implement करने में उनको कोई लेना-देना नहीं है। असम के बोगीबिल ब्रिज के बारे में कहना चाहता हूं। यह बोगीबिल ब्रिज, अरुणाचल प्रदेश और असम को जोड़ने वाला बहुत महत्वपूर्ण ब्रिज है। कितने ही सालों तक यह प्रोजेक्ट लटका रहा। हमने PRAGATI के माध्यम से

इसको रिव्यू किया और असम सहित पूरे नॉर्थ-ईस्ट को बहुत बड़ी सुविधा वाला काम हमने पूरा किया।

सभापति जी, जब implementation की बातें करते हैं और हमारे पास तथ्यों के साथ चीज़ें हैं कि हम इन चीज़ों को समय पर पूरा करने की दिशा में आगे बढ़े हैं। इन दिनों जो काम कर रहे हैं, वह समय से पहले हो रहा है। हमने पूरी दुनिया को कहा था कि हम 2030 तक सोलार में पहुंचेंगे, लेकिन हमने वह काम 2025 में कर दिया। हमने इथेनॉल का समय तय किया था, हम उसमें भी दो-तीन साल पहले ही काम पूरा कर चुके हैं। हम एडवांस में काम पूरा कर रहे हैं और हमारे पास implementation की ताकत उससे भी ज्यादा है।

सर, भाजपा हो, एनडीए हो, हमारी एप्रोच, चीज़ों की तरफ देखने का हमारा दृष्टिकोण, समस्या के समाधान के लिए हमारी सोच और कांग्रेस के बीच में जमीन-आसमान का अंतर है। उसमें बहुत फर्क है। मैं आपको उदाहरण देता हूं। हमारी सोच यह है कि 140 करोड़ देशवासी इतने सामर्थ्यवान हैं कि वे चुनौतियों का समाधान दे सकते हैं। यह हमारी सोच है। हमारा देशवासियों पर भरोसा है, उनके सामर्थ्य पर हमें भरोसा है और यही लोकतंत्र की सच्ची ताकत होती है, लेकिन कांग्रेस देशवासियों को ही समस्या मानती है। अब मैं इतना बोलकर छोड़ दूंगा, तो आज शायद रात को उनको नींद नहीं आएगी। कल क्या करना है, उसकी प्लानिंग चलेगी, लेकिन मैं उदाहरण के साथ बताना चाहता हूं कि ये लोग देशवासियों के बारे में किस प्रकार से सोचते थे। देश के लोगों के बारे में नेहरू जी और इंदिरा जी की सोच क्या थी - मैं उसके विषय में बताना चाहता हूँ। इंदिरा जी एक बार ईरान गई थीं। वे ईरान में भाषण दे रही थीं और उस भाषण में उन्होंने नेहरू जी के साथ जो बातचीत हुई थी, उसका उल्लेख किया। उन्होंने खुद कहा है। जो इंदिरा जी ने कहा है, मैं उसको क्वोट कर रहा हूँ। उन्होंने कहा, 'जब किसी ने मेरे पिताजी से पूछा..", यानी नेहरू जी से पूछा, "कि उनके सामने कितनी समस्याएँ हैं, तो उन्होंने उत्तर दिया था—35 करोड़।" नेहरू जी ने जवाब दिया, जब उनसे पूछा गया था कि उनके सामने कितनी समस्याएँ हैं, तो उन्होंने बोला था—35 करोड़। उस समय हमारे देश की जनसंख्या 35 करोड़ थी। अब आप आगे देखिए, 35 करोड़ देशवासी नेहरू जी को समस्या लगते थे। क्या ऐसा कोई मुखिया हो सकता है? इस बात का उदाहरण देते हुए इंदिरा जी ने आगे कहा कि, "आज देश की जनसंख्या 57 करोड़ है, इसलिए मेरी समस्याओं की संख्या भी उतनी ही बड़ी है।" यानी, पिताजी को 35 करोड़ देशवासी समस्या वाले लगते थे, अब उनको 57 करोड़ देशवासियों से समस्या है। क्या कोई ऐसा हो सकता है, जो अपने ही देशवासियों को समस्या माने? यह फर्क है— उनकी सोच और हमारी सोच में, यह फर्क है उनकी अप्रोच और हमारी अप्रोच में। नेहरू जी हों या इंदिरा जी हों या पूरी कांग्रेसी बिरादरी हो, ये लोग भारत के लोगों को समस्या मानते हैं।

आदरणीय सभापति जी, मेरी कई क्वोटेशन्स मिलेंगी। मैंने दुनिया के सामने कहा है, देश के सामने कहा है और कहा है - सिर्फ इतना ही नहीं है, बल्कि यह मेरा कन्विक्शन है - चुनौतियाँ कितनी ही क्यों न हों, 140 करोड़ समाधान हमारे पास हैं। हमारे लिए देशवासी सामर्थ्य की पूँजी हैं, हमारे लिए हर देशवासी भारत के उज्ज्वल भविष्य का नियंता है, निर्माता है, कर्ता-धर्ता है। हम

उसको समस्या कैसे कह सकते हैं? ऐसी सोच वाले लोग अपने परिवार का ही भला करेंगे और किसका करेंगे?

आदरणीय सभापति जी, देश के लोगों का अपमान करते रहना—यह कांग्रेस के स्वभाव में पड़ा हुआ है, उनके संस्कारों में पड़ा हुआ है। कांग्रेस ने बीते दिनों राष्ट्रपति जी का अपमान किया है। चुनाव के बाद जिस प्रकार से हमारी राष्ट्रपति जी के लिए शब्द कहे गए हैं, उससे शर्मिंदगी महसूस होती है कि ये कैसे लोग हैं, भारत के राष्ट्रपति के लिए ये लोग क्या बोल रहे हैं?

आदरणीय सभापति जी, कल लोकसभा में भी राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा नहीं हो पाई। उनके द्वारा राष्ट्रपति पद का यह घोर अपमान किया गया है, इसलिए उन्हें 'संविधान' शब्द को मुँह से बोलने का अधिकार नहीं है। जो लोग गरीबी से निकली हुई एक महिला, आदिवासी परिवार से आई हुई एक महिला के साथ ऐसा व्यवहार करते हैं, आपने लोकसभा में जो व्यवहार किया है, आपने उससे आदिवासी समाज का अपमान किया है, आपने महिला का अपमान किया है, भारत के सर्वोच्च पद पर विराजमान, संविधान ने जिनको सर्वोच्च पद दिया — आपने उनका अपमान किया, आपने संविधान का अपमान किया।

आदरणीय सभापति जी, उन्हें कुछ भी लगता हो, काँग्रेस को यह गुनाह कि...

6.00 P.M.

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, it is now 6 p.m.. If the House agrees, we may sit beyond 6 p.m. till disposal of the Motion of Thanks on the President's Address. Do I have the leave of the House to extend the sitting beyond 6 p.m.?

SOME HON. MEMBERS: Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: Thank you.

**श्री नरेन्द्र मोदी:** आदरणीय सभापति जी, समय बढ़ाने के लिए मैं आपका और सदन का बहुत आभार व्यक्त करता हूँ। आदरणीय सभापति जी, लोकसभा की घटना बड़ी दर्दनाक है। शायद हताशा, निराशा तो हम समझ सकते हैं, लेकिन इसके लिए देश के पवित्र लोकतंत्र के मंदिर को ही इस रूप में कर देना! उस समय चेयर पर असम के ही हमारे एक माननीय सांसद बैठे थे। उस समय कागज फेंके गए, टेबल पर चढ़ा गया। क्या यह नॉर्थ ईस्ट का अपमान नहीं है? क्या असम के नागरिकों का अपमान नहीं है? उन्होंने कल फिर दोबारा किया और उस समय आंध्र प्रदेश के दलित परिवार का बेटा चेयर पर बैठा था। उन्हें भी अपमानित किया, यानी कि आपने नॉर्थ ईस्ट का अपमान किया। चेयर पर बैठा है, तो अपमान करो। आंध्र के एक दलित परिवार का बेटा चेयर पर बैठा है, तो उसका अपमान करो। सदन में इनको काम दिया हुआ है, सबने मिलकर काम दिया हुआ है। वे दलित समाज से आते हैं, इसलिए आप अपमान करते हो! ऐसा लगता है कि काँग्रेस के लोगों को असम की जनता के प्रति बड़ी नफरत है। उन्हें लगता है कि वहाँ की जनता ने उनका साथ छोड़ दिया, मतलब उनके दुश्मन हो गए। क्या कभी लोकतंत्र में ऐसे सोचते हैं? मुझे तो तब बहुत पीड़ा

हुई थी, जब भारत रत्न भूपेन हजारिका जी, जो कि इस देश के बहुत ही सम्माननीय व्यक्तित्व हैं -- आज भी लोग उन्हें घर-घर में स्मरण करते हैं। उनके प्रति जो भक्ति का भाव है, आप उसकी कल्पना नहीं कर सकते हैं, लेकिन उन्हें इसकी भी कोई परवाह नहीं है। हमारा सौभाग्य था कि हमने भूपेन हजारिका जी का देश के लिए जो योगदान था, उन्होंने नॉर्थ ईस्ट जैसे इलाके से पूरे देश को अपनी वाणी से, अपने विचारों से, अपनी अभिव्यक्ति से बांध के रखा था। हमने उन्हें भारत रत्न देने का निर्णय किया, लेकिन इस पर भी इन्हें ऐतराज था! मैं तो हैरान हूँ। अगर खरगे जी होते, तो मैं उनकी हाजिरी में कहता। इन्होंने भारत रत्न के बारे में जिस प्रकार से बोला, उस वीडियो पर उनका चेहरा देखेंगे, तो आपको लगेगा कि ये ऐसे लोग हैं, ऐसा व्यवहार करते हैं! और ये कहा, अरे, ये तो सिंगर थे! मैं समझता हूँ कि ये किसी का भी अपमान करने में कभी भी पीछे नहीं रहते हैं। भूपेन हजारिका जी को जो भारत रत्न दिया गया, उन्होंने उसका भी विरोध किया। यह पूरे असम का विरोध है, पूरे देश के कला प्रेमियों का विरोध है और मुझे पक्का विश्वास है कि असम कभी भी इस अपमान को भूलने वाला नहीं है।

आदरणीय सभापति जी, कल जो घटना घटी, इसी सदन के एक माननीय सांसद, कॉँग्रेस के, शातिर दिमाग जिनका है, ऐसे एक युवराज ने उन्हें गद्दार कह दिया! इनका अहंकार सातवें आसमान पर पहुंच चुका है। कॉँग्रेस को छोड़कर कितने ही लोग निकले हैं। कॉँग्रेस के कितने टुकड़े हुए हैं। कई लोग दूसरे दलों में गए हैं। उन्होंने किसी और को गद्दार नहीं कहा, लेकिन कल सांसद को गद्दार इसलिए कहा, क्योंकि वे सिख थे। यह सिखों का अपमान था, यह गुरुओं का अपमान था और कॉँग्रेस के अंदर सिखों के प्रति जो कूट-कूट कर नफरत भरी पड़ी है, वह उसकी अभिव्यक्ति थी। वे इसी सदन के माननीय सांसद हैं और उन्हें जरा भी दर्द नहीं है, वरना आज खड़े होकर कह सकते थे कि कल जो हुआ, वह संसद की गरिमा के अनुरूप नहीं था, हमें खेद है। एक शब्द तो बोल लेते, लेकिन सिखों के प्रति उनके मन में जो नफरत भरी पड़ी है और इसी के कारण उन्होंने कल - वे देश के लिए शहादत देने वाले परिवार के सदस्य थे। उन्होंने अपने राजनीतिक विचारों में परिवर्तन किया, इसलिए वे गद्दार हो गए! यह गद्दार शब्द छोटा नहीं है। मेरे देशवासी को कोई गद्दार कहे, यह देश कैसे सहन करेगा? वह भी एक सिख हैं, इसलिए गद्दार कहना, यह बहुत दुर्भाग्य की बात है और ऐसे लोग कॉँग्रेस को नहीं डुबाएंगे, तो क्या करेंगे?

आदरणीय सभापति जी, एक तरफ यह दृश्य है और दूसरी तरफ हमारे सदानन्दन मास्टर जी का दृश्य है। राजनीतिक विद्वेष के कारण उनके दोनों पैर काट दिए गए। भरी जवानी में दोनों पैर काट दिए। कटे हुए पैरों से जिंदगी गुजार रहे हैं, लेकिन संस्कार इतने ऊँचे हैं कि वाणी में भी अपशब्द नहीं निकलता है। वर्तन में भी कटुता नजर नहीं आती है। हमें गर्व होता है। कल जब सदन में उनका पहला भाषण हो रहा था और उन्होंने जब आपसे इजाजत लेकर अपनी बेंच पर अपने कटे हुए पैरों के लिए वे जिस आर्टिफिशियल लिम्ब्स का उपयोग करते हैं, उनको जब रखा, वह दृश्य देश के लिए पीड़ादायक था। इस देश में ऐसा ही बंधारण की बातें करने वाले इंडी अलायंस के लोग हैं। इसके लिए इंडी अलायंस पूरा जिम्मेवार है। वैचारिक असहमति के कारण एक नौजवान के और वह भी एक टीचर - शिक्षक के प्रति गर्व और आदर से देखा जाता है, उसके पैर काट दिए! लेकिन उन्हें कोई खेद नहीं है, उन्हें कोई दर्द नहीं है। मैं मास्टर सदानन्दन जी का हृदय से अभिनंदन करता हूँ कि उन्होंने इस प्रकार के इतने भयानक हमले के बाद भी देश की सेवा का अपना व्रत जारी

रखा और आज देश की नीति निर्धारण में अपना योगदान दे रहे हैं। यह गर्व की बात है। ऐसे लोगों के सहारे हम राजनीति में जीते हैं, काम करते हैं और हमें देश के लिए जीने-मरने की प्रेरणा मिलती है। ये संस्कार हमने पाए हैं और ऐसे लक्षावधी कार्यकर्ताओं के तप पाए हैं। आदरणीय सभापति जी, वैसे काँग्रेस के हमारे साथियों का मुझसे जरा विशेष प्रेम है, स्पेशल प्रेम है। मुझे जो जिम्मेदारी मिली है, उसके तहत, और यदि जिम्मेदारी न मिलती, तो भी देश के लिए जीना हमने सीखा है। हम विकसित भारत की जमीन मजबूत कर रहे हैं, उसको एक ताकत दे रहे हैं। मैं एक तरफ देश के युवाओं के लिए मजबूत जमीन तैयार कर रहा हूं, तो कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने के कार्यक्रम के बारे में सोच रही है। 'मोहब्बत की दुकान' खोलने वाले, 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' के नारे लगा रहे थे। यह कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो देश के ही किसी नागरिक की कब्र खोदने के सपने देखती है! यह कौन से संविधान से उन्होंने सीखा है, जो देश के ही किसी नागरिक की कब्र खोदने की बात करते हैं! क्या यह संविधान का अपमान नहीं है? क्या यह मानवता का अपमान नहीं है? क्या यह सार्वजनिक जीवन की मर्यादाओं का अपमान नहीं है? परंतु उनको इसका कोई खेद नहीं है। इसके बाद वे क्या बयान देंगे? वे बयान देंगे कि देखो, प्रधान मंत्री राज्य सभा में भी रो रहा था! किस प्रकार के संस्कार और वृत्तियों से पले-बढ़े लोग हैं ये!

आदरणीय सभापति जी, मेरा अनुभव बहुत पुराना है। 2002 से, जब वे विपक्ष में थे, तब से; 2004 से, जब वे सत्ता में आए, तब से; और 2014 से, मैं जब यहां आया, तब से, पिछले 25 साल से संसद का एक भी सत्र ऐसा नहीं गया, -- मोदी संसद का सदस्य नहीं था -- एक भी सत्र ऐसा नहीं गया, जिसमें इस सदन के अंदर इन लोगों ने मोदी को गाली देने का काम न किया हो। 25 साल! मुझसे किसी ने पूछा था कि मोदी जी, आपके स्वास्थ्य का क्या राज है, तो मैंने कहा कि मैं डेली दो किलो गाली खाता हूं। आदरणीय सभापति जी, ये मोदी की कब्र क्यों खोदना चाहते हैं? यह सिर्फ नारा नहीं है, यह इनके भीतर पड़ी हुई नफरत का प्रतिबिंब है, उसकी अभिव्यक्ति है और वह इसलिए है कि हमने 370 की दीवार गिरा दी, इसलिए मोदी की कब्र खोदना चाहते हैं। नॉर्थ-ईस्ट में बम, बंदूक और आतंक का जो साया बना रहता था, नॉर्थ-ईस्ट ने शांति और विकास की राह अपनाई, इसलिए वे मोदी की कब्र खोदने के बारे में सोच रहे हैं। हम पाकिस्तानी आतंकियों को घर में घुस करके जवाब देते हैं, इसलिए वे मोदी की कब्र खोदने की बात कर रहे हैं। हम ऑपरेशन सिंदूर करते हैं, इससे उनको परेशानी होती है और इसलिए वे मोदी की कब्र खोदना चाहते हैं। हम माओवादी आतंक से देश को मुक्ति दिलाने के लिए साहसपूर्ण कदम उठा रहे हैं, इसलिए मोदी की कब्र खोदनी है आपको! नेहरू जी ने सिंधु जल समझौता करके देश के साथ बहुत बड़ा अन्याय किया था। उस सिंधु जल समझौते को हमने abeyance में डाल दिया, क्या इसलिए आप मोदी की कब्र खोदने के नारे लगा रहे हैं! आदरणीय सभापति जी, कांग्रेस की परेशानी कुछ और है। ये पचा नहीं पा रहे हैं कि मोदी यहां तक पहुंचा कैसे और उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है कि भाई पहुंचा, तो पहुंचा, लेकिन अब तक टिका क्यों है और इसलिए उनके लिए एक ही रास्ता बचा हुआ लग रहा है कि "मोदी तेरी कब्र खुदेगी।"

आदरणीय सभापति जी, ये तो मान करके बैठे थे। उनका लोकतंत्र और संविधान से कोई लेना-देना नहीं है। उनको तो लगता है कि प्रधान मंत्री का पद उनके परिवार की जागीर है और उस पर कोई और बैठ नहीं सकता। उनके भीतर में यह जो नफरत भरी पड़ी हुई है, मोहब्बत की दुकान

में जो आग भरी पड़ी हुई है, यह उसका परिणाम है। इसीलिए इस पर कोई क्यों बैठा, इस पर हमारा पैतृक अधिकार था और इसलिए वे मोदी की कब्र खोदने का नारा लेकर चल रहे हैं।

आदरणीय सभापति जी, कांग्रेस के शाही परिवार को देश ने दशकों तक अवसर दिया है। ऐसा नहीं है कि मौका नहीं दिया। देश ने आपके लिए भी अपना भविष्य दांव पर लगाया था, लेकिन आपने 'गरीबी हटाओ' के नारे लगाए, गुमराह किया। लाल किले पर से कांग्रेस के एक भी प्रधान मंत्री के भाषण में गरीबी हटाने की बात नहीं आई हो, ऐसा नहीं हुआ है, लेकिन किसी भी प्रधान मंत्री ने गरीबी हटाने के लिए क्या किया, वह एक बार भी नहीं आया। वह उनके नारे से अधिक कुछ नहीं था और मोदी ने रास्ता अपनाया - गरीब को empower करने का, गरीब को सशक्त करने का। मैं अपने देश के गरीबों को सलाम करता हूं कि उन्होंने देश की योजनाओं को समझा, स्वीकारा और अपने सामर्थ्य को बढ़ाने के लिए प्रयास किया। मैं देश के गरीबों का गौरवगान करता हूं कि हमारी नीतियों पर भरोसा करके, हमारी नीयत पर भरोसा करके, उन्होंने भी अपने आपको खपाने के लिए कोई कमी नहीं रखी और 25 करोड़ मेरे गरीब परिवार के भाईयों ने गरीबी को परास्त किया और खुद गरीबी से बाहर आए हैं। मैं उनको सलाम करता हूं। मेरे 25 करोड़ देशवासी, जो निराशा में पड़े हुए थे, दूर आशा की एक किरण दिखाई दी, तो उठ खड़े हुए और आज हमारे साथ चल पड़े हैं।

आदरणीय सभापति जी, 2014 के पहले ये implementation की बातें करते थे। हमारे यहां सैकड़ों लोग railway crossings पर मरते थे। स्कूल की बस railway crossing से होकर जा रही है, स्कूल के 20-20, 25-25 बच्चों के मरने की खबरें आती थीं। Unmanned railway crossings - वह इतना बड़ा काम नहीं था कि वे नहीं कर सकते थे। यह काम भी मुझे ही करना पड़ा और हमने सारे unmanned railway crossings बंद कर दिए और लाखों लोगों की जिंदगी बचा ली, इसलिए ये मोदी की कब्र खोदना चाहते हैं!

आदरणीय सभापति जी, 2014 से पहले इस देश में 18,000 गांव ऐसे थे, जिनको बिजली का मतलब पता नहीं था। बिजली का कोई तार होता है, कोई बल्ब होता है, कोई लट्टू जलता है, तो उसमें से उजाला निकलता है, यह उनको पता नहीं था। ऐसे 18,000 गांव थे। 2014 के बाद जब देशवासियों ने हमें दायित्व दिया, तो वे 18,000 गांव, जिन्होंने कभी बिजली का मुंह तक नहीं देखा था, बिजली का शब्द भी अपने कान से नहीं सुना था, उन गांवों में उजाला पहुंचाया, इसलिए इनको मोदी की कब्र खोदने के सिवाय अब कोई रास्ता नहीं दिख रहा है।

आदरणीय सभापति जी, वह भी एक वक्त था, जब देश में बार-बार खबरें आती थीं, मीडिया में हेडलाइन्स हुआ करती थीं, सरहद की स्थिति के संबंध में बयान आते थे कि गोला-बारूद नहीं है, बुलेट प्रूफ जैकेट नहीं है, बर्फ के बीच जवान खड़ा है, बर्फ में खड़े रहने के लिए जो जूते चाहिए, वह जूते तक उसके पास नहीं है - ये खबरें आती थीं। हमने देश के जवानों के लिए खजाने खोल दिए हैं। देश के जवानों को जो चाहिए, वह देने के लिए हम निकल पड़े हैं और इसलिए वे चाहते हैं कि अब तो कोई रास्ता बचा नहीं है, बस, 'कब्र खुदेगी मोदी की' - यही एक रास्ता उनके लिए बचा है।

आदरणीय सभापति जी, एक बार उत्तर प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री जी सदन में भाषण करते-करते रो पड़े थे, क्योंकि दिमागी बुखार के कारण अनगिनत बच्चे मर रहे थे। इनको कभी

Contents Page

सूझा नहीं कि इस दिमागी बुखार से मुक्ति दिलाई जा सकती है। आदरणीय सभापति जी, आँख की बीमारी, ट्रेकोमा - इससे लोग परेशान होते थे, आँखें चली जाती थीं। विज्ञान प्रगति कर चुका था, यह हो सकता था, लेकिन वे नहीं कर सके। हमने दिमागी बुखार से भी मुक्ति दिलाई और ट्रेकोमा से भी देश के लोगों की आँखें बचाईं। ये ही सफलताएँ हैं, यही संवेदनशीलता है, समाज के लिए जीने-मरने का। यही संकल्प है पल-पल, तिल-तिल समाज के लिए बिताना, घिसना, छिलना - यह उनको परेशान कर रहा है, तब जाकर 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' - यह मंत्र लेकर चल रहे हैं, यह सपने देख कर चल रहे हैं और बातें लोकतंत्र की करते हैं, मोहब्बत की दुकान का साइनबोर्ड लगाते हैं। क्या सार्वजनिक जीवन में ऐसी नफरत होती है?

आदरणीय सभापति जी, इनकी सरकार रिमोट से चलती थी, मेरी सरकार भी रिमोट से चलती है, लेकिन मेरा रिमोट 140 करोड़ देशवासी हैं। 140 करोड़ देशवासियों के सपने, 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाएँ, देश के नौजवानों के संकल्प - इनके लिए हम जीते हैं, इनके लिए सरकार चलाते हैं। सत्ता हमारे लिए सुख का रास्ता नहीं है, बल्कि सत्ता हमारे लिए सेवा का माध्यम है।

'मुद्रा योजना' के माध्यम से लाखों करोड़ों की मदद मिली है। इससे स्वरोजगार को बल मिला है। कांग्रेस ने कभी स्टार्टअप कल्चर को प्रमोट ही नहीं किया। कुछ सैकड़ों में स्टार्टअप्स थे, बेचारे उनको पता भी नहीं था। आदरणीय सभापति जी, इनका तो हाल यह है कि ये अपने घर के स्टार्टअप को भी लिफ्ट नहीं कर पा रहे हैं। हमारी सरकार में आज दो लाख से ज्यादा स्टार्टअप्स हैं। जब सफलता एक के बाद एक जनसामान्य के दिलों को जीतती है, तब जाकर उनके पास एक ही रास्ता बचा है 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी'। लेकिन, वह जमाना याद कीजिए, जब BSNL को लेकर चुटकुले चलते थे, कार्टून्स बनते थे। आज हमने स्वदेशी 4G stack खड़ा कर दिया। हमने दुनिया में 5G को सबसे तेज गति से roll out करने का काम किया। कम्युनिकेशन की नई जनरेशन, नई टेक्नोलॉजी, नई सोच, इसको हमने आगे बढ़ाया। इसलिए दर्द जुबां पर आ रहा है - मोदी तेरी कब्र खुदेगी।

आदरणीय सभापति जी, गरीब की सेवा, यह मेरा सौभाग्य है। चार करोड़ गरीबों को पक्के घर देना, मैं जीवन में सुकून मानता हूँ। बिजली, पानी, गैस का सिलेंडर, टॉयलेट की सुविधा - मुझे लगता है कि हाँ, परमात्मा ने मुझे सही दिशा में काम करने की प्रेरणा दी है। पहली बार गाँव की महिला गर्व से कह रही है - हाँ, मैं लखपति दीदी बनी हूँ, तो दूसरी कह रही है कि इस साल तक मैं लखपति दीदी बन जाऊँगी। जो बन गई हैं, जब उनसे पूछता हूँ, तो वे कहती हैं कि साहब, अब तो हम करोड़पति के लिए सोच रहे हैं। यह जो मिजाज बदला है, जो आत्मविश्वास बढ़ा है, ऐसे देश के कोटि-कोटि जनों का आशीर्वाद जिस इंसान पर हो, कोटि-कोटि माताओं व बहनों का जिस पर रक्षा कवच हो, नारे कितने ही लगा लो, कब्र तुम नहीं खोद पाओगे। यह देश की शक्ति, आशीर्वादरूपी कवच, माताओं व बहनों का मेरे प्रति जो भाव रहा है, जिस श्रद्धा-भाव से मैंने माताओं व बहनों की सेवा करने का काम किया है, जिनको कोई पूछता नहीं था, उनको मोदी पूजता है। ये आशीर्वाद ही हैं, जो इनको चुभते हैं और इसलिए ये कब्र खोदना चाहते हैं। आदरणीय सभापति जी, कब्जा करना जिनका पुश्तैनी काम है, जिन्होंने एक गुजराती का सरनेम भी चुरा लिया, महात्मा

गाँधी का सरनेम चुरा लिया! ये लोग! देश की जनता इतनी समझदार है कि ऐसे लोगों को ऐसे पटक देती है, ऐसे पटक देती है।

आदरणीय सभापति जी, हम एक विकसित भारत का सपना लेकर चले हैं और आज वह सपना देश के लोगों की ऊर्जा के कारण संकल्प में बदल चुका है। आज कहीं पर भी जाइए, हर कोई यह कहता है कि 2047 तक विकसित भारत बनना है। मैं हैरान हूँ कि सदन में हमारे कुछ साथी - इतने निराशावादी, जमीन से इतने कटे हुए लोग, बदलती हुई दुनिया से अनभिज्ञ लोग पता नहीं क्या बोल रहे हैं! वे कहते हैं - मोदी अभी यह 2047 के बारे में क्या बोल रहा है, 2047 किसने देखा है। हमारे देश की आजादी के लिए जो लड़ते थे, जो फाँसी के तख्त पर चढ़ जाते थे, जो लाठियाँ खाते थे, गोलियाँ खाते थे, जो काले पानी की सजा के लिए अंडमान-निकोबार की सेल्युलर जेल में जिंदगी बिता देते थे, जो लक्षावधी नौजवान अपनी पढ़ाई का, भविष्य का सोचे बिना, कोई परवाह किए बिना सिर्फ देश के लिए सोचने के लिए निकल पड़े थे, अगर उन्होंने कभी यह सोचा होता कि हमारे कालखंड में तो आजादी मिलेगी नहीं, फिर मैं यह क्यों करूँ, तो क्या देश कभी आजाद होता? ये इतने निराशावादी लोग हैं कि जब मैं डिजिटल इंडिया की बात करता था, मैं फिनटेक की चर्चा करता था, मैं यूपीआई की बात करता था, तो ये कहते थे कि अरे, इस देश में गरीब आदमी मोबाइल फोन पर कैसे पैसों का कारोबार करेगा? तीन साल के भीतर देश ने दिखा दिया कि यह हो सकता है और मैं हैरान था। जिस दिन ऐसा भाषण संसद में हुआ, देश की मीडिया में उनका जो ecosystem है, वे नाच रहे थे कि देखिए, मोदी को तगड़ा जवाब दिया। मोदी ने जवाब नहीं दिया। आपके हाथ में मोबाइल फोन से जब यूपीआई चलता है, काम करता है, तो जवाब अपने आप मिल जाता है।

आदरणीय सभापति जी, कांग्रेस के समय एक व्यंग्य चला करता था। आम तौर पर कहा जाता था, serious nature की चर्चा में भी आता था और हँसी-मजाक में भी आता था, "India missed the bus" - यह एक कॉमन वर्ड हो चुका था। भाई, मौका गँवा दिया, बाजी हाथ से चली गई - India missed the bus. यह हमेशा होता था।

आदरणीय सभापति जी, आज भारत कोई बस मिस नहीं कर रहा है। आज भारत काफिले का नेतृत्व कर रहा है। आदरणीय सभापति जी, देश का भविष्य उज्ज्वल बनाना है तो वर्तमान को भी उज्ज्वल बनाने के लिए अविरत कार्य करना होता है। हम विकसित भारत के सपने की लाइट में पाँच वर्ष की योजना बनाते हैं और हर वर्ष का बजट बनाते हैं। हम दिशा तय करके चलते हैं, क्योंकि हमारे लिए अगला चुनाव लक्ष्य नहीं होता है, हमारा लक्ष्य है विकसित भारत, 2047, चुनाव तो आएंगे-जाएंगे। मेरा देश अजर-अमर रहने वाला है और हम देश की युवा पीढ़ी के हाथ में समृद्ध हिंदुस्तान देने का सपना लेकर चले हैं। आज जो घरों में बालक हैं, उन्हें देखकर मैं सोचता हूँ कि मैं इनके हाथ में ऐसा हिंदुस्तान देकर जाऊँ कि हमें अपने काम का संतोष हो। 2047 क्यों-2047 क्यों, ये बातें करते हैं।

आदरणीय सभापति जी, आज जिस प्रकार से हमने initiatives लिए हैं, चाहे स्पेस हो, साइंस हो, टेक्नोलॉजी हो, समंदर की गहराई हो, जल-थल-नभ हो, अंतरिक्ष हो, हर क्षेत्र में नए संकल्प, नई ऊर्जा, नए कदम और नई सिद्धियों को लेकर देश आगे बढ़ रहा है। हम ग्रीन हाइड्रोजन

पर काम कर रहे हैं। हम आने वाले युग को समझ पा रहे हैं। हम क्वांटम कंप्यूटिंग की बात कर रहे हैं। हम एआई मिशन को लेकर चल रहे हैं और आज दुनिया मानने लगी है कि एआई मिशन में भारत दुनिया को बहुत कुछ दे सकता है। यह विश्वास आज दुनिया में बना है। आज दुनिया में critical minerals, rare earth राजनीतिक हथियार बन गए हैं। हम उस पर फोकस कर रहे हैं, ताकि कभी भारत को किसी के आगे हाथ फैलाने की नौबत न आए।

आदरणीय सभापति जी, ऐसे तो अनगिनत प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें विदेश से investment आना ही आना है, क्योंकि अब हर किसी को अपना भविष्य भारत की भूमि में नज़र आ रहा है। हर किसी को अपना भविष्य भारत के टैलेंट के भरोसे नज़र आ रहा है। हर किसी को अपना उज्ज्वल भविष्य भारत के उज्ज्वल भविष्य के साथ जुड़ा हुआ दिखाई देता है और इसलिए आज दुनिया भारत के विकसित भारत की बात समझ रही है। हम विकसित भारत की बात क्यों कर रहे हैं, जिनके दिमाग में यह बात नहीं पड़ती है - दुनिया को समझ आ रहा है कि भारत ने सही दिशा पकड़ ली है। अब चर्चा वहां हो रही है कि चलो, कहीं हम बस न चूक जाएं। कल तक चर्चा होती थी - India missed the bus. अब दुनिया को ऐसा लगता है कि हम कहीं late न हो जाएं। वहां भारत के साथ जुड़ने की प्रतिस्पर्धा चल रही है।

आदरणीय सभापति जी, आने वाला समय भारत के लिए अवसरों से भरा हुआ है। भारत के नौजवानों के लिए अवसरों से भरा हुआ है। भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए मैं पूरी संभावनाएं रेखांकित कर सकता हूं, देख सकता हूं और उस दिशा में नीतियां बनाकर हम आगे चल रहे हैं। मैं चाहता हूं और मैं आज इस सदन से देशवासियों से कहना चाहूंगा और मैंने 'मन की बात' में भी इसका उल्लेख किया था। मैं यहां पर सभी माननीय सासंदों से भी कहूंगा कि आप भी अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को बताइए कि जब दुनिया भर में इतने अवसर पैदा हुए हैं, उसको स्थायित्व तब मिलता है, जब हम उत्तम प्रकार की चीज़ों को लेकर जाएं। हम क्वालिटी के साथ compromise न करें। मुनाफा कम क्यों न हो, लेकिन क्वालिटी को हम निरंतर उत्तम करते जाएंगे। इनोवेशन करनी पड़ेगी, करेंगे, रिसर्च करनी पड़ेगी, करेंगे, प्रोडक्ट्स में मैटीरियल बदलना पड़ेगा, बदलेंगे, लेकिन हम दुनिया में क्वालिटी की दृष्टि में उत्तम से उत्तम हों, तब जाकर राजनीति की दृष्टि से जो निर्णय होते हैं, उनका बेनिफिट लेने के लिए हमें पीछे नहीं रहना चाहिए। मेरे देशवासियों से आज मैं यही आग्रह करूंगा कि आप क्वालिटी के विषय में मेरा साथ दीजिए, क्वालिटी में compromise नहीं करेंगे, तो आप देखेंगे कि दुनिया सिर्फ 'मेड इन इंडिया', 'मेड इन भारत' का गीत गाने लग जाएगी।

सभापति महोदय, आज मैं कांग्रेस के मित्रों का भी आभार व्यक्त करता हूं। उनको पता था, पहले प्रयोग कर चुके थे। पिछले दस साल में मुझे पांच-छह बार इस प्रकार से बोलने से रोका गया, क्योंकि उनको मालूम था कि एक बार शुरू होता हूं, तो रुकता नहीं हूं। मैंने एक बार कहा था कि एक अकेला, तो वे अनुभव से सीख गए हैं कि अब इसमें कोई दाल गलने वाली नहीं है और समझदारी से काम लिया। ऐसी समझ उनको निरंतर मिलती रहे, मैं यह भी प्रार्थना करता रहूंगा।

आदरणीय सभापति जी, मैं राष्ट्रपति जी के उद्बोधन में योगदान देने वाले सभी सांसदों का भी आभार व्यक्त करता हूं। जो भी उत्तम विचार यहां प्राप्त हुए हैं, वे देश की प्रगति में जरूर काम

आएंगे, ऐसा मैं विश्वास देता हूं। आदरणीय राष्ट्रपति जी का इस संबोधन के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करते हुए मेरी वाणी को विराम देता हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: I shall now put the Amendments which have been moved to vote. Amendments (Nos. 5 and 68 to 74) by Dr. John Brittas. The hon. Member is not present. I shall now put the Amendments (Nos. 5 and 68 to 74) to vote.

*The Amendments (Nos.* 5 and 68 to 74*) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now take up the Amendments (Nos. 25 to 31) moved by Prof. Manoj Kumar Jha. The hon. Member is not present. I shall now put the Amendments (Nos. 25 to 31) to vote.

*The Amendments (Nos.* 25 to 31*) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now take up the Amendments (Nos. 32 to 34) moved by Shri Tiruchi Siva. The hon. Member is not present. I shall now put the Amendments (Nos. 32 to 34) to vote.

*The Amendments (Nos.* 32 to 34*) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now take up the Amendments (Nos. 44 to 48) moved by Shri Pramod Tiwari. The hon. Member is not present. I shall now put the Amendments (Nos. 44 to 48) to vote.

*The Amendments (Nos.* 44 to 48*) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now take up the Amendments (Nos. 49 to 57) moved by Shri A.D. Singh. The hon. Member is not present. I shall now put the Amendments (Nos. 49 to 57) to vote.

*The Amendments (Nos.* 49 to 57*) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now take up the Amendments (Nos.58 to 67) moved by Shrimati Jebi Mather Hisham. The hon. Member is not present. I shall now put the Amendments (Nos.58 to 67) to vote.

*The Amendments (Nos.58 to 67) were negatived.*

Contents Page

MR. CHAIRMAN: I shall now take up the Amendments (Nos.75 to 82) moved by Dr. Kanimozhi NVN Somu. The hon. Member is not present. I shall now put the Amendments (Nos.75 to 82) to vote.

*The Amendments (Nos.75 to 82) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now take up the Amendments (Nos.83 to 90) moved by Shri Digvijaya Singh. The hon. Member is not present. I shall now put the Amendments (Nos.83 to 90) to vote.

*The Amendments (Nos.83 to 90) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now take up the Amendments (Nos.91 to 100) moved by Shri Rajinder Gupta. The hon. Member is not present. I shall now put the Amendments (Nos.91 to 100) to vote.

*The Amendments (Nos.91 to 100) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now take up the Amendments (Nos.101 to 107) moved by Shri P.P. Suneer. The hon. Member is not present. I shall now put the Amendments (Nos.101 to 107) to vote.

*The Amendments (Nos.101 to 107) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now take up the Amendments (Nos.108 to 113) moved by Shri Akhilesh Prasad Singh. The hon. Member is not present. I shall now put the Amendments (Nos.108 to 113) to vote.

*The Amendments (Nos.108 to 113) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now take up the Amendments (Nos.114 to 120) moved by Shrimati Ranjeet Ranjan. The hon. Member is not present. I shall now put the Amendments (Nos.114 to 120) to vote.

*The Amendments (Nos.114 to 120) were negatived.*

MR. CHAIRMAN: I shall now put the Motion to vote.

The question is:

"That an Address be presented to the President in the following terms:—

'That the Members of the Rajya Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which she has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on January 28, 2026.'

*The motion was adopted.*

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet at 11 a.m. on Friday, the 6th February, 2026.

*The House then adjourned at forty-three minutes past six of the clock till eleven of the clock on Friday, the 6th February, 2026.*

Contents Page

PUBLISHED UNDER RULE 260 OF RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN THE COUNCIL OF STATES (RAJYA SABHA)